सुप्रभात
रांची, गुरुवार
25.07.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित   सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net सावन, कृष्ण पक्ष, तृतीया संवत् 2081   मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 16



12 भाग्यशाली होते हैं वे लोग जिन्हें काम मिलता है : अक्षय

# रांची में होटल ताज का होगा निर्माण

## पर्यटन विकास के साथ झारखंड को मिलेगी वैश्विक पहचान : हेमंत सोरेन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में होटल ताज का निर्माण होगा। रांची के स्मार्ट सिटी में ताज ग्रुप के इस होटल का निर्माण कराया जायेगा। सीएम हेमंत सोरेन और टाटा स्टील के सीइओ और मैनेजिंग डायरेक्टर टीवी नरेन्द्रन की मौजूदगी में बुधवार को राज्य सरकार ने इसके लिए टाटा ग्रुप के साथ एक एमओयू साइन किया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में एक ऐसी व्यवस्था खड़ा करना चाहते हैं, जहां सभी की भागीदारी से झारखंड को एक नयी पहचान दे सकें। ताज होटल के लिए नगर एवं आवास विभाग तथा द टाटा इंटरप्राइजेज की अनुषंगी इकाई द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड के बीच एमओयू हस्ताक्षर हुआ।

(शेष 11 पर)



### लंबे समय से प्रयासरत थे

सीएम ने कहा कि इसके लिये लंबे समय से प्रयास जारी था, जो अब साकार हो रहा है। आज का दिन काफी ऐतिहासिक और सुखद अनुभव देने वाला है। इस सुखद अनुभव में और भी इजाफा उस वक्त होगा जब ताज होटल राज्यवासियों को समर्पित किया जायेगा। ताज होटल के स्थापित होने से पर्यटन विकास को बढ़ावा मिलेगा। इससे झारखंड को वैश्विक पहचान मिलेगी। वह राज्य में विकास का नया आयाम देने को ले कर आंतरिक संसाधनों का बेहतर से बेहतर सदुपयोग और यहां की प्रतिभाओं को तराशने के लिए एक-एक कड़ी को जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

### विकास को गति देने का काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड खनिज संसाधनों के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। यहां खनिज के अलावे अन्य कई संसाधन हैं, जो इस राज्य को आगे ले जाने के लिए काफी है। उन्होंने कहा, शायद नीतियां ऐसी नहीं बनी, जो झारखंड में विकास को गति दे सके। इस बात का हमें शुरू से अफसोस रहा है। अब सरकार इससे आगे बढ़कर राज्य को नयी दिशा देने में पूरी ताकत के साथ लगी है। उत्साहवर्धक परिणाम देखने को भी मिल रहे हैं। उनकी सरकार युवाओं का पलायन रोकने में लगी है। अगर राज्य में रोजगार नीतियों को बेहतर तरीके से बनाकर अमल में लाया जाये, तो पलायन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हमारी सरकार अपने ही राज्य में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिये प्रतिबद्ध है। मेरा मानना है कि दूसरों की अगर अच्छी चीज हमारी व्यवस्था के लिये बेहतर होगी तो उसे जरूर ग्रहण करना चाहिए। मौके पर मंत्री हफीजुल हसन, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, सीएम के अपर मुख्य सचिव अबिनाश कुमार,नगर विकास सचिव अरवा राजकमल, टाटा के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सीएम ने किया बिलियन इंप्रेशंस का उद्घाटन



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने भगवान बिरसा मुंडा स्मृति पार्क रांची में निर्मित 16 टन वजनी और 12.5 फीट ऊंची बिलियन इंप्रेशंस का विधिवत उद्घाटन किया। यह इम्प्रेशन ऑफ थंब की सुंदर आकृति है। इसको बिलियन इंप्रेशन नाम दिया गया है। यह एक अंगूठे के निशान है। पहले भी अंगूठे का महत्व होता था और अब भी अंगूठे का काफी महत्वपूर्ण है। इसे टाटा समूह ने बनाया है। सीएम ने कहा कि और साथ में ये दो निशान एकता का भी प्रतीक है। यह रांची वासियों और झारखंड वासियों के लिए एक खूबसूरत स्ट्रक्चर है, जिसे देखकर लोग काफी इम्प्रेस होंगे। इस पार्क की खूबसूरती यह आकृति और बढ़ायेगी। वही टाटा समूह के सीइओ टीवी नरेंद्रन ने कहा कि हम लोगों ने बिलियन इंप्रेशंस मुंबई, भुवनेश्वर में और टाटा में लगाया है। हम लोग चाहते थे कि रांची में भी एकबिलियन इंप्रेशंस लगायें। इस मौके पर मंत्री हफीजुल हसन, मंत्री दीपक बिरुआ, सीएम के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अरवा राजकमल, सीईओ-सह-प्रबंध निदेशक टाटा स्टील टीवी नरेन्द्रन सहित राज्य सरकार एवं टाटा स्टील के अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### अग्निवीरों को अर्द्धसैनिक बलों में आरक्षण की घोषणा

**नयी दिल्ली।** अग्निवीरों को अर्धसैनिक बलों (बीएसएफ और सीआइएसएफ) में होने वाली भर्तियों में 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जायेगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी है। पीएम मोदी के नेतृत्व और अमित शाह के मार्गदर्शन में लिए गए इस फैसले से फोर्स और मजबूत होगी। बीएसएफ महानिदेश के मुताबिक, अग्निवीरों को आयु सीमा में भी छूट दी जायेगी। बीएसएफ महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने कहा, बीएसएफ की भर्तियों में 10 फीसदी पद पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित हैं।

### काठमांडू में बड़ा विमान हादसा 18 की मौत

**नयी दिल्ली।** नेपाल की राजधानी काठमांडू के त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट में विमान हादसे में 18 यात्रियों की मौत हो गयी। टेकऑफ के दौरान सौर्य एयरलाइंस का टायर फिसल जाने से यह हादसा हुआ। विमान में चालक समेत 19 यात्री सवार थे।

### गंझू के समर्थकों पर एनआइए का छापा

**रांची।** एनआइए ने टेरर फंडिंग मामले में 15 लाख के ईनामी नक्सली कमांडर रविंद्र गंझू के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। रविंद्र गंझू को समर्थन देने वाले और उसकी काली कमाई का निवेश करने वाले लोगों के ठिकानों पर एनआईए बुधवार की सुबह से छापेमारी शुरू की।

### लोबिन और जेपी पटेल पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम और भाजपा विधायक जेपी पटेल के दलबदल मामले की सुनवाई स्पीकर रवींद्रनाथ महतो के न्यायाधिकरण में बुधवार को पूरी हो गयी। स्पीकर ने लगातार दो दिन दोनों पक्षों को सुना और सुनवाई के दूसरे दिन बुधवार को दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा गया। स्पीकर ने दोनों विधायकों के मामले में वादी और प्रतिवादी को गुरुवार दोपहर 12 बजे तक लिखित जवाब मांगा है।

### विस्फोटक मामले में एनआइए ने दबोचा

**रांची।** एनआइए ने भाकपा माओवादी स्पेशल एरिया कमेटी मेंबर उदय जी उर्फ राजेश कुमार सिन्हा को गिरफ्तार कर लिया है। बिहार में हथियार एवं विस्फोटक सामग्री जब्ती मामले में गिरफ्तारी की गयी है।

### नक्सलियों की बंदी को ले कर अलर्ट जारी

**रांची।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी ने गुरुवार को झारखंड और बिहार बंद के ऐलान के मददेनजर झारखंड पुलिस अलर्ट है। नक्सली संगठन 25 लाख रुपये की इनामी नक्सली जया हेम्ब्रम उर्फ जय दी की गिरफ्तारी का कर रहे विरोध कर रहे हैं।

### संसद में विपक्ष ने कहा बजट जनविरोधी, राज्यसभा से वाकआउट

## विपक्ष का सदन के बाहर प्रदर्शन

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** विपक्ष ने बजट को जनविरोधी और भेदभावपूर्ण बताते हुए बुधवार को संसद भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन भी किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत इंडी ब्लॉक के सांसदों ने केंद्रीय बजट में विपक्ष शासित राज्यों के साथ कथित भेदभाव को लेकर बुधवार को संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी भाग लिया। वहीं राज्यसभा में केंद्रीय बजट 2024-25 में सभी राज्यों के लिए प्रावधान नहीं करने का आरोप लगाते हुए विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन किया। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय बजट के खिलाफ विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की।

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने बजट को बताया अन्याय

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, यह अन्याय है। 'हम इसका विरोध करेंगे'। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, यह बजट भारत सरकार के बजट जैसा नहीं लगता। इस बजट में संघीय ढांचे को तोड़ा गया है। यह सरकारी बजट नहीं बल्कि 'सरकार बचाओ बजट' है। यह सिर्फ सबको खुश करने के लिए है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, समर्थन मूल्य किसान को ना देकर गठबंधन के साथियों को दे रहे हैं। यूपी ने दिल्ली वालों को नाराज कर दिया और इसका परिणाम बजट में दिखा। उन्होंने कहास बाढ़ अगर बिहार की रोकनी है तो नेपाल और यूपी की बाढ़ रोके बिना आप बिहार की बाढ़ कैसे रोकेंगे। प्रदर्शनकारी विपक्षी सांसद मोदी पर तानाशाही का आरोप लगा रहे थे। बजट में जनता की भावनाओं का ध्यान नहीं रख कर चंद पूंजीपतियों के हितों को साधने का काम हुआ है।

### सबका ख्याल : सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विपक्ष के आरोपों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि बजट भाषण में सभी राज्यों का नाम लेना संभव नहीं है। उन्होंने महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के लिए केंद्रीय बजट में किए गए प्रावधानों का उल्लेख किया और कहा कि सभी राज्यों के लिए आवश्यक और नियमित प्रावधान किये गये हैं।

### मंत्रियों और अफसरों को मोबाईल व रिचार्ज में वृद्धि समेत 30 प्रस्ताव मंजूर

## मेडिकल कॉलेज में संविदा पर शिक्षकों की होगी नियुक्ति

**कैबिनेट की बैठक**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 30 अहम प्रस्ताव पास किये गये। इनमें सरकारी मेडिकल कॉलेज में संविदा के आधार पर नियुक्ति नियमावली की स्वीकृति दी गयी। इनकी नियुक्ति दो वर्ष सेवा या अधिकतम उम्र 70 वर्ष तक की जा सकेगी। प्राध्यापक को 2.50 लाख रुपये, सह प्राध्यापक को दो लाख व सहायक प्राध्यापक को 1.5 लाख रुपये दिये जायेंगे। वहीं, मंत्रियों और वरीय अधिकारियों मोबाइल सेट और हर महीने रिचार्ज के पैसे मिलेंगे। बैठक में झारखंड मुख्यमंत्री बहन बेटी स्वावलंबन योजना का नाम बदलकर झारखंड मुख्यमंत्री मइयां योजना करने का फैसला लिया गया है। स्टीफन मरांडी को राज्य बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। (शेष 11 पर)

### फोन और रिचार्ज सुविधा मिलेगी

मंत्रियों और सचिवालय के वरीय अधिकारियों से लेकर जिला स्तर पर काम कर रहे सभी राजपत्रित कर्मियों को फोन व रिचार्ज की सुविधा में बढ़ोतरी की। मंत्रियों व अधिकारियों को 60 हजार रुपये तक का फोन व मंथली रिचार्ज 3000 रुपये तक दी जायेगी। मोबाइल फोन का जीवनकाल चार वर्षो तक रखा गया है। वहीं, विशेष सचिव सतर के अधिकारी 45000 रुपये तक का फोन खरीद सकेंगे व उनकी रिचार्ज के लिए प्रतिमाह 2000 रुपये दिया जायेगा। अपर सचिव व इससे न्यून पदाधिकारियों को 40000 रुपये तक फोन व 1500 रुपये मासिक रिचार्ज, इसके अलावा उप सचिव व इसके नीचे के अधिकारियों को 35000 व अवर सचिव से नीचे स्तर के अधिकारियों को 30000 रुपये फोन के लिए व क्रमशः 1000 रुपये व 750 रुपये मंथली रिचार्ज अमाउंट दिया जायेगा।

### मिलेगा महंगाई भत्ता

बैठक में राज्य कर्मियों का विभिन्न भत्तों में बढ़ोतरी की की मंजूरी भी दी गयी। एक्स श्रेणी के अफसरों को 27 % की बजाय अब 30%, वाई में 18 फीसदी के बजाय 20% और जेड श्रेणी में 10 % देने की स्वीकृति दी गयी। इसके अलावा परिवहन भत्ता, गेस्ट हाउस भत्ता होटल भत्ता इत्यादि में भी इजाफा किया गया। झारखंड कारा सेवा और सुधार विधेयक 2024 की स्वीकृति दी गयी।

## हाइकोर्ट ने फांसी की सजा उम्रकैद में बदली

### कहा- यह रेयरेस्ट ऑफ द रेयर मैटर नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कोडरमा में वर्ष 2018 में ऑनर किलिंग से संबंधित एक मामले में फांसी की सजायफ्ता किसुन साव एवं अन्य की क्रिमिनल अपील एवं फांसी की सजा को कंफर्म करने को लेकर राज्य सरकार की अपील की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार की अपील को खारिज करते हुए कोडरमा की निचली अदालत द्वारा दी गयी सुनाए फांसी की सजा को उम्रकैद में बदल दिया। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि यह मामला रेयरेस्ट ऑफ रेयर के श्रेणी में नहीं आता है ।दरअसल, कोडरमा की निचली अदालत ने मृतका के माता-पिता दुलारी देवी एवं किसुन साव सहित मृतका के चाचा-चाची सीताराम साव एवं पार्वती देवी को 25 मार्च 2021 को फांसी की सजा सुनायी थी। किसुन साव एवं दुलारी देवी की बेटी अपने ही गांव निवसी दूसरी जाति के एक युवक प्रदीप शर्मा के साथ मार्च 2018 को राजस्थान भाग गयी थी। वहां उन्होंने शादी कर ली थी। बाद में वे गांव लौट आये थे। मामला पंचायत तक पहुंचा था और सुलह करने की कोशिश होने वाली थी। इसी बीच लड़की ने सुसाइड कर लिया था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग अपनी बच्ची की लाश को आनन फनान में जला रहे हैं।

### रजहरा कोलियरी का मामला संसद में उठा

**रांची।** सांसद विष्णु दयाल राम ने बुधवार को लोकसभा में रजहरा कोलियरी का मुद्दा उठाया। उन्होंने पलायन एवं रोजगार के अभाव के निवारण के लिए प्रश्न काल के दौरान कोयला मंत्रालय से कोयले की गुणवता, रजहरा कोलियरी में उत्खनन प्रारम्भ करने एवं विस्थापितों को नौकरी देने से संबंधित प्रश्न पूछा। केंद्रीय कोयला मंत्री किशन रेड्डी ने उनके सवालों का जवाब दिया। सांसद ने कहा कि कोलियरी चालू करने की औपचारिकता पूरी हो गयी है, पर अनावश्यक विलंब हो रहा है।

### मॉनसून सत्र को लेकर स्पीकर ने की उच्चस्तरीय बैठक

## सभी तैयारियां व्यवस्थित करने का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र को लेकर स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने बुधवार को तमाम विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। इस मानसून सत्र में कुल 06 कार्यदिवस निर्धारित है। निर्धारित समय से 03 दिन पूर्व, जिन विधेयकों को सभा पटल पर रखा जाना है, अथवा किसी प्रकार का विधेयक में संषोधन होना है, उसकी प्रतियां सभा सचिवालय को उपलब्ध कराने का विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिये गये। बाद में स्पीकर ने प्रेस सलाहकार समिति के साथ बैठक की और सत्र के दौरान विधायी कार्यो का जनसरोकार के निमित प्रकाशन एवं प्रसारण में सहयोग की अपेक्षा की।



### मेरी नजर में सभी विधायक श्रेष्ठ : स्पीकर

मानसून सत्र की तैयारियों के दौरान मीडिया से बात करते हुए स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने माना कि सदन में उपाध्यक्ष का पद होना चाहिए। उन्होंने कहा, अब तक की कार्यवाही के दौरान विपक्ष का रवैया और भूमिका सकारात्मक रही है। सभी विधायक अपने क्षेत्र के मसले को उठाना चाहते हैं। इस दौरान असहमति भी सामने आती है। उन्होंने कहा कि उनकी नजर में सभी विधायक श्रेष्ठ हैं। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट पर उन्होंने कहा यह बैलेंस नहीं है। उन्होंने कहा कि बिहार से अलग होकर बने झारखंड की अनदेखी हुई है।

मानसून सत्र को ध्यान में रखते हुए स्पीकर ने मुख्य सचिव एल खियांग्ते सहित अन्य विभागों के वरीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में पूर्व से लंबित प्रश्न, ध्यानाकर्षण, निवेदन, शून्यकाल, सरकारी आश्वासन के उत्तर उपलब्ध कराये जाने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। स्पीकर ने कहा कि अब-तक शून्यकाल के कुल 1346 उत्तर अप्राप्त है। विभागों के वरीय पदाधिकारी इसे गंभीरता से लें। अपने-अपने स्तर से इसके निश्पादन की उचित कार्रवाई करें। इसी प्रकार आश्वासन समिति के 363 आश्वासन एवं निवेदन समिति के 750 निवेदनों के उत्तर भी अप्राप्त है। इन सारे प्रश्नों के उत्तर का निपटारा भी शीघ्र करें। सत्र के दौरान पदाधिकारी दीर्घा में वरीय पदााधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करायें। उन्होंने गृह विभाग को भी सत्र के दौरान सर्तकता बरतते सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था सुन्श्चित करने को कहा। चिकित्सकों की व्यवस्था के अलावे एम्बुलेंस की भी सुविधा उपलब्ध का निर्देश दिया।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 67600 | रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 95000 | रु./प्रति किलो |






# राज्य के शिक्षकों को ग्रेड 4 से ग्रेड 7 में मिलनेवाली प्रोन्नति पर अंतिम आदेश तक हाई कोर्ट की रोक

**प्रारंभिक शिक्षकों की प्रोन्नति से संबंधित दो रीट याचिकाओं पर हुई सुनवाई**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रारंभिक शिक्षकों के प्रोन्नति से संबंधित दो रीट याचिकाओं की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में न्यायाधीश दीपक रोशन के कोर्ट में हुई। पहली याचिका ग्रेड 4 से ग्रेड 7 में प्रोन्नति के लिए सभी शिक्षकों के लिए टेट की अनिवार्यता सुनिश्चित करने को लेकर था। इसमें याचिकाकर्ताओं का कहना है कि एनसीटीई द्वारा जारी आवश्यक अहर्ता संबंधित अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि अधिसूचना से पूर्व कार्यरत शिक्षकों को अपने पद पर बने रहने के लिए टेट की आवश्यकता नहीं है। परंतु एक पद से दूसरे पद में प्रोन्नति के लिए टेट की आवश्यकता है। कोर्ट ने इसपर सुनवाई करते हुए इससे संबंधित प्रोन्नति प्रक्रिया पर अंतिम आदेश तक रोक लगा दिया है।

दूसरी याचिका याचिका दुमका, पश्चिम सिंहभूम और हजारीबाग के शिक्षकों द्वारा दायर किया गया था और जिसमें विभागीय मार्गदर्शन पत्र 866 में सुझाए मार्गदर्शन के आधार पर ग्रेड 7 देने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है और सीधी नियुक्ति से नियुक्त एवं साढ़े आठ वर्ष से अधिक समय से वास्तविक रूप से कार्यरत ग्रेड-4 शिक्षकों को वर्तमान प्रभावी 1993 प्रोन्नति नियमावली के आधार पर प्रोन्नति के लिए विचार नहीं करते हुए उन्हें वरीयता सूची में स्थान नहीं दिया जा रहा है। इसके विरुद्ध यह याचिका दायर की गई थी। कोर्ट ने इसपर फैसला देते हुए अंतिम आदेश आने तक ग्रेड 7 प्रोन्नति पर रोक लगा दी।

उक्त मुद्दे पर बात करते हुए झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू कोर्ट के आदेश का स्वागत करते हुए कहा कि ग्रेड 4 की प्रोन्नति पद प्रोन्नति है। इसमें निश्चित रूप से सभी के लिए टेट अनिवार्य योग्यता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संघ का मानना है कि किसी भी कैडर में प्रोन्नति के लिए निर्धारित मानक सभी शिक्षकों के लिए एक समान होने चाहिए।

ग्रेड 7 प्रोन्नति पर रोक संबंधी फैसले पर बात करते हुए प्रदेश महासचिव बलजीत कुमार सिंह ने कहा कि इसी प्रकार की रोक एक अन्य याचिका में भी लगी हुई है। मुलतः यह रोक मार्गदर्शन पत्र 866 के क्रियान्वयन और उसके जरिए हो रहे भेदभावपूर्ण व्यवहार पर है। उन्होंने कहा कि प्रोन्नति मिलनी चाहिए, परंतु यह समानता का व्यवहार के साथ और नियम सम्मत होना चाहिए।

# पार्टी दल बदल मामले में जेपी पटेल और लोबिन हेम्ब्रम को लेकर फैसला सुरक्षित

**फैसला जल्द**

खबर मन्त्र ब्यूरो





**रांची।** दल बदल मामले में विधायक जेपी पटेल और लोबिन हेम्ब्रम मामले में स्पीकर न्यायाधिकरण ने सुनवाई पूरी करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया है। बुधवार को दोनों पक्षों की ओर से बहस हुई। न्यायाधिकरण ने लिखित बहस की कॉपी 25 जुलाई को दोपहर 12 बजे तक पेश किये जाने का आदेश दिया। न्यायाधिकरण के इस निर्णय के बाद जल्द ही दोनों मामलों में फैसला सुनाये जाने की संभावना है। इन सबके बीच बुधवार को पूर्व निर्धारित समय के अनुसार स्पीकर न्यायाधिकरण में दोपहर 12.30 बजे से केस की सुनवाई शुरू हुई। सबसे पहले विधायक जेपी पटेल के मामले में सुनवाई हुई। कोर्ट के समक्ष भाजपा की ओर से अधिवक्ता विनोद कुमार साहू ने प्रतिवादी की दलील को खारिज कर कहा कि जिस तरह से कांग्रेस में शामिल होकर हजारीबाग क्षेत्र से जेपी पटेल ने लोकसभा चुनाव लड़ा वह सार्वजनिक है। चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में है। ऐसे में साक्ष्य मांगे जाना और उसके बाद जवाब दाखिल करने के लिये समय की मांग न्यायाधिकरण से किया जाना, कोर्ट का समय बर्बाद करने जैसा है। यह मामला विधानसभा के 10वीं अनुसूची के तहत दल बदल के दायरे में आता है।

वहीं झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम पर लगे दल-बदल के आरोप के मामले में स्पीकर न्यायाधिकरण ने सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया है। बुधवार को स्पीकर न्यायाधिकरण में हुई सुनवाई के दौरान लोबिन हेम्ब्रम की ओर से अधिवक्ता अनुज कुमार ने कहा कि जिस तरह से आरोप लगाये गये हैं। कहीं ना कहीं झामुमो के संविधान के खिलाफ है। उन्होंने पार्टी संविधान की धारा 19, 7 का हवाला देते हुये कहा कि अध्यक्ष के द्वारा की गई निष्कासन पर पार्टी की बैठक में 4 महीने के अंदर मंजूरी प्रदान किया जाना आवश्यक है। यह दल बदल का नहीं बल्कि पार्टी का अंदरूनी मामला है। जेएमएम की ओर से पक्ष रखते हुये अधिवक्ता अंकितेश कुमार झा ने कहा कि लोबिन हेम्ब्रम को पार्टी ने नोटिस भेजकर जवाब मांगा था लेकिन उनके द्वारा जवाब नहीं दिया गया। उन्होंने पार्टी लाइन से हटकर लोकसभा चुनाव लड़ने का काम किया है। ऐसे में लोबिन हेम्ब्रम की सदस्यता खत्म की जाये।

**इस बार 8 साल का समय मांगने पर हाई कोर्ट ने जतायी कड़ी नाराजगी, कहा**

# राज्य सरकार कनहर बराज नहीं बनाना चाहती तो इस परियोजना को बंद कर दे

**पलामू और गढ़वा में सिंचाई के लिए प्रस्तावित कनहर परियोजना को पूरा करने के लिए वर्ष 2010 में भी राज्य सरकार ने मांगा था 5 साल**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पलामू एवं गढ़वा में सिंचाई के लिए प्रस्तावित कनहर बराज परियोजना को पूरा करने में 8 साल मांगे जाने पर हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि प्रतीत होता है कि राज्य सरकार कनहर बराज प्रोजेक्ट को आगे नहीं बढ़ाना चाहती है। अगर ऐसा है तो राज्य सरकार इस प्रोजेक्ट को बंद कर दे। वर्ष 2010 में भी राज्य सरकार की ओर से इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए 5 साल का समय मांगा था। अब वर्ष 2024 में भी 8 साल का समय मांगा जा रहा है ऐसा क्यों है? क्या वर्ष 2010 में दूसरी सरकार थी अब कोई दूसरी सरकार है जो इस प्रोजेक्ट पर ध्यान नहीं दे रही है? वहीं सरकार की ओर से बताया गया कि कनहर बराज के लिए जमीन अधिग्रहण, वन भूमि का क्लीयरेंस, इस प्रोजेक्ट के लिए केंद्र सरकार से मिलने वाली राशि लेने में कई वर्ष लग जाएगा। कोर्ट ने कहा कि यह प्रोजेक्ट गढ़वा एवं पलामू जिले के लोगों को पानी मुहैया कराने के लिए है यहां सुखाड़ जैसी स्थिति प्रतिवर्ष रहती है। सरकार को प्राथमिकता देते हुए ऐसे इलाकों में सिंचाई एवं पीने का पानी की व्यवस्था की जानी चाहिए थी।

**पिछली सुनवाई में मुख्य सचिव, जल संसाधन सचिव, वन सचिव और वित्त सचिव हुए थे हाजिर :**



पिछली सुनवाई में इस मामले में कोर्ट के आदेश पर मुख्य सचिव, जल संसाधन सचिव, वन सचिव और वित्त सचिव हाजिर हुए थे। कोर्ट ने उनसे मौखिक कहा था कि वर्ष 2020 में राज्य सरकार ने 5 साल में इस परियोजना को पूरी होने का टाइमलाइन दिया था, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ा है। कोर्ट ने मुख्य सचिव को कनहर बराज परियोजना पूरा करने को लेकर टाइम फ्रेम प्रस्तुत करने को कहा था। बता दें कि गढ़वा, पलामू के लोगों को पानी उपलब्ध करने के लिए कनहर बराज बनवाने का आग्रह करते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है।

## सिख दंगा पीड़ितों पर सुनवाई 28 अगस्त को

**रांची।** सिख दंगा पीड़ितों को मुआवजा देने के मामले में जवाब दाखिल करने के लिए अदालत ने सरकार के आग्रह को स्वीकार करते हुए सुनवाई 28 अगस्त को निर्धारित की है। पूर्व में राज्य सरकार की ओर से सुनवाई के दौरान बताया गया था कि इस मामले में जो वन मैन कमिश्नर बनाया गया था, उसकी जांच रिपोर्ट के आधार पर चिन्हित किए गए 41 प्रभावितों में से 39 पीड़ितों को मुआवजे की राशि दे दी गयी है। मामले में दर्ज 650 केस में 550 केस में चार्जशीट दाखिल कर दी गयी है। बोकारो जिले के 23 केस के दस्तावेज नहीं मिल रहे हैं। प्रार्थी के अधिवक्ता ने कहा कि कई पीड़ितों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है।

## सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी



**रांची।** रांची में 11 अप्रैल 2023 को सचिवालय मार्च मामले में सांसद निशिकांत दुबे की ओर से धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने संबंधी याचिका पर अब 31 जुलाई को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। कोर्ट ने प्रार्थी निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक अगली सुनवाई 31 जुलाई तक जारी रखी है। दरअसल, झारखंड बीजेपी के कार्यक्रम के तहत सचिवालय की ओर मार्च कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ झड़प हो गई थी। मामले को लेकर धुर्वा थाना में कांड संख्या 107/2023 दर्ज किया गया था।

# मासस ने भाकपा माले में विलय का दिया प्रस्ताव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** वामपंथी विचारधारा वाली मार्क्सवादी समन्वय समिति यानी मासस राजनीतिक इतिहास से पन्नों में समा जाएगी। मासस ने भाकपा माले में विलय का प्रस्ताव दिया है। इस पर दोनों पार्टियों के केंद्रीय कमेटियों के प्रतिनिधिमंडल की वार्ता हुई। विलय की प्रक्रिया पर अंतिम फैसला मासस की केंद्रीय कमेटी और भाकपा माले की पोलित ब्यूरो की बैठक में लिया जाएगा। मासस और भाकपा माले के विलय के प्रस्ताव पर चर्चा के बाद दोनों संगठनों की ओर से संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया है। मासस के महासचिव हलधर महतो और भाकपा माले के पोलित ब्यूरो सदस्य मनोज भक्त की ओर से बताया गया है कि कॉर्पोरेट लूट, अति विकेंद्रीकरण और देश की बहुरंगी सांस्कृतिक-सामाजिक मूल्यों के खिलाफ संघी हमलों से देश जूझ रहा है। ऐसे में मासस का भाकपा माले के साथ विलय फासीवाद विरोधी आंदोलन को नई ताकत देगा। संयुक्त वक्तव्य में बताया गया कि दोनों दल एक ही दौर में उभरे हैं।

कॉमरेड एके राय के नेतृत्व में मासस ने कोलियरियों के राष्ट्रीयकरण के लिए मजदूरों का नेतृत्व किया था। मजदूर आंदोलन और झारखंड आंदोलन को एक मंच पर लाया। वहीं भाकपा माले के प्रथम महासचिव कॉमरेड चारु मजूमदार ने 'जनता का स्वार्थ ही पार्टी का स्वार्थ है' को आगे बढ़ाया। विनोद मिश्र ने बिहार और वर्तमान झारखंड के मजदूरों, खेतिहर किसानों, दलित और आदिवासियों के संघर्षों को तेज किया। विलय के प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, मासस के अरुप चटर्जी समेत कई नेता मौजूद थे। झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले मासस के भाकपा माले में विलय की कवायद को काफी अहम माना जा रहा है। दरअसल, धनबाद के निरसा में मासस का अच्छा खासा प्रभाव रहा है। अरुप चटर्जी यहां से चुनाव जीत चुके हैं। दोनों वामपंथी दलों के एक होने पर इनकी ताकत और मजबूत होगी।

## निर्वाचन आयोग से बदलते डेमोग्राफी की सघन जांच की मांग



**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में बुधवार को नयी दिल्ली में भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य आयुक्त राजीव कुमार से मिला। मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने झारखंड में बदलते डेमोग्राफी के विषय में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, इस विषय पर आयोग को सघन जांच कराने का आग्रह किया। मौके पर मीडिया से बात करते बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में संथाल परगना के कई जिलों सहित कई अन्य जिले में डेमोग्राफी बदल गई है। यह एक गंभीर समस्या है। हाल के दिनों में जिस तरह से राज्य में बांग्लादेश घुसपैठ की घटनायें बढ़ी है। इसे यदि जल्द ही नहीं रोका गया तो बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है। प्रतिनिधिमंडल में सांसद प्रदीप वर्मा, आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, विधायक अनंत ओझा, अमित मंडल थे।

**खबर एक नजर में**

## मेजर जेनरल मिले सीएम हेमंत सोरेन से



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को झारखंड मंत्रालय में मेजर जेनरल परमवीर सिंह डागर (जीओसी) 23 इन्फेंट्री डिवीजन, दीपाटोली ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री को उन्होंने आगामी 28 जुलाई 2024 से जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जमशेदपुर में आयोजित हो रहे डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ओपनिंग सेरेमनी में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होने के लिये सादर आमंत्रित किया।

## द्वितीय पाली की प्रशिक्षित सहायक आचार्य परीक्षा स्थगित

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने अपरिहार्य कारणों से झारखंड प्राथमिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2023 स्थगित कर दी है। आयोग ने इससे संबंधित नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 अंतर्गत स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8) पद के लिए 24 जुलाई को द्वितीय पाली में निर्धारित परीक्षा अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गयी है। आयोग ने जारी आदेश में कहा है कि परीक्षा के आयोजन की नयी तिथि से संबंधित सूचना आयोग के वेबसाइट पर यथाशीघ्र प्रकाशित की जायेगी।

## रिम्स के विश्राम सदन में ठहरने लगे मरीज के परिजन, रोज 100 रुपये है प्रति बेड किराया




**रांची।** राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईसेंस ( रिम्स) अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिये पहुंचते हैं। मरीजों को इलाज के लिए साथ लाने वाले परिजनों को यहां रहने की परेशानी होती थी। इसलिए सरकारी पहल पर रिम्स के पास ही पावरग्रिड विश्राम सदन का उद्घाटन किया गया। यह जी प्लस 4 है। अभी पहले तल से शुरूआत की गई है। एक कर्मचारी ने बताया कि भर्ती मरीज के परिजन पावरग्रिड विश्राम सदन में रहना चाहते हैं, तो इसके लिये मरीज के ओपीडी के पेपर और परिजन के आधार कार्ड की कॉपी देना अनिवार्य है। इस तरह एक दिन के लिए एक बेड 100 रुपये शुल्क के हिसाब से दिया जाता है। सिक्युरिटी मनी के रूप में 500 रुपए लिये जाते हैं। परिजन जब बेड खाली कर जाते हैं, तो सिक्युरिटी मनी वापस कर दी जाती है। 21 जुलाई से यह पावरग्रिड विश्राम सदन शुरू हुआ है। इस समय यहां 15 लोग रह रहे हैं। लोगों की संख्या बढ़ने पर ऊपर के फ्लोर भी शुरू कर दिये जायेंगे।

# प्रमंडलीय आयुक्त ने पांच जिलों के मतदाताओं का ब्योरा मांगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्रगति का प्रमंडलीय आयुक्त ने रिपोर्ट मांगी है। आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने प्रमंडल के रांची, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा और खूंटी के उप निर्वाचन पदाधिकारियों से मतदाताओं की जानकारी मांगी है।

**इन मतदाताओं की संख्या बतानी होगी**

- पुरुष और महिला
- दिव्यांग मतदाता
- 80 वर्ष से अधिक के मतदाता
- इसके अलावा थर्ड जेंडर, सेक्स वर्कर सहित कुल मतदाताओं की संख्या भी बताने को कहा गया है।

**निबंधन के लिए चलेगा अभियान :**

आयुक्त ने पदाधिकारियों से कहा कि 27 और 28 जुलाई और तीन-चार अगस्त को विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान दूर-दराज के इलाके के लोगों के पास जाकर निबंधन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।



**कब किसका होगा निबंधन**

- 30 जुलाई को सभी रैनबसेरों और आश्रय गृहों में रहने वालों का निबंधन करने का निर्देश दिया है।
- 31 जुलाई को दिव्यांगों का निबंधन और मतदाता सूची में मार्किंग की जाएगी।
- 01 अगस्त को 85 साल से अधिक उम्र वाले मतदाताओं का निबंधन होगा।
- 02 अगस्त को सभी थर्ड जेंडर, सेक्स वर्कर का निबंधन किया जाएगा।

## जनता की हितैषी बनने का राज्य सरकार कर रही ढोंग : दीपक

**रांची।** राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने हेमन्त सोरेन सरकार के द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत नगर निवेशक के पद पर 60 प्रतिशत बाहरी लोगों की नियुक्ति किये जाने पर कटाक्ष किया है। उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि वर्तमान हेमन्त सोरेन सरकार की कथनी और करनी में अंतर को साफ साफ देखा जा सकता है। एक तरफ हेमन्त सोरेन की सरकार राज्य की जनता को 1932 आधारित स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति लागू करने की बात कह कर झांसा देती है लेकिन, जब नियुक्ति देने की बारी आती है तो हेमन्त सरकार बाहरियों को प्राथमिकता देती हुई नजर आती है।

उन्होंने कहा कि हेमन्त सोरेन की सरकार सरकारी तथा गैर सरकारी कंपनियों में राज्य के 75 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को नौकरी देने की बात करती रही है। लेकिन, इस भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी सरकार की दोहरा चरित्र देखिये कि इन्होंने नगर विकास तथा आवास विभाग के अंतर्गत नगर निवेशक के पद के लिये 28 रिक्तियां निकाली थी। इन 28 रिक्तियों में से 17 अभ्यर्थी झारखंड़ से बाहर के हैं, जिनका चयन किया गया है।

## स्थानीयता व नियोजन नीति के नाम पर बनी सरकार बाहरियों को दे रही नौकरी : राजेन्द्र

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड की झामुमो सरकार ने स्थानीयता व नियोजन नीति के नाम पर वोट लिया था, लेकिन सरकार झारखंडियों को धोखा दे रही है। यह बातें मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने प्रेस बयान जारी कर कही। उन्होंने कहा कि झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के साथ महागठबंधन ने विश्वास दिलाया कि खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति बनाकर झारखंड के युवाओं को नौकरी दी जाएगी और झारखंड के लोगों को संरक्षण प्रदान किया जाएगा लेकिन आज हालात यह है कि सरकार न नियोजन नीति बना पायी और न ही स्थानीय नीति बना पायी। बिना स्थानीय एवं नियोजन नीति के बाहरियों को नौकरी देकर सरकार अपना पीठ थपथपा रही है। यह झारखंड वासियों के साथ सरासर धोखा है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड में जो भी नियुक्तियां की जा रही है, उसमें पूरे भारत के लोगों के लिए सरकार ने दरवाजा खोल रखा है और खुलेआम बहरियों की बहाली कर रही है। इसका उदाहरण नगर विकास एवं आवास विभाग में सहायक नगर निदेशक के पद पर नियुक्ति है, जिसमें 28 पदों पर 17 बाहरियों की बहाली हुई है।

**कांग्रेस विधायक दल की बैठक में विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने पर हुई चर्चा**

# भाजपा को मुद्दे बनाने का नहीं देना है मौका : मीर

**राजनीतिक रण का यह अंतिम क्षण है, कार्यकर्ताओं की मजबूती और जनता के सहयोग से हमें यह रण जीतना है : राजेश ठाकुर**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुधवार को सर्किट हाउस में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर थे।

बैठक में विधायकों ने अपनी बातों को रखा तथा सरकार के कार्यों एवं बीते लोकसभा चुनाव के संदर्भ में चर्चा की और आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव में सिर्फ अपने क्षेत्र में ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्र में भी इंडिया के उम्मीदवारों को मजबूती प्रदान करने पर बल दिया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि दो दिनों बाद विधानसभा का सत्र प्रारंभ होने वाला है, विपक्ष के पास मुद्दे नहीं है वह मुद्दे बनाना चाहती है, उन्हें मौका नहीं देना है। उन्होंने विधायकों को निर्देश देते हुए कहा कि आपको सिर्फ अपने क्षेत्र तक ध्यान नहीं देना है बल्कि अपने क्षेत्र के अंदर आने वाले जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र को साधना है ताकि सरकार के जन कार्य और कार्यक्रम जनता तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि झारखंड में विपक्ष के हौसले पस्त हैं, रही सही कसर केंद्रीय बजट में झारखंड की उपेक्षा ने कर दिया है। हमें जरूरत है जनता को उनके साथ हुए अन्याय के बारे में बताने की। झारखंड की जनता के साथ केंद्र सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है। यहां की जनता को उनके हक से वंचित कर रही है और उनका हमदर्द होने का ढोंग करती है।

वहीं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि जब 2019 में कांग्रेस चुनाव लड़ी थी तो हमने जनता से जो वादे किए थे उन्हें पूरा किया है, इस बात को हमें जनता तक पहुंचना है। झारखंड के पिछड़े, आदिवासी, दलित, महिला सहित सभी वर्गों की लड़ाई को हमने अंजाम तक पहुंचाने की कोशिश की है, चाहे सरना धर्मकोड का मामला हो, पिछड़ों के आरक्षण, किसानों के ऋण माफी, गरीबों के आवास, छात्रों को शैक्षणिक सबलता प्रदान करना, महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार का सृजन, हमने सभी क्षेत्रों में सफलतापूर्वक काम किया है। उन्होंने कहा कि हमें जरूरत है जनता के बीच अपने किए कार्यों को पहुंचाने की।

केंद्र सरकार और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा लगातार सरकार को और अस्थिर करने, कोविड महामारी के बीच भी संघर्षों के साथ हमने आपके सहयोग से लक्ष्य हासिल किया है। राजनीतिक रण का अंतिम क्षण है और आपकी मजबूती और जनता के सहयोग से हमें यह रण जीतना है। बैठक में मुख्य रूप से डॉ रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, दीपिका पांडे सिंह, डॉ इरफान अंसारी, प्रदीप यादव, शिल्पी नेहा तिर्की, नमन विक्सल कोनगाड़ी, भूषण बाड़ा, राजेश कच्छप, सोनाराम सिंकू,अनूप सिंह, रामचंद्र सिंह, जयप्रकाश भाई पटेल, उमाशंकर यादव अकेला थे।

## जमीन घोटाला के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद दलाल रिम्स कर्मी अफसर अली उर्फ अफ्सू खान को अदालत ने जमानत देने से इनकार कर दिया है। उसकी ओर से दाखिल जमानत अर्जी को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने बुधवार को खारिज कर दी है। अदालत ने 12 जुलाई को अर्जी पर सुनवाई पूरी होने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। अफसर अली ने जमानत की गुहार लगाते हुये 13 मई को याचिका दाखिल की थी। मालूम हो कि उक्त मामले में ईडी ने अफसर अली को 17 अप्रैल 2024 को रिमांड पर लिया है। तब से वह न्यायिक हिरासत में है। ईडी ने पहली बार सेना के कब्जेवाली जमीन घोटाला मामले में 14 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद अन्य जमीन घोटाले में भी रिमांड किया गया है।

स्पीड न्यूज

### खो-खो एसोसिएशन का एजीएम 28 को

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला खो खो एसोसिएशन के तदर्थ समिति के जिला सचिव विक्टर विजय समद ने आज बैठक का आयोजन कर वार्षिक आमसभा और जिला कार्यकारिणी समिति के चुनाव हेतु नई तिथि जारी करते हुए बताया कि आगामी 28 जुलाई 2024 दिन रविवार को पूर्वाह्न 12 बजे से जमशेदपुर के सिद्धगोड़ा स्थित बिरसा मुंडा टाउन हॉल परिसर में आयोजित किया जा रहा है। अधिक जानकारी के लिए पूर्वी सिंहभूम जिला खो खो एसोसिएशन के सदस्य समिति के सचिव विक्टर विजय समड के मोबाइल संख्या :9304110813 पर संपर्क करें।

### ईया फाउंडेशन ने मनायी पहली वर्षगांठ

**जमशेदपुर।** ईया फाउंडेशन, जमशेदपुर, जो सफाई कर्मचारियों, वंचित बच्चों और एलजीबीटीक्यू समुदाय के समर्थन में कार्यरत है, ने बिष्टुपुर क्लब हाउस में अपनी पहली वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई। मौके पर ईया फाउंडेशन ने एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसे समुदाय का भारी समर्थन मिला। कुल 120 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जो स्थानीय रक्त बैंकों और अस्पतालों के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान है।

### कैरम सेलेक्शन ट्रायल प्रतियोगिता आज से

**जमशेदपुर।** आरएमएस बालीचेला हाई स्कूल सोनारी, जमशेदपुर के मेजबानी में पहली बार सी आई एस सी ई जमशेदपुर जोन के विद्यालयों के दो दिवसीय क्षेत्रीय कैरम बोर्ड सलेक्शन ट्रायल प्रतियोगिता 2024 का शुभारंभ गुरुवार 25 जुलाई को स्कूल परिसर में शुरु होने जा रहा है। 25 जुलाई 2024 के पूर्वाहन 8 बजे से विद्यालय प्रांगण में प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा।

### विधायक मंगल ने किया कई इलाकों का दौरा

**जमशेदपुर।** बोड़ाम प्रखंड के चिमटी, कुमारी और पहाड़ी टोला की विद्युत संबंधित समस्याओं को लेकर ग्रामीण परेशान थे जिसकी जानकारी उन्होंने जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी को दी। विधायक ने संज्ञान में लेते हुए आज क्षेत्र का दौरा किया। विधायक के साथ विद्युत विभाग के अधिकारी भी गांव पहुंचे। विधायक ने ग्रामीणों के समक्ष अधिकारियों को उनकी समस्याओं से अवगत कराया और मौके पर ही विद्युत विभाग के एसडीओ को भी फोन लगाया और सभी समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया।

### आरकेएफएल के 55 कामगारों को मिला हक

**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित रामकृष्ण फोर्जिंग लिमिटेड कंपनी के प्लांट 5 में सिलिकॉन सेफ पैक प्राइवेट लिमिटेड के अन्तर्गत कार्यरत 55 ठेका कामगारों को श्रम अधीक्षक के हस्तक्षेप से उनका हक मिला है। सभी कामगारों द्वारा पिछले दिनों श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर से मिलकर अपने फूल फाइनल सेटलमेंट के लिए आवेदन दिया था। इस पर सोमवार को श्रम अधीक्षक ने त्रिपक्षीय वार्ता की।

### डीसी के निर्देश पर चला वाहन जांच अभियान

**जमशेदपुर।** उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार स्टेशन चौक, परसुडीह और जादूगोड़ा रोड में ओवर लोडिंग बसों, वैन के खिलाफ जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कागजातों की भी जांच की। जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय के नेतृत्व में जिला मोटर यान निरीक्षक सूरज हेंब्रम ने अभियान चलाया। इस अभियान में 14 वाहनों से जुर्माना वसूला गया। मोटर यान निरीक्षक ने दोपहर दो बजे से छह बजे तक चलाये इस अभियान में उन बसों, वैन को पकड़ा गया।

### जमशेदपुर की तर्ज पर सरायकेला में पैदल मार्च

**गम्हरिया।** सरायकेला-खरसावां जिले के आरक्षी अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत के 'प्रहरी' अभियान के तहत बुधवार को गम्हरिया थाना प्रभारी राजू के नेतृत्व थाना क्षेत्र के कई इलाकों में यह अभियान चला। इस दौरान उन्होंने गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक से बोलायडीह के पूंजीडूंगरी स्थित काली मन्दिर तक कई जगहों का भ्रमण कर स्थल का जायजा लिया।

# 25 को जिले में चलेगा नाम जांचो सोशल मीडिया अभियान

- दोपहर 12 बजे से अपराह्न 01 बजे तक चलेगा अभियान : डीसी
- मतदान केंद्र पर जाकर मतदाता करें सूची में नाम की जांच
- फोटो/ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर करें अपलोड और टैग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिले के मतदाताओं के लिए 25 जुलाई, गुरूवार को पूरे जिले में नाम जांचो अभियान चलाया जायेगा। यह एक घंटे तक दोपहर 12 से अपराह्न 01 बजे तक चलेगा।

बुधवार को जमशेदपुर स्थित पूर्वी सिंहभूम समाहरणालय सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने प्रेस वार्ता को संबोधित कर अभियान की जानकारी दी। उन्होंने जिला के प्रत्येक मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि अभियान में शामिल होते हुए सभी मतदाता अपना नाम मतदान केन्द्र जाकर प्रारूप प्रकाशित मतदाता सूची में अथवा वोटरहेल्प लाइन ऐप या मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखण्ड का वेबसाइट के माध्यम से जांच कर संतुष्ट हो लें कि आपक नाम संबंधित मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में दर्ज है।

इस दौरान मतदाता अपनी फोटो/सेल्फी लेकर हैशटैग नाम जांचों को लिखते हुए @सीइओझारखंड को टैग करें। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म



संवाददाता सम्मेलन में अभियान के बारे में जानकारी देते डीसी अनन्य मित्तल। साथ में डीडीसी मनीष कुमार।

(एक्स/यू ट्यूब/ इंस्ट्राग्राम/ फेसबुक) पर पोस्ट करें। जांच के क्रम में यदि मतदाता सूची नाम दर्ज नहीं है अथवा कोई अन्य त्रुटि है, तो नाम पंजीकरण करने अथवा सुधार आदि आवेदन समर्पित करें।

प्रेस वार्ता में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 का संचालन हो रहा है। इसी के तहत आगामी 25 जुलाई को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया जायेगा। सभी मतदान केंद्रों पर प्ररूप प्रकाशित मतदाता सूची की प्रति एवं प्रपत्र छह, सात व आठ के साथ बीएलओ उपस्थित रहेंगे। इस बाबत सभी बीएलओ को जरूरी दिशा-निर्देश दिया गया है। मतदान केंद्रों पर उक्त तिथि को बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) आम जनों को अभियान के संबंध में जानकारी देंगे। साथ ही मतदाता सूची में पंजीकरण आदि हेतु भरा हुआ प्रपत्र प्राप्त करेंगे।

**फोटोयुक्त मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम**

1. एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन- 25.07.2024 (गुरूवार) को
2. दावा एवं आपत्ति संबंधी आवेदन देने की अवधि- 25.07.2024 (गुरूवार) से 09.08.2024 (शुक्रवार) तक
3. विशेष अभियान दिवस- 27.07.2024 (शनिवार), 28.07.2024 (रविवार), 03.08.2024 (शनिवार), 04.08.2024 (रविवार)
4. समावेशी सप्ताह-
   - दिनांक 29.07.2024 (सोमवार) को पीवीटीजी एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले जनसमूह को मतदाता सूची में निबंधन हेतु विशेष अभियान दिवस।
   - दिनांक 30.07.2024 (मंगलवार) को जिलान्तर्गत सभी रैन बसेरों / आश्रय गृहों में आवासित पात्र नागरिकों तथा सभी पात्र होमलेस पीपुल्स का निबंधन हेतु विशेष अभियान दिवस।
   - दिनांक 31.07.2024 (बुधवार) को पात्र दिव्यांगजनों के निबंधन एवं मतदाता सूची में मार्केटिंग हेतु विशेष अभियान दिवस।
   - दिनांक 01.08.2024 (गुरूवार) को 85 + आयु वर्ग के निबंधन हेतु विशेष अभियान दिवस।
5. दिनांक 02.08.2024 (शुक्रवार) को सभी पात्र ट्रांसजेंडर /सेक्स वर्कर्स का निबंधन हेतु विशेष अभियान।
5. प्राप्त दावा एवं आपत्ति का निस्तार- 19.08.2024 (सोमवार) तक
6. मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन- 20.08.2024 (मंगलवार) को

**सूची में नाम नहीं तो ऐसे करें आवेदन :** सभी छुटे हुए एवं दिनांक 01.07.2024 की अर्हता तिथि को मतदाता बनने के योग्यताधारी नागरिक मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने हेतु प्रपत्र -6 में रंगीन फोटो, आयु तथा निवास प्रमाण पत्र के साथ आवेदन कर सकते हैं। साथ ही दिनांक 01.10.2024 की अर्हता तिथि के आलोक में योग्यताधारी नागरिक मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने हेतु प्रपत्र-6 में रंगीन फोटो एवं उक्त दस्तावेजों के साथ अग्रिम आवेदन कर सकते हैं।

## जादूगोड़ा : ग्राम प्रधान की रैयती भूमि पर हो रहा था सफेद पत्थर का अवैध खनन

# लगभग 300 एमटी अवैध क्वार्जाइट जब्त, जादूगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** खनिजों के अवैध खनन, परिवहन को लेकर जादूगोड़ा थाना अंतर्गत धोबनी गांव में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार डीएमओ ने छापेमारी की। धोबनी गांव के ग्राम प्रधान नसीब बेसरा की रैयती भूमि में क्वार्जाइट (सफेद पत्थर) खनिज का अवैध खनन पाया गया। पूछताछ में ग्राम प्रधान ने बताया कि उनकी निजी भूमि पर सफेद पत्थर (क्वार्जाइट) का अवैध खनन धालभूमगढ़ निवासी वरुण पॉल कर रहा है। जांच में पाया गया कि ग्राम प्रधान तथा वरुण पॉल खनिज का अवैध खनन कर रहे हैं। स्थल पर खनिज लगभग 300 टन का भंडारण भी पाया गया है जिसकी विधिवत जब्ती सूची तैयार कर जिम्मेनामा पर दिया गया है।

डीएमओ सतीश कुमार नायक ने बताया कि उक्त स्थल पर अवैध खनन का कार्य पाया गया जो सरकारी राजस्व का चोरी एवं राष्ट्रीय संपत्ति का क्षरण भी है। कोई भी व्यक्ति बिना खनन पट्टा अथवा अनुज्ञप्ति धारण किये खनिज का उत्खनन या परिवहन नहीं कर सकते हैं एवं ऐसा करना खान एवं खनिज विकास एवं विनियम 1957 की धारा 04 (1) एवं 04 (1)(अ) का स्पष्ट उल्लंघन है। उक्त को लेकर खनिज का अवैध उत्खनन एवं परिवहन में शामिल ग्राम प्रधान नसीब बेसरा तथा धालभूमगढ़ निवासी वरुण पॉल के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी जादूगोड़ा थाना में दर्ज कराई गयी है।



एक नजर में

### मारवाड़ी महिला मंच का राखी मेला का समापन



**जमशेदपुर।** मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर शाखा द्वारा तीन दिवसीय राखी मेला (प्रदर्शनी सह बिक्री) के दूसरे दिन मंगलवार को बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में जमशेदपुर प्रखंड बीडीओ सुधा वर्मा पहुंची और मेला का निरीक्षण किया। उन्होंने मारवाड़ी महिला मंच की प्रशंसा करते हुए मेले से ढेर सारी खरीदारी भी की। दूसरे दिन भी खरीददारी करने वालों की भीड़ रही। मेला के अंतिम दिन बुधवार को कई स्टॉल में काफी छूट देने की घोषणा आज की गयी। मेला बुधवार को भी रात 09 बजे तक खुला रहेगा। मेले में लगे 50 स्टाल में एक ही छत के नीचे राखी, गिफ्ट आइटम, बेड शीट, लड्डू गोपाल की पोशाक, बंधनवार, साड़ी, कुर्ती और गृह सज्जा के सामानों का भरपूर कलेक्शन मिल रहा है।

### मालिकाना हक को लेकर बस्तीवासियों ने शुरू किया अभियान



**जमशेदपुर।** विधान सभा चुनाव के पहले ही नीलडीह ग्वालाबस्ती के लोग बस्ती बचाओ संघर्ष सीमिति बनाकर अपने घर के मालिकाना हक हासिल करने के लिये सन्घर्ष का बिगुल फूंक दिया है। इसी अभियान के तहत ग्वालाबस्ती के प्रवेश द्वार तथा चौक चौराहे पर बैनर लगा दिया है। बैनर मे लिखा है, तमाम प्रत्याशियों से अपील की है कि हर घर को मालिकाना हक दिलाना सुनिश्चित करें। इसी अभियान के तहत नौजवानो ने अपने बस्ती के तीन सौ घरो पर पोस्टर चिपका दिया है। हमारे घर का मालिकाना हक देना होगा। घर- घर पोस्टर चिपकाओ अभियान के सफल बनाने के बाद बडा हनुमान मन्दिर के पास सभा हुयी जहा नारा लगा कि लडे है, जीते है, लडेगे जीतेगे। बस्तीवासियो ने भूइयाडीह के तीन बस्तियों के 160 घरो के उजाडे जाने का विरोध किया। इस अभियान में बस्ती के लगभग तीस व्यक्ति शामिल हुए। उक्त जानकारी बस्ती बचाओ संघर्ष समिति के सियाशरण शर्मा ने दी है।

### 55 तीर्थ यात्रियों का दल द्वारिका-सोमनाथ रवाना



**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के टूरिज्म डेवलपमेंट कॉपोरेशन लिमिटेड के तत्वाधान में पूर्वी सिंहभूम के 55 सदस्यीय हिन्दू धर्मावलंबियों (अटेंडर सहित) के जत्थे को द्वारिका सोमनाथ तीर्थ यात्रा हेतु पूर्वाहन 8:30 बजे समाहरणालय परिसर से रवाना किया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त श्री मनीष कुमार एवं जिला खेल पदाधिकारी श्री अविनेश त्रिपाठी ने तीर्थ यात्रियों के सुखद एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामना देते हुए हरी झंडी दिखाकर रांची स्थित हटिया रेलवे स्टेशन के लिए बस को रवाना किया। रांची से तीर्थ यात्रियों का दल रेल मार्ग द्वारा द्वारिका-सोमनाथ प्रस्थान करेगी। सात दिवसीय तीर्थ यात्रा 23 जुलाई से प्रारंभ होकर 30 जुलाई 2024 को समाप्त होगी। झारखंड सरकार के द्वारा आयोजित तीर्थ स्थल दर्शन हेतु ऐसे नागरिकों को शामिल किया गया है जो झारखंड के निवासी हैं, उनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है, वे बीपीएल श्रेणी के अंतर्गत आते हैं तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ हैं। इस तीर्थ यात्रा में तीर्थ यात्रियों के लिए झारखंड टूरिज्म डिपार्टमेंट कॉर्पोरेशन और जिला प्रशासन पूर्वी सिंहभूम की ओर से पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। जिला प्रशासन, पूर्वी सिंहभूम की ओर से तीर्थ यात्रियों के उचित देखभाल हेतु नोडल अधिकारी के रूप में अमरनाथ शर्मा, शारीरिक शिक्षक और उनके साथ सहायक के रूप में दो चतुर्थ वर्ग के कर्मी सुषमा देवी एवं बंदना देवी यात्रा के दौरान शामिल रहेंगे।

## गो तस्करी के खिलाफ विहिप ने चांडिल एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



एसडीओ शुभ्रा रानी को ज्ञापन सौंपते विहिप के पदधारी व अन्य।

- गोवंश को संबंधित थाना क्षेत्रों के रास्ते से बंगाल सीमा तक पहुंचाया जाता है

खबर मन्त्र ब्यूरो

**चांडिल।** गोवंश तस्करी को रोकने को लेकर विश्व हिंदू परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चौका, ईंचागढ़, नीमडीह, तिरुलडीह थाना क्षेत्र से होकर गोवंश की तस्करी की बात कही गयी है। ज्ञापन में कहा गया गोवंश को संबंधित थाना क्षेत्रों के रास्ते से बंगाल सीमा तक पहुंचाया जाता है। अनुमंडल पदाधिकारी सुभ्रा रानी से प्रतिनिधिमंडल ने गो तस्करी पर रोक लगाने की मांग किया है। मौके पर सुजीत साहु, मिथिलेश महतो, उमाकांत माहतो, नयन सिंह, राम पांडे, पूर्णचंद्र बाबाजी उपस्थित थे।

## जमशेदपुर एफसी के हेड कोच को मिला एआइएफएफ मेंस कोच ऑफ द ईयर अवार्ड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने जमशेदपुर एफसी के हेड कोच खालिद जमील को एआईएफएफ मेन्स कोच ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया है। यह सम्मान उनकी असाधारण कोचिंग क्षमता और जमशेदपुर एफसी के साथ उनके द्वारा हासिल की गई उल्लेखनीय उपलब्धियों का प्रमाण है। एएफसी प्रो लाइसेंस प्राप्त कोच, जमील ने 2020-21 सीजन के लिए एफपीएआई कोच ऑफ द ईयर का पुरस्कार भी जीता था। उन्होंने पिछले सीजन के बीच में जमशेदपुर एफसी के हेड कोच का पद संभाला था, उस समय जब क्लब ने 11 में से केवल 2 गेम जीते थे। उनकी नियुक्ति ने तुरंत सकारात्मक परिणाम लाए, क्लब ने 2024 कलिंगा सुपर कप के सेमीफाइनल में पहुंचकर तीनों लीग गेम जीते। जमील के मार्गदर्शन में, जमशेदपुर एफसी अपने पहले पांच इंडियन सुपर लीग मैचों में अजेय रही, जिसमें 3 जीत और 2 ड्रॉ सहित 11 अंक हासिल किए। इस प्रदर्शन के दम पर टीम आईएसएल 2023-24 सीजन के अंतिम गेम तक प्लेऑफ की दौड़ में बनी रही। खालिद जमील की रणनीतिक प्रतिभा, अपने खिलाड़ियों को प्रेरित करने की क्षमता और अटूट समर्पण जमशेदपुर एफसी के पुनरुत्थान में महत्वपूर्ण रहे हैं। एआईएफएफ मेन्स कोच ऑफ द ईयर अवार्ड उनके लगातर प्रयास करते रहने की सोच को प्रेरित करता है। खालिद जमील सफलता के लिए कोई अजनबी नहीं हैं। उन्होंने पहले आइजोल एफसी को ऐतिहासिक आई-लीग जीत दिलाकर सुर्खियाँ बटोरी थीं, एक ऐसी उपलब्धि जो तब हासिल की गई जब उनकी टीम को अंडरडॉग माना जाता था। यह जीत भारतीय फुटबॉल में सबसे यादगार बदलाव की कहानियों में से एक है। इसके अलावा, जमील को आईएसएल टीम को प्लेऑफ तक पहुंचाने वाले एकमात्र भारतीय कोच होने का गौरव प्राप्त है, जो उनकी कुशलता और नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है।



पत्रकारों को अवार्ड दिखाते खालिद जमील।

## पांच स्कूल सड़क पर ट्राफिक लोड कम करने को स्कूल टाइमिंग में बदलाव करने को सहमत

- टाटा स्टील यूआईएसएल के एमडी ने स्कूल प्रिंसिपलों के साथ की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** स्कूल के समय में यातायात की भीड़भाड़ की महत्वपूर्ण समस्या को ध्यान में रखते हुए, टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा ने जमशेदपुर के कई स्कूलों के प्रिंसिपलों के साथ बैठक की, जिसमें सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल, लोयोला स्कूल, जेएच तारापोर स्कूल, डीबीएमएस स्कूल और बेल्डीह चर्च स्कूल शामिल हैं। बैठक का उद्देश्य रोज हो रहे सड़को पर भीड़भाड़ जैसी समस्या का समाधान करना था और इसमें टाटा स्टील यूआईएसएल की वरिष्ठ नेतृत्व टीम और टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के प्रमुख की भागीदारी शामिल थी।



स्कूल प्रिंसिपल्स के साथ बैठक के पश्चात उनके साथ ग्रुफ फोटो खिंचवाते हुए एमडी और उनकी टीम।

## डीसी की अध्यक्षता में हुई बाल संरक्षण इकाई की समीक्षा बैठक

- जिले में बालिका गृह एवं वर्किंग वीमेन हॉस्टल निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाने का दिया निर्देश
- संप्रेक्षण गृह, बाल गृह, विशेष दत्तक ग्रहण संस्थान, ओल्ड एज होम में सुविधाओं की समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार में जिला बाल संरक्षण ईकाई की समीक्षा बैठक जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले में किशोर न्याय अधिनियम एवं नियमावली तथा समाज कल्याण विभाग के जिला बाल संरक्षण इकाई के अंतर्गत संचालित विभिन्न संस्थानों की गतिविधियों, कार्यक्रमों तथा योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। जिले में संचालित संप्रेक्षण गृह, बाल गृह, विशेष दत्तक ग्रहण संस्थान, ओल्ड एज होम में रह रहे बच्चों एवं बुजुर्गों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही जिले में बालिका गृह एवं वर्किंग वीमेन हॉस्टल के निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये।

# वित्तीय बजट 2024-25 का भाजपा जमशेदपुर महानगर ने किया स्वागत

## बजट में सभी वर्गों के समग्र विकास का संकल्प : सुधांशु ओझा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए मंगलवार को लगातार सातवां बजट पेश किया। उनके इस वित्तीय बजट का भाजपा ने स्वागत करते हुए इसे विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने और मध्यम वर्ग को सशक्त बनाने वाला बजट बताया।

भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले पूर्ण बजट में किए गए प्रावधानों का स्वागत किया है। उन्होंने वित्तीय बजट को सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी और विकासोन्मुखी बताते हुए कहा कि बजट में गांव, गरीब, किसान, महिला, नौजवान, बुजुर्ग समेत समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास का संकल्प निहित है। कैंसर की दवाएं, इलेक्ट्रिक व्हीकल, कपड़े, मोबाइल एवं अन्य उपकरणों में सब्सीडी घटायी गयी है।



### गांव, गरीब, किसान, युवा महिलाओं के विकास का नया अध्याय लिखेगा बजट: प्रेम झा

वहीं, भाजपा जमशेदपुर महानगर प्रवक्ता प्रेम झा ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट गांव, गरीब, किसान, युवा महिलाओं के विकास का नया अध्याय लिखेगा। प्रेम झा ने कहा कि देश के टॉप 500 कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण देने एवं 5000 रुपये का मासिक भत्ता की घोषणा सराहनीय कदम है। यह योजना युवाओं को रोजगार के लिए खुदको तैयार करने में सहायक होगी। नए रोजगार और कौशल विकास पर 2 लाख करोड़ रुपए के प्रावधान के साथ केंद्र सरकार ने युवा प्रतिभाओं की पूरी चिंता की है।

### मध्यम वर्गीय लोगों को मिलेगी राहत : कन्हैया सिंह



**जमशेदपुर।** केंद्र द्वारा पारित बजट से राज्य का भी सहयोग मिलना जरूरी है। तभी बजट को खासे फायदे दिखेंगे, क्योंकि इससे मध्यम वर्गीय लोगों को राहत मिलेगी। मोदी जी के चहुंमुखी विकास के लिए जो स्वर्णिम योजना है, उसे धरातल पर उतारने में राज्य सरकार का भी सहयोग आवश्यक है, क्योंकि वित्त मंत्री की संगठित क्षेत्रों में पहली बार नौकरी की शुरुआत करने वालों को एक महीने का वेतन देने की घोषणा से पहली बार नौकरी पाने वाले को तोहफा मिलेगा।

### भारत का सर्वांगीण विकास करने वाला आम बजट : नीरज सिंह



भाजपा व्यावसायिक प्रकोष्ठ झारखंड के संयोजक नीरज सिंह ने आम बजट पर कहा कि संसद में वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी के द्वारा पेश किया गया बजट पुरे भारत के सम्पूर्ण विकास का बजट है। इस बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। पूर्वोदय योजना के तहत पूर्वोत्तर के सभी राज्यों के साथ झारखण्ड के लोगों को भी इसका सीधा फायदा मिलेगा।

### युवाओं और महिलाओं का ड्रीम बजट : दिनेश कुमार



आम बजट 2024 पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहा कि यह सभी वर्गों खासकर युवाओं और महिलाओं के लिए एक ड्रीम बजट है। इसमें बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और पूर्वोत्तर के लिए घोषणाएं पूर्वी भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देंगी। कौशल और रोजगार सृजन की घोषणाएं ऐतिहासिक हैं।

## स्पीड न्यूज

### रॉकी खुर्द से बाबा धाम के लिए 15 लोगों का जत्था देवघर रवाना



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के रॉकी खुर्द गांव से बाबा धाम के लिए 15 लोगों का जत्था बुधवार को निकला। जिसमें महिला एवं पुरुष कांवरिया शामिल थे। सभी कांवरिया तुंबगड़ा स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना के बाद रवाना हुए। भोला मेहता ने लोगों को रवाना किया। मौके पर श्री मेहता ने लोगों को यात्रा की शुभकामनाएं दी तथा यात्रा सुखद हो सभी कांवरिया आनंदपूर्वक बाबा भोलेनाथ के दर्शन के पश्चात सकुशल वापस आए यह कामना किया। मौके पर मुंदेशवर मेहता, चौकीदार रामलाल पासवान, अनुज मेहता, पंकज मेहता, श्रवण शर्मा, मिलन मेहता, नारद मेहता, बीगू पासवान, नवल पासवान, रानी देवी, चंपा देवी, गायत्री देवी शामिल थे।

### वाहन की चपेट में आने से बच्चा घायल



**हुसैनाबाद पलामू।** तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आने से हैदर नगर जपला मुख्य पथ स्थित भाई बिगहा के गुड्डू खान के पुत्र जिहान (6) गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल ग्रामीणों ने हैदरनगर पीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेदिनी राय मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया। पिक अप वाहन व चालक को ग्रामीणों ने पकड़ कर हैदरनगर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। घटना की सूचना पर स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बच्चे के पिता गुड्डू खान से दूरभाष पर बात कर घटना की जानकारी ली।

### सर्पदंश से चार घायल, तीन रेफर

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न थाना क्षेत्रों में बीती रात सर्पदंश से चार लोगों के पीड़ित होने का मामला प्रकाश में आया है। जिसके बाद घायल लोगो को प्राथमिक उपचार अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में कराया गया। प्रभावितों में ऋचा कुमारी (10), अंकुश सिंह (18) ग्राम बुलंदबीघा, सुमन कुमारी (17) ग्राम कंचनबांध और हैदरनगर थाना क्षेत्र के सबनावा निवासी कैफ अंसारी (12) है।

### सुदूरवर्ती क्षेत्र आज भी सुविधा से वंचित



**पाटन पलामू।** प्रखंड के नावा जयपुर, खजूरी, रोल, सहित कई गांव में युवा एकता मंच पलामू जिलाध्यक्ष सह भावी विधायक प्रत्याशी संदीप सरकार ने जनसंपर्क अभियान चला कर ग्रामीणों की समस्याएं जानी। ग्रामीणों ने उपस्वास्थ्य केंद्र नावा जयपुर एवं दिपौवा का काफी खराब स्थिति बतायी, जिसमें संदीप ने तुरंत एक ग्रामीण की इलाज करवाने उप स्वास्थ्य केंद्र नवा जयपुर पहुंच गये। वहां कोई डॉक्टर या एएनएम नहीं मिले। अस्पताल में सिर्फ एक ड्रेसर और दाई उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र आज भी सुविधा से वंचित हैं। मौके पर ओमप्रकाश विश्वकर्मा गणेश राम, संजय रवि, गुलशन सिंह आदि उपस्थित थे।

### आशीष ने किया फुटबॉल का वितरण



**सतबरवा पलामू।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा ने बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल का वितरण किया। कार्यक्रम की शुरुआत घुटूवा पंचायत के एकता गांव के खिलाड़ियों से की गयी। इस दौरान आशीष ने कहा कि विगत पांच वर्षों से प्रखंड क्षेत्र के गांवों में जाकर फुटबॉल का वितरण करते आ रहा हूं ताकि गांवों में छुपी प्रतिभा को निखारा जा सके। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, अजय उरांव, महेश यादव, मुंशी यादव, मनोज यादव, शंकर यादव मौजूद थे।

### जिप उपाध्यक्ष आलोक ने लगवाया ट्रांसफार्मर



**हुसैनाबाद पलामू।** पलामू जिप उपाध्यक्ष सह झामुमो नेता आलोक सिंह उर्फ टुटू की पहल पर 24 घंटे के अंदर हुसैनाबाद के जपला चौबे में 200 केवीए का नया ट्रांसफर लगाया गया। इससे लोगों में काफी खुशी है। लोगों ने बताया कि जर्जर व जले हुए ट्रांसफार्मर से लोग परेशान थे। निदान के लिए विभागीय पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से काफी अनुरोध किया, पर किसी ने हमारी बातों नहीं सुनी। जब ग्रामीण पलामू जिप उपाध्यक्ष आलोक से मिले। मौके पर राजा राम, नौशाद खान, औरंगजेब खान, राहुल रंजन उर्फ सोनू, मेराज खान, हाफिज, सुनील राम, प्रेम प्रकाश गुप्ता आदि थे।

### अनुमंडल गेट के समीप से बाइक चोरी



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के अनुमंडल गेट से अस्पताल जाने वाले रास्ता में दिनदहाड़े बुधवार को बाइक हीरो स्पलेंडर (जेएच 03 एएफ 2183) चोरी का मामला प्रकाश में आया है। घटना बगल के दुकान की सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गयी, लेकिन चोर मुंह में मास्क लगाये था, जिससे फुटेज में चेहरा साफ नहीं दिख रहा है। पीड़ित प्रमोद कांस्यकार ने हुसैनाबाद थाना में लिखित शिकायत कर खोजबीन की गुहार लगायी है।

### विधायक भानु पर झूठा मुकदमा कर आवाज दबाना चाहते हैं सीएम : सुरेंद्र



**मेदिनीनगर।** भाजपा जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि राज्य के सीएम हेमंत सोरेन भवनाथपुर विधायक भानू प्रताप शाही पर झूठा मुकदमा कर आवाज दबाना चाहते हैं, जो सरासर लोकतंत्र की हत्या है। अगर वे सोचते हैं कि झूठा मुकदमा के दम पर झारखंड के दलित शोषित पीड़ित वंचितों के आवाज भाजपा कार्यकर्ताओं को अगर वह दबा देना चाहते हैं वह नामुमकिन है।

# सांसद बीडी राम ने लोकसभा में उठाया राजहरा कोलियरी में उत्खनन शुरू करने का मामला

■ सभी विस्थापितों को नौकरी देने का मामला भी लाकसभा में उठाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम उर्फ बीडी राम ने लोकसभा में पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पलायन एवं रोजगार के अभाव के निवारण हेतु प्रश्न काल के दौरान कोयला मंत्रालय, भारत सरकार से कोयले की गुणवत्ता, रजहरा कोलियरी में उत्खनन प्रारंभ करने एवं विस्थापितों को नौकरी देने से संबंधित मामला उठाये। इसका जवाब केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी जी ने दिया। सांसद श्री राम ने कहा कि मंत्री के लिखित उत्तर से यह स्पष्ट है कि विभिन्न प्रकार की गुणवत्ता वाले कोयले की आपूर्ति अलग-अलग राज्यों को की जा रही है। आपके माध्यम से मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि जिस राज्य को जिस गुणवत्ता वाले कोयले की आवश्यकता है उस राज्य को उस गुणवत्ता वाले कोयले की आपूर्ति की जा रही है अथवा नहीं ? यदि नहीं की जा रही है तो किस मापदंड के आधार पर कोयले की आपूर्ति की जा रही है। सांसद ने कहा कि देश में आज भी कई खादाने बंद पड़ी हुयी है। इन बंद पड़ें कोयला खादानों में निकलने योग्य भंडार लगभग 380 मिलियन टन है जिसमें से 30-40 मिलियन टन आसानी से निकाला जा सकता है। ऐसी ही एक सीसीएल की खादान रजहरा मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू में है जिसे खोलने के लिए सारी प्रक्रियाएं पूरी की जा चुकी है और हर तरह की व्यवस्था भी की जा चुकी है केवल 20 विस्थापितों को नौकरी दी जानी है जिसपर अटर्नी जेनरल की सहमति भी प्राप्त हो चुकी है। परंतु अनावश्यक विलंब हो रहा है। सांसद ने मंत्री से आग्रह किया है कि वे बताने के कष्ट करें कि कब तक 20 विस्थापितों को नौकरी प्रदान कर दी जायेगी।

# नहर मरम्मत हो जाने से सीधे किसानों के खेतों तक पहुंचेगा पानी : डॉ मेहता

■ पांकी विधायक ने अपने निजी खर्च से चाको नहर मरम्मत का कार्य करवाया शुरू

■ बीते 2 वर्षों से बंद था चाको सिंचाई योजना, मरम्मत कार्य शुरू होने से किसानों में जगी आस

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड के लोहरसी पंचायत के ग्राम गिड़ी गांव में बिहार सरकार के सिंचाई विभाग द्वारा वर्ष 1960 में बनाए गए चाको सिंचाई योजना में नहर मरम्मत का कार्य पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता के द्वारा बुधवार को अपने निजी खर्च से शुरू किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 2 वर्षों से उक्त योजना के बंद हो जाने से चार पंचायत के दर्जनों से अधिक गांव सिंचाई से वंचित हो गये थे, मामले की जानकारी होने के बाद विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने अपने निजी खर्चे से तीन जेसीबी की मदद से नहर मरम्मत का कार्य प्रारंभ करवाया। साथ ही चाको बराज पहुंचकर स्थिति का जायजा लेते हुए ग्रामीणों से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार पांकी विधान सभा में विकास कार्यों को लेकर चिंतित नहीं है जिस कारण विधानसभा क्षेत्र में कोई भी बड़ी योजनाएं धरातल पर नहीं उतारी जा रही है। यदि विभाग एवं सरकार सचेत रहती तो किसानों को दो वर्षों से परेशानियों का सामना करना नहीं पड़ता है। लगभग 64 वर्ष पहले बराज का निर्माण कार्य करवाया गया है लेकिन मेंटेनेंस के अभाव में किसानों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां तहां नहर टूटे हुए हैं जिसकी मरम्मत कर तत्काल किसानों को पानी पहुंचाने की शुरुआत आज से की जा रही है।

### उपायुक्त ने विधानसभा तैयारी को लेकर की प्रेस वार्ता

# आज होगी नाम जांचो अभियान की विधिवत शुरुआत : शशि रंजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन ने प्रेस वार्ता में कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर गुरुवार को सभी मतदान केंद्र व एईआरओ, ईआरओ कार्यालय तथा जिला निर्वाचन कार्यालय में मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि गुरुवार को ही सोशल मीडिया अभियान नाम जांचों पलामू के 1796 मतदान केंद्रों पर दोपहर 12 बजे से एक बजे तक किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 25 जुलाई से नौ अगस्त तक दावा/ आपति प्रपत्रों को प्राप्त किया जायेगा। प्राप्त दावा, आपति प्रपत्रों के निष्पादन की अंतिम तिथि 19 अगस्त है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 20 अगस्त को किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ प्रारूप मतदाता सूची एवं प्रपत्र छह, सात, आठ के साथ उपलब्ध रहेंगे। मतदाताओं को उनका नाम जोड़ने में आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं होने अथवा मतदाता सूची में किसी प्रकार की सुधार की आवश्यकता होने पर नाम पंजीकरण के लिए प्रपत्र छह एवं सुधार आदि के लिए प्रपत्र आठ भरकर बीएलओ के पास जमा कर सकते हैं। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील किया है कि अपने-अपने बूथों पर जाकर मतदाता सूची में अपने नाम आदि का सत्यापन अनिवार्य रूप से कर लें, ताकि चुनाव में किसी तरह की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। उपायुक्त ने कहा कि 25 जुलाई को प्रकाशित होने वाले प्रारूप में पांकी, डालटनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर और हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 17,15083 मतदाता है। उन्होंने कहा कि पांकी विधान सभा में कुल 322821 मतदाता है।

# एसडीपीओ और संबंधित थाना प्रभारी हत्याकांड का उद्भेदन जल्द करें : एसपी

■ एसपी रीष्मा रमेसन ने की अपराध को लेकर समीक्षा बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



अपराध समीक्षा को लेकर आयोजित गोष्ठी में उपस्थित एसपी व अन्य।

**मेदिनीनगर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी रीष्मा रमेसन ने अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। अपराध गोष्ठी के दौरान बीते माह में घटित सभी महत्वपूर्ण अपराधों की समीक्षा की गयी । साथ में एसपी ने थानावार वारंट, कुर्की के निष्पादन के संबंध में की गयी कार्रवाई, कांडों में गिरफ्तारी एवं निष्पादन की कार्रवाई की समीक्षा की। पिछले माह में हत्या, लूट, बलात्कार, पोक्सो आदि के कांडों में गिरफ्तारी एवं उद्भेदन के संबंध में किये गये प्रयासों की गहन समीक्षा की गयी।

एसपी ने जिले के सभी एसडीपीओ व थाना प्रभारियों को हत्या के जिन कांडों का उद्भेदन अभी तक नहीं हो पाया है उसे जल्द उदभेदन करने का निर्देश दिया । उन्होंने सभी अंचल के पुलिस निरीक्षकों को यूडी कांड के निष्पादन की दिशा में कार्रवाई करने तथा वैसे कांड जो काफी पुराने हैं उसकी समीक्षा करने का निर्देश दिया। उन्होंने उग्रवादियों के विरुद्ध कार्रवाई के दृष्टिकोण से मनातू, नावा बाजार, छतरपुर नौडीहा, हरिहरगंज व नक्सल प्रभावित सभी थाना प्रभारी को विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। साथ ही, नक्सल बंदी के दौरान विशेष सतर्कता बरतने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश महतो, छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम, शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार समेत सभी थानों के थाना प्रभारी शामिल थे।

# हरिजन बिगहा में डायरिया का प्रकोप अनुमंडलीय अस्पताल में छह लोग भर्ती

■ गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को बचाव की दी जानकारी आवश्यक दवा भी उपलब्ध कराया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत हैदरनगर प्रखंड के हरिजन बिगहा में लगातार तीन दिनों से डायरिया का प्रकोप है। कुछ लोगों को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में ही ओआरएस व आवश्यक दावा दिया गया। वह ठीक हो गये, जबकि गुरुवार को हरिजन बिगहा समेत अन्य गांव के छह नए मरीजों को भर्ती किया गया है। जिसमें पनपती देवी, सरस्वती कुंवर, रागिनी कुमारी, अनिता देवी, सभी हरिजन बिगहा, गौहर बीवी, बल्दीहरी एवं आशिक प्रजापति, जपला धरहरा को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में भर्ती कराया गया है। सभी का इलाज चल रहा है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि सभी की स्थिति खतरे से बाहर है। उन्होंने बताया कि सभी क्षेत्रों के लिए डायरिया नियंत्रण को लेकर टीम का गठन पूर्व में ही किया गया है।

# जल सहियाओं की मांगें हैं जायज सरकार पहल करे : डॉ शशिभूषण

■ पांकी विस क्षेत्र की जल सहियाओं ने पांकी विधायक को सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड पांकी, लेस्लीगंज की जल सहिया बहनों ने फिर से मानदेय लागू कर बकाया मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि भुगतान करने के को लेकर प्रखंड नीलांबर पीतांबरपुर मौर्या फार्म हाउस में पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम जल सहियाओं ने कहा कि अप्रैल 2022 से सरकार ने एक हजार रूपये मासिक मानदेय भी देना बंद कर दिया है। कहा कि मार्च 20119 से 2022 तक का कुछ जलसहियाओं का मानदेय भुगतान किया गया और कुछ का मानदेय व प्रोत्साहन राशि अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। कहा कि 13 वर्षों से कार्य करते आ रहे हैं। मानदेय नहीं मिलने से परेशानी हो रही है। जल सहियाओं ने फिर से मानदेय लागू कराने, जल सहियाओं का मासिक मानदेय न्यूतम मजदूरी 18 हजार करने की मांग की।

### लिंक नहीं रहने से अध्यापकों का मानदेय रूका



**पाटन पलामू।** प्रखंड के 35 सहायक अध्यापकों का जून माह का मानदेय रेल प्रोजेक्ट लिंक नहीं भरने के कारण रोका गया जबकि सरकारी शिक्षकों का वेतन भुगतान जून का हो गया है। एक ही विभाग में काम करने वाले व्यक्तियों के साथ अधिकारी भेदभाव कर रहे हैं, जो बिल्कुल अन्याय है। एक ही विभाग में दो तरह का कानून चल रहा है।

### नपं के कार्यपालक पदाधिकारी ने संभाला पदभार



**हरिहरगंज पलामू।** नगर पंचायत के प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में मो फैजुर रहमान अंसारी ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। बीडीओ अरविंद बेदिया ने प्रभार सौंपा। मौके पर सीटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी, प्रधान सहायक सरयू बैगा, नाजीर प्रीतम प्रफुल्ल एक्का, सीएलटीसी संजय राणा, सामुदायिक संगठनकर्ता विचित्रा कुमारी आदि उपस्थित थे। उधर, राजद नेताओं का प्रतिनिधिमंडल ने नवपदस्थापित कार्यपालक अधिकारी को बुके देकर स्वागत किया है। स्वागत करने वालों में राजद छात्र जिलाध्यक्ष आनंद यदुवंशी, राजकुमार पासवान, रामप्रसाद भुइयां, दीपक कुमार, संजय मेहता, विनोद पासवान, सद्दाम अंसारी शामिल थे।

## डीएवी प्रबंधन खिलाड़ियों के रूप में गढ़ रहा है राष्ट्र नायक एवं राष्ट्र रत्नः आयुक्त

■ संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में एमके डीएवी डालटेनगंज विजेता, बीपी डीएवी गढ़वा की टीम रही उप विजेता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में चल रही डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स की संकुल स्तरीय प्रतियोगिता समाप्त हो गयी। इसके विजेता खिलाड़ी अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि बालकिशुन मुंडा आयुक्त पलामू थे।

विशिष्ट अतिथि संजीव श्रीवास्तव डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज डालटनगंज थे। मुख्य अतिथि आयुक्त बालकिशुन मुंडा ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए बताया कि ये खिलाड़ी ही वास्तव में हमारे देश के नायक एवं रत्न हैं। ये बच्चे कमाल का प्रदर्शन करते हैं। मेरी शुभकामना है कि ये बच्चे ओलंपिक तक जाये एवं देश के लिए मेडल जीतकर लायें।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के चतुर्थ जिला व सत्र न्यायाधीश व पोक्सो कोर्ट के स्पेशल जज अभिमन्यु कुमार की अदालत ने नाबालिक से दुष्कर्म के आरोपी राजू कुमार उर्फ राजू राम को भारतीय दंड विधान की धारा 376 (1) में दोषी पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। वहीं 20 हजार रुपए अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड की राशि नहीं देने पर चार माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं 363 भादवि में पांच वर्ष की सजा व 10 हजार अर्थदंड लगा है।

## अचानक गिरा विद्यालय परिसर में खड़ा वृक्ष, कई साइकिल क्षतिग्रस्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** सीता +2 उवि परिसर में हरा-भरा अमड़ा का पेड़ अचानक गिर गया। जिससे परिसर में खड़ी कई साइकिल क्षतिग्रस्त हो गयी। यह घटना बुधवार की है। शिक्षक डॉ ओरेंद्र यादव ने बताया कि पेड़ गिरने के वक्त विद्यार्थी अपने वर्ग कक्ष में थे। इस कारण किसी को शारीरिक नुकसान नहीं हुआ है।

वहीं पेड़ गिरने की आवाज सुन शिक्षक नागदेव यादव, ऋषिकेश कुमार, कपिल कुमार, कन्हैया प्रसाद सिंह, नीरज सिंह, अंजली कुमारी, सलमा लकड़ा, आलोक कुमार, कुमार संतोष सहित अन्य कर्मी क्षतिग्रस्त हुए साईकल को पेड़ के नीचे से निकाला। उधर, विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के हित में इस प्रकार के वृक्ष की कटाई करने का आदेश देने का आग्रह वन विभाग से की है।

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त



**पाटन पलामू।** पुलिस ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर बरवाडीह पंचायत के नानही झरिया घाट से जब्त कर थाना ले आयी है। पाटन थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि सरकार ने बालू का उठाव नदी के घाटों से बंद रखा है। लेकिन कुछ लोग आदेश को दरकिनार कर घाटों से अवैध बालू ढुलाई कर रहे हैं। जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस कार्रवाई कर रही है।

### बसपा नेता ने बजट को लोकलुभावन बताया



**हुसैनाबाद पलामू।** केंद्र सरकार द्वरा आम बजट पर बसपा नेता सह उतरी जिला परिषद सदस्य राजू मेहता ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे लोकलुभावन करार दिया है। उन्हें कहा कि केंद्र की मोदी सरकार को गरीब मजदूर व किसान ने तीसरा बार चुनाव जिताया ताकि निचले तबके व माध्यम वर्ग को खास ध्यान रखें। लेकिन केंद्र द्वरा आम बजट केवल पूंजीवाद को ध्यान में रख कर किया गया हैं, शिक्षा व स्वास्थ्य किसानों को इस बजट ने पुनः नाराज किया है।

# योग्य लाभुकों तक सभी योजनाओं को पहुंचाना प्राथमिकता : पुष्पा देवी

■ मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत मेगा कैंप का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




मेगा कैंप में शामिल विधायक व उपस्थित अन्य।

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड कार्यालय में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना मेगा कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी शामिल हुई। इस कार्यक्रम में एडिसनल कलेक्टर कुंदन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी, जिला कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, प्रमुख शोभा देवी, पाटन बीडीओ अमित कुमार झा, जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक तिवारी भी उपस्थित थे।

मौके पर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि क्षेत्र के योग्य लाभुको तक प्रत्येक योजना को पहुंचाना हमारी पहली प्राथमिकता है। इस बीच विधायक ने किसान लाभुको के बीच बीज वितरण का भी किया। कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत गरीब, बेरोजगारों व योग्य लाभुकों को रोजगार से भी जोड़ना है। इसका लाभ सभी को मिले इसके लिए प्रयासरत हैं।

कार्यक्रम में मुखिया जैनुअल सिद्दीकी, बीएफटी बृजेश कुमार पूर्व मुखिया विशेष पासवान, मंडल युवा अध्यक्ष अभिषेक सिंह, पाटन मंडल उपाध्यक्ष कामता सिंह, पाटन मंडल मंत्री आनंद सिंह, समाजसेवी बब्बल प्रसाद, नवलेश सिंह, प्रमोद सिंह, यमुना प्रसाद, अंजय सिंह, ओमप्रकाश पांडेय, राजू सिंह, राधेश्याम सिंह मेहता,अजीत मेहता और सैकड़ों लाभुक मौजूद थे।

# किसानों के सर्वांगीण विकास को वैज्ञानिक व समेकित कृषि प्रणाली अपनाने की जरूरत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कृषक गोष्ठी में शामिल पदाधिकारी व लाभुक किसान।

**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड के करकट्टा पंचायत में बुधवार को आत्मा पलामू ने कृषक गोष्ठी का आयोजन किया। इस गोष्ठी में व्याख्यान हेतु केवीके के फार्म मैनेजर दिलीप कुमार पांडेय व एफपीओ सीईओ रवि रंजन मुख्य रूप से उपस्थित थे।

गोष्ठी के माध्यम से किसानों के बीच श्री पांडे ने समेकित खेती एवं वैज्ञानिक खेती को अपनाने के लिए सुझाव दिये। साथ ही विभिन्न फसलों के प्रभेद चयन एवं उसका रख रखाव, बीजोपचार, रोग तथा उसका निवारण सहित कई विषयों पर गहनता से सुझाव दिया। साथ ही रवि रंजन जी ने खेतों में लगने वाले दीमक के प्रकोप से बचने हेतु डोलोमाइट का प्रयोग के बारे में विस्तृत रूप से बताया। मौके पर मौजूद किसान मधु देवी, नीलम देवी, रामगती चौधरी, शंकर मेहता इत्यादि ने भिंडी, धान एवं मक्का में लगने वाले रोग एवं उसके बचाव हेतु प्रश्न पूछे जिसमे केवीके के श्री पांडे ने इमिदाकलोरोपीड, फोरेट, बेवेस्टिन इत्यादि दवाएं उपयोग के बारे में विस्तृत बताया।

कार्यक्रम का संचालन सहायता तकनीकी प्रबंधक अनिल कुमार मेहता ने किया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि राजाराम मेहता सहित सैकड़ों किसान मौजूद थे।

# गोड्डा : विकास कार्यों को लेकर झामुमो कार्यकर्ताओं ने नगर विकास मंत्री से मिलकर ज्ञापन सौपा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** बुधवार को जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा समिति के केंद्रीय समिति सदस्य सह पूर्व जिला अध्यक्ष सह प्रवक्ता राजेश मंडल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राज्य की हेमंत सरकार के साथ साथ गोड्डा जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा समिति के कार्यकर्ता भी अपने अपने क्षेत्राधिकार में जनहित के लिए, जरूरी योजनाओं का सरकार के द्वारा विकास कार्य को अंजाम दिलाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उदाहरण के रूप में गोड्डा नगर झारखंड मुक्ति मोर्चा समिति के अध्यक्ष अजय कुमार देवा अपने टीम के साथ गोड्डा नगर परिषद के अंदर भ्रमण कर जरूरी योजनाओं का, नगरवासी से प्राप्त आवेदन के आधार पर कार्य करवाने के लिए तत्परता दिखा रहे हैं। पिछले दिनों 16 जुलाई 2024 को केंद्रीय समिति सदस्य राजेश मंडल के उपस्थिति में नगर विकास मंत्री हफीजुल अंसारी के रांची कचहरी चौक स्थित आवास में मिल कर गोड्डा नगर परिषद के सड़क, नाला, कब्रिस्तान घेराबंदी एवं मिली हाय मास्क लाइट लगाने के आठ योजनाओं का कार्य करने के लिए प्राप्त आवेदन को मंत्री तक अपनी अनुसंसा पत्र लगाकर पहुंचाते हुए अविलंब कार्य करवाने का प्रार्थना किया। आवेदन प्राप्ति तुरंत बाद ही मंत्री हफीजूल अंसारी ने अपने हस्ताक्षर युक्त निर्देश, गोड्डा कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद गोड्डा को देते हुवे कहा कि नगर वासी के द्वारा दिए आवेदन पत्र ने निहित सभी कार्यों का प्राक्लन तैयार कर अविलंब नगर विकास मंत्रालय को उपलब्ध कराएं ताकि प्रशासनिक स्वीकृति के साथ साथ सरकार के द्वारा आवंटन उपलब्ध कराया जा सके। मंत्री महोदय के द्वारा निर्देशित पत्र को कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद गोड्डा कृष्ण गोपाल को गोड्डा नगर झामुमो कमिटी के अध्यक्ष अजय कुमार देवा, नगर कोषाध्यक्ष सुमन कुमार, संगठन सचिव राजकुमार दास एवं मो. फिरदौस आलम ने समर्पित किया। कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा खुशी जाहिर करते हुए अविलंब कार्य कराने का वादा किया।

# दुमका : जिला समन्वय समिति की बैठक डीसी ने दिये कई निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक बुधवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने की। बैठक में भवन निर्माण विभाग, लघु सिंचाई विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता, पथ प्रमंडल, विद्युत विभाग, वन प्रमंडल, नगर परिषद्, नगर पंचायत, जेएसएलपीएस, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग समेत कई विभागों में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित कार्यों की समीक्षा किया गया। योजना के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं को भी लेपर चर्चा हुई। बैठक में डीसी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं का सफल क्रियान्वयन करने व आ रही बाधाओं को दूर करते हुए योजना का क्रियान्वयन एवं विकास के कार्यों को गति प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी विभागीय योजनाओं में प्रगति की समीक्षा करते हुए दिए गए लक्ष्यों के बारे में अब तक के कार्यों की जानकारी ली। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ सभी सुयोग्य लाभुकों तक अवश्य पहुंचे। बैठक में डीडीसी, निदेशक आईटीडीए, निदेशक डीआरडीए सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# बेरमो के इमरान ने मलेशिया में देश का नाम किया रोशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित यूनाइटेड नेशंस में आयोजित बेस्ट डिप्लोमैट सिमुलेशन यूनाइटेड नेशंस में झारखंड मुक्ति मोर्चा फुसरो नगर के उपाध्यक्ष बेरमो के करगली घुटियांटांड़ कालोनी निवासी इमरान खान ने शिरकत की। उन्होंने वहां जल संकट और वैश्विक शरणार्थी शिविरों में समाधान पर एक प्रभावशाली भाषण दिया। उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए ₹द हॉर्नबिलर₹ टीम का नेतृत्व किया। जिसमें उसके टीम को कई अवार्ड से सम्मानित किया गया। बेरमो लौटने के बाद करगली गेट स्थित झामुमो कार्यालय में फुसरो नगर समिति द्वारा इमरान खान का भव्य स्वागत और सम्मानित किया गया। पत्रकारों से बात करते हुए इमरान खान ने कहा कि इस कार्यक्रम में 90 देश के लोगों ने प्रतिनिधित्व किया था। उसमें चार लीडर को चुनना था। उसमें मैंने अपने स्ट्रेटजी आफ प्लैनिंग के तहत 20 देशों को अपने साथ मिलाकर एक ग्रुप बनाया। इसका टीम लीडर मैं था। एक तरह से कहा जाए कि 20 देश का नेतृत्व भारत ने किया था। उसमे हमलोगो को जल संकट और वैश्विक शरणार्थी शिविरों में समाधान का टॉपिक दिया गया। बताया कि पूरे विश्व के कई देशों में रिफ्यूजी कैंप लगे हैं। वहां पीने के पानी की काफी समस्याएं हैं। पहले ही दिन मैं इसके समाधान के लिए अपना स्पीच दिया था। बताएं कि इसमें कई तरह के टॉपिक और वोटिंग किया गया जिसमें हमारा टीम विजय रहा। इसमें नाइजीरिया, बेलारूस, सिंगापुर, यूएसए और कैमरून को अवार्ड मिला है। वहां बेस्ट लीडरशिप का अवार्ड मुझे दिया गया। उस समय वहा धोनी धोनी के नारे लग रहे थे। उन्होंने कहा कि आज जहां मैं पहुंचा हूं, मैं चाहता हूं कि बेरमो के बच्चे वहां तक पहुंचे। जब मैं राजनीति में आया तो देखा कि यहां फंड और संसाधन की कमी नहीं है, परंतु अधिकारी सही तरह से काम नहीं कर रहे हैं। मैं देखा था कि पूरे नगर में कचरा का अंबार लगा है सफाई नहीं हो रहा है। मैं रिसर्च किया और देखा कि पूरे विश्व में सबसे बड़ा मंच मे आवाज उठाया जाए। जब मुझे पता चला तो उसमें मैं आवेदन किया। यहा तक पहुंचने में नगर अध्यक्ष दीपक महतो, स्पोर्ट्स विंग युवा नेता भोलू खान सहित सभी पदाधिकारी का प्रोत्साहन रही है। मैंने प्रण लिया है कि सरकार का पूरा पैसा विकास योजना में खर्च हो और फुसरो सहित बोकारो जिला का विकास हो। इसके लिए मुझे जितना समय देना होगा मैं दूंगा। अगला पेपर मेरा 25 सितंबर को लंदन में है। मौके पर झामुमो नगर उपाध्यक्ष टीकू महतो, महताब खान, मोहसिन रजा, रोहित महतो, झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन बीएंडके क्षेत्र के अध्यक्ष किशोर कुमार, ढोरी क्षेत्र के उपाध्यक्ष राम अवतार सिंह, महिला मोर्चा के नगर अध्यक्ष सोनी देवी आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### वर्तमान बजट देश की समग्र आर्थिक समृद्धि में सहायक : अमरेंदु प्रकाश



बोकारो। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने बजट 2024 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि सरकार ने अंतरिम बजट की ही तरह बुनियादी ढांचे के लिए पूंजीगत व्यय को बरकरार रखा है जो बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए भारी वित्तीय सहयोग को सुनिश्चित करता है। शहरी आवास ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास और विभिन्न कॉरिडोर के विकास पर फोकस करने से डोमेस्टिक स्टील की खपत को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। सरकार की आवागमन को बेहतर बनाने और बुनियादी ढांचे को विकसित करने की प्रतिबद्धता न केवल इस्पात की खपत को बढ़ाएगी बल्कि एक बहुआयामी प्रभाव भी पैदा करेगी। इससे विभिन्न क्षेत्रों को लाभ होगा और देश की समग्र आर्थिक समृद्धि बेहतर होगी।

### गोमिया: पत्नी के वियोग में दी जान

बेरमो/गोमिया। आईइएल थाना क्षेत्र के कसवागड्डा निवासी बिलकंट पूर्ति के पुत्र अल्बर्ट पूर्ति 30 वर्ष बुधवार की अहले सुबह फंदे से लटककर जान दे दी। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रफुल्ल कुमार महतो ने बताया कि मृतक के परिजनों के अनुसार अल्बर्ट पुणे में काम करता था। एक सप्ताह पहले घर लौटा था। उसकी पत्नी लोकसभा चुनाव के समय घर से मायके धनबाद के लिए निकली थी जो रास्ते से ही लापता हो गई। उसकी खोजबीन उसी समय किया गया था, तो पता चला था कि वह गोमिया से धनबाद के लिए बस से निकली विष्णुगढ़ में उतर गई। इसके बाद उसका मोबाइल स्वीच ऑफ आने लगा।

### बीएसएल प्लस 2 ने सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता जीता

बोकारो। सेल फुटबॉल एकेडमी के कैडे्स से सुसज्जित बीएसएल प्लस 2 हाई स्कूल की टीम ने संत इगनेशियस हाई स्कूल गुमला की टीम को एक कड़े मुकाबले में टाई –ब्रेकर के माध्यम से 3–2 के अंतर से पराजित कर रांची में आयोजित राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2024 का फाइनल जीत लिया है। बीएसएल प्लस 2 के आयुष किस्कू को बेस्ट गोल कीपर और मैन ऑफ दी मैच भी घोषित किया गया।

# सीसीएल ढोरी क्षेत्र ने किया 11 लाख टन कोयला का उत्पादन

## सुरक्षित खदान, उत्पादन और मजदूर-अधिकारी ही सुरक्षा के मापदंड हैं : पीओ

**एसडीओसीएम 5.5 लाख टन, एएडीओसीएम 5.12 लाख टन और ढ़ोरी खास भूमिगत खदान से 29 हजार टन कोयले का उत्पादन हुआ**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में ढ़ोरी एरिया को सीसीएल मुख्यालय की ओर से 50.80 लाख टन कोयला उत्पादन लक्ष्य मिला हुआ है। एरिया का कोयला उत्पादन 23 जुलाई तक 11 लाख टन हुआ है। जिसमे एसडीओसीएम 5.5 लाख टन, एएडीओसीएम 5.12 लाख टन और ढ़ोरी खास भूमिगत खदान से 29 हजार टन कोयले का उत्पादन हुआ है। एसडीओसीएम पीओ शैलेश कुमार ने कहा कि सभी के सहयोग से ही खदान से कोयला निकासी किया जा रहा है। हमारे कामगार प्रकृति के विपरीत काम करके राष्ट्रहित में कोयला निकासी कर रहे हैं।

ऐसे में उन्हें सुविधा के साथ सुरक्षा उपलब्ध कराना प्रबंधन की जवाबदेही है। कोयला खदानों में कामगारों की सुरक्षा के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। कहा कि सुरक्षित खदान, सुरक्षित उत्पादन और सुरक्षित मजदूर -अधिकारी ही सुरक्षा के मापदंड हैं। यूंनियन के प्रतिनिधियों ने खदान की सुरक्षा को लेकर अहम सुझाव भी दिए। कहा कि प्रबंधन सिर्फ कोयला उत्पादन पर ध्यान केंद्रित नहीं करें। सुरक्षा मानकों का भी पूर्ण रूप से पालन होना चाहिए। खदानों के आउटसोर्सिंग और डिपार्टमेंटल पैच में पर्याप्त मात्रा में लाइटिंग की व्यवस्था, खदानों के हाल रोड नियमानुसार और आउटसोर्सिंग पैच में काम करने वाले कामगारों का आई कार्ड सहित कई मांगों को विस्तार पूर्वक रखा।

मौके पर कार्मिक प्रबंधक मोहम्मद तौकीर आलम सहित यूनियन प्रतिनिधि जमसं के क्षेत्रीय सचिव विकास सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष धीरज पांडेय, शाखा सचिव संत कुमार भर आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### बेरमो बीडीओ ने दिव्यांग को घर तक पहुंचाया ट्राई साइकिल



बेरमो /बेरमो प्रखंड के पंचायत जारीडीह पश्चिमी निवासी नरेश गोस्वामी जी को बुधवार को बीडीओ बेरमो के द्वारा उनके घर पर ही ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई। गोस्वामी जी की प्रखंड कार्यालय आने–जाने की परेशानी को ध्यान में रखते हुए वीडियो ने उनके घर पर ही उन्हें साइकिल उपलब्ध कराई। बीडीओ के इस कार्य को उपस्थित सभी लोगों ने काफी सराहना की। मौके पर पंचायत की मुखिया देवंती कुमारी, गुड़िया देवी, रोहित कुमार, धनंजय कुमार, संजय साल, तुलसी कुमारी, दीपक श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित थे।


## झारखण्ड विधान सभा सचिवालय

### आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि पंचम झारखण्ड विधान सभा का सप्तम (मानसून) सत्र दिनांक –26/07/2024 (शुक्रवार) को आहूत की गयी है। सत्र अवधि के दौरान झारखण्ड विधान सभा परिसर में बिना वैध पत्रक के बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है।

ह./–
(सैयद जावेद हैदर)
प्रभारी सचिव
झारखण्ड विधान सभा, रांची

ज्ञापांक : जनसम्पर्क–03/2024–1833/वि.स., रांची दिनांक – 23.07.2024


# राज्य खाद्य आयोग ने लाभुकों को खाद्यान्न मुहैया कराने का दिया आदेश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** झारखंड राज्य खाद्य आयोग की सदस्य शबनम परवीन की अध्यक्षता में परिसदन में बुधवार को बैठक आहूत हुई। बैठक में झारखंड राज्य आकस्मिक खाद्यान्न कोष के जिला स्तर पर आवंटन की स्थिति, पंचायत स्तर पर राशि की उपलब्धता और व्यय की समीक्षा करते हुए आयोग सदस्य ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का उद्देश्य समाज के सबसे पिछले तबके के लोगों को खाद्य सुरक्षा प्रदान करना है। इसको सही ढंग से लागू करना आपकी ड्यूटी ही नहीं, बल्कि एक सामाजिक दायित्व भी है। यह सुनिश्चत करें कि जिले या आपके क्षेत्र में को खाद्यान्न के अभाव में नहीं रहे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आप लोग ऐसा प्रयास करें कि किसी भी लाभुक को दिक्कत नहीं हो। सभी एमओ से प्रखंड में राशि की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। झारखंड आकस्मिक खाद्यान्न कोष का सही से उपयोग करने, सभी एमओ को लोगों में योजनाओं का विभिन्न माध्यमों के द्वारा वृहत प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया।

उन्होंने कहा कि जितने भी पुराने शिकायतें लंबित है। सभी शिकायतों का निवारण जल्द सुनिश्चित करें। मौके पर एसी, डीएसओ, सभी प्रखंड के एमओ समेत अन्य उपस्थित थे।

# डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों और कर्मियों ने सीखे आग से बचाव के गुर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** सीआईएसएफ की बीएसएल यूनिट की ओर से डीपीएस बोकारो में विद्यार्थियों एवं विद्यालय कर्मियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन बुधवार को हुआ। इस दौरान आग से बचाव के तमाम एहतियातन उपायों और इसके तरीकों की विस्तार से जानकारी दी गई। पहले दिन यूनिट के उप समादेष्टा एवं अग्नि प्रभारी मनोज चौहान ने विद्यालय के कर्मियों को आग लगने के कारणों आग के प्रकार तथा उसकी प्रकृति के अनुसार आपात स्थिति में आग बुझाने व बचाव की विस्तृत जानकारी दी। दूसरे दिन फायर इंस्पेक्टर पीके मिश्रा ने बच्चों को अग्निशमन के प्राथमिक उपायों एवं आग लगने की स्थिति में बच निकलने के बारे में प्रशिक्षित किया। इस दौरान विद्यालय की एक कक्षा में छद्म अगलगी और बच्चों को इससे बचाने से संबंधित मॉक ड्रिल भी की गई। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने अगलगी की घटनाओं को बहुत बड़ी समस्या बताते इससे सुरक्षा के प्रति बड़ों के साथ-साथ बच्चों में भी जागरूकता को अनिवार्य बताया।


## झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (राँची प्रक्षेत्र)

जियाडा भवन' नामकुम औद्योगिक क्षेत्र, लोवाडीह, राँची –834010 (झारखण्ड)
Phone : 0651-2460408, Telfax:2460125,
Website-www.jiada.co.in, email-riada.rnc@gmail.com

पत्रांक–359 दिनांक– 23.07.2024

**नामकुम औद्योगिक क्षेत्र में नवनिर्मित IT TOWER में उपलब्ध भवन/तल को किराया में आवंटन हेतु आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नामकुम औद्योगिक क्षेत्र, लोवाडीह, रॉंची में नवनिर्मित वातानुकूलित आई०टी० टावर पर किराया हेतु भवन/तल उपलब्ध है। यह भवन/तल प्राधिकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम किराया जमा राशि पर उच्चतम राशि उद्धृत करनेवाले व्यक्ति/संस्थान/एजेन्सी को IT Company/Call Centre/Corporate कम्पनियों से संबंधित को किराये पर दिया जा सकेगा। इस निविदा में किसी भी सरकारी या गैर–सरकारी प्रतिष्ठान/एजेन्सी अथवा स्वच्छ छवि वाले व्यक्ति द्वारा भाग लिया जा सकता है।

उक्त भवन/तल की बन्दोबस्ती हेतु सुरक्षित एवं जमानत की राशि की विवरणी निम्नवत् है :–

(1) उपलब्ध भवन/तल की विवरणी –

| | Total Constructed area floor wise | | | In ground floor | |
|---|---|---|---|---|---|
| Sl.No. | Particulars | Area (in sft.) | Sl.No. | Particulars | Area (in sft.) |
| 1 | 1st floor | 6397sft | 6 | Conference Hall | 505 sft |
| 2 | 2nd floor | 6397sft | 7 | Cafeteria | 860 sft |
| 3 | 3rd floor | 6397sft | 8 | Gymnasium | 503 sft |
| 4 | 4th floor | 6397sft | 9 | Visitors Lounge | 947 sft |
| 5 | 5th floor | 6023sft | | | |

(2) अग्रधन की राशि– निविदादाता द्वारा उद्धृत किये जानेवाले मासिक किराया की तीन गुणा राशि (Bank Draft)।
(3) जमानत की राशि– 50000/–रू० का Bank Draft (Refundable) का भुगतान JHARKHAND INDUSTRIAL AREA DEVELOPMENT AUTHORITY, RANCHI REGION payable at Ranchi के नाम से होगा।
(4) न्यूनतम मासिक किराया (प्रति वर्गफुट)–55.00 रू० प्रति वर्गफुट + 18% GST
(5) विहित आवेदन प्रपत्र प्राधिकार की Website-www.jiada.co.in पर उपलब्ध है।

आवश्यक शर्त्तें–

1– भवन/तल को किराये पर लेने हेतु भाग लेने वाले निविदादाता को विहित प्रपत्र में आवेदन भरकर मुहरबन्द लिफाफा में प्राधिकार के कार्यालय में जमा करना होगा।
2– आवेदन पत्र में संबंधित कॉलम में किराया हेतु कर्णांकित भवन/तल के सामने मासिक किराया अंकित करना होगा जो प्राधिकार द्वारा निर्धारित मासिक किराया से कम नहीं होगा। जिस निविदादाता द्वारा उच्चतम किराया उद्धृत किया जायेगा उन्हें उक्त भवन/तल किराया पर आवंटित किया जायेगा।
3– जियाडा द्वारा आवंटित किये जानेवाले भवन/तल के किराया में प्रत्येक तीन वर्ष में 15% की वृद्धि की जायेगी।
4– आवेदन पत्र प्राधिकार दिनांक 25.07.2024 से दिनांक 07.08.2024 तक जमा किया जा सकेगा। प्राप्त निविदा की समीक्षा दिनांक 08.08.20241को अपराह्न 2.00 बजे किया जायेगा तथा उसी दिन अपराह्न 3.00 बजे निविदा खोली जायेगी।
5– किराये पर लगाये जानेवाले रिक्त भवन/तल के संबंध में पूर्ण जानकारी उद्योग विस्तार पदाधिकारी, मोबाईल नं0– 8294472762 से सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।
6– प्रस्तावित निविदा की प्रक्रिया को अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

उपरोक्त के संबंध में आवेदन पत्र एवं विस्तृत जानकारी जियाडा, रॉंची प्रक्षेत्र की Website-www.jiada.co.in तथा जियाडा, रॉंची प्रक्षेत्र के सूचना पट्ट पर उपलब्ध है।

ह0/–
क्षेत्रीय निदेशक

PR 330505 RIADA(24-25).D


# बोकारो : राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की जिले के पदाधिकारियों के साथ बैठक संपन्न

**जिले में संचालित पीएसयू एवं निजी कंपनियों में स्थानीय उम्मीदवारों को 75 फीसदी रोजगार मुहैया कराने को लेकर एसओपी तैयार करने को कहा**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की टीम ने जिले के अपने दो दिवसीय दौरे के क्रम में बोकारो परिसदन सभागार में जिले के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद महतो ने की। मौके पर एसपी पूज्य प्रकाश डीडीसी गिरिजा शंकर प्रसाद आयोग के सदस्य केशव महतो नंद किशोर मेहता लक्ष्मण यादव एवं सदस्य सचिव कृष्ण कुमार सिंह समेत जिला स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे। आयोग के अध्यक्ष महतो व सदस्यों ने क्रमवार आयोग को प्राप्त आवेदनों पर शिक्षा समाज कल्याण भू अर्जन राजस्व मत्स्य भवन प्रमंडल पुलिस विभाग नियोजनालय से संबंधित मामलों पर विस्तृत समीक्षा की।

जिला नियोजन पदाधिकारी मनोज मंजित द्वारा स्थानीय उम्मीदवार के नियोजन सम्बन्धी दिए गए आंकड़े पर आयोग के अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला नियोजन पदाधिकारी एवं श्रम अधीक्षक प्रवीण कुमार को जिले में संचालित पीएसयू एवं निजी कंपनियों में स्थानीय उम्मीदवारों को 75 फीसदी रोजगार मुहैया कराने को लेकर एसओपी तैयार करने को कहा। बैठक में जिले के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे।

# महिला समिति ने विद्यार्थियों में किया पुस्तक, बैग और ड्रेस का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** महिला समिति बोकारो द्वारा संचालित बाल मंदिर व सौरभ शिशु मंदिर के छात्र छात्राओं के बीच पुस्तक बैग और स्कूल ड्रेस का वितरण किया गया। समिति की अध्यक्ष अनिता तिवारी ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर तबके के लोगों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाना है। इन विद्यालयों को सुचारू रूप से चलाने में समिति की सदस्याओं एवं शिक्षकगण का विशेष योगदान रहा है। कार्यक्रम तिवारी के नेतृत्व में तथा विद्यालय प्रभारी ऋचा प्रियदर्शिनी के समन्वय में सफल रहा। मौके पर समिति की उपाध्यक्ष प्रीति शरण मोनिका रंगानी एवं इतिरथ सचिव वंदना झा उप सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी कोषाध्यक्ष रीता रानी अभिरुचि प्रिया नीतू अनीशा झा जया मधुलिका समिता तथा आशा राज उपस्थित रहीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या सबिता प्रमाणिक व रीता शर्मा तथा शिक्षक शिक्षिकाएं किरण खुशबू रंजू लक्ष्मी कंचन मुस्कान बालमंदिर से तथा राहुल सुमन पांडे सुनंदा सरिता प्रियंका मून सौरभ शिशु मंदिर से यहां की दैनिक गतिविधियों में अथक भागीदारी दर्ज कराई है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 02/2024–25**

ग्रामीण कार्य विभाग झारखण्ड सरकार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदकों से जिला योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत स्वीकृत निम्न वर्णित कार्यों के लिए मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जो अंततः लोक निर्माण विभाग के प्रपत्र एफ–2 एकरानामा में वर्णित शर्तों के साथ अंकित की जायेगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | :– | ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, रॉंची। |
| 2 | विज्ञापन दाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा। |
| 3 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | :– | 30.07.2024 से 05.08.2024 तक (कार्यालय अवधि में अपराह्न 1:00 बजे तक आवेदन स्वीकार किया जायेगा।) |
| 4 | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | :– | 07.08.2024 (3:00 बजे अपराह्न तक) |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | 07.08.2024 (अपराह्न 3:30 बजे ) |
| 6 | परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान | :– | ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा। |
| 7 | निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा। |
| 8 | कार्य विवरणी | :– | |

| ग्रुप सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिमडेगा प्रखण्ड के अरानी पंचायत के धरनाटुगु गाँव के पहुँच पथ में नाला पर पुलिया निर्माण (Part-A) | 1753891.00 | 35100.00 | 5000.00 | छः माह |
| 2 | सिमडेगा प्रखण्ड के अरानी पंचायत के धरनाटुगु गाँव के पहुँच पथ में नाला पर पुलिया निर्माण (Part-B) | 2476100.00 | 49600.00 | 5000.00 | छः माह |
| 3 | सिमडेगा प्रखण्ड के ग्राम मरियमपुर पोस्ट–गोतरा अन्तर्गत सलोमी कुल्लु के घर से नर्स हेलेना के घर तक 600 मी० पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 1869005.00 | 37400.00 | 5000.00 | छः माह |
| 4 | सिमडेगा जिला के बानो प्रखण्ड अन्तर्गत डुमरिया पंचायत के उरमु किसानटोली जाने वाले पथ पर दो स्पैन पुलिया एवं गार्डवाल निर्माण। | 2440188.00 | 48900.00 | 5000.00 | छः माह |
| 5 | पाकरटांड़ प्रखण्ड के सिकरियाटांड़ पंचायत के सोगड़ा ग्राम एकलव्य विद्यालय के समीप शंख नदी में गार्डवाल निर्माण। | 2408732.00 | 48200.00 | 5000.00 | छः माह |
| 6 | Construction of Guardwall from Dhorahare sikron Kandulna house to Vishram Kerketta house at Patwatand Tikratoli road at Block- Bansjor, Dist- Simdega. | 2003200.00 | 40100.00 | 5000.00 | छः माह |
| 7 | Construction of High yield Drilled Tube well with supply and installation of electrical submersible Motor Pump set 1.5 H.P with rising/Distribution line installation of water tank etc. Work at Library and Extend Distribution line to Atal Park, Simdega. | 494168.00 | 9900.00 | 750.00 | तीन माह |

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा

PR 330528 Simdega (24-25)_D

## नकलची बजट

कांग्रेस सांसद और लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने यह कहकर बजट की आलोचना की है कि इसमें केवल खोखले वादे किए गए हैं। यह केवल आंध्र प्रदेश और बिहार के राजग सहयोगी दलों को खुश करने वाला बजट है, ताकि केंद्र में सरकार बनी रहे। पूर्व वित्त मंत्री कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने अपनी पार्टी के 2024 के लोक सभा चुनाव के लिए जारी किए गए घोषणा पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कम से कम तीन बिंदु उनके घोषणा पत्र से उठाए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर लिखा, कांग्रेस के न्याय के एजेंडे को ठीक तरह से कॉपी भी नहीं कर पाया मोदी सरकार का नकलची बजट! मोदी सरकार का बजट अपने गठबंधन के साथियों को ठगने के लिए आधी-अधूरी रेवड़ियां बांट रहा है, ताकि राजग का अस्तित्व बचा रहे। दूसरी ओर क्षेत्रीय दलों ने शिकायत की है कि बजट में कई राज्यों खासकर ओडिशा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की उपेक्षा की गई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बजट प्रावधानों को उनके राज्य के साथ भेदभाव करने वाला बताया है। पंजाब से कांग्रेस के सांसदों और महाराष्ट्र से विपक्षी दलों के गठबंधन महाविकास अघाड़ी के सांसदों ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि बजट में उनके राज्यों के साथ उपेक्षा एवं भेदभाव किया गया है। निश्चित तौर पर गठबंधन की सरकार में आंध्र प्रदेश और बिहार को मिले विशेष पैकेज पर नाराजगी व्यक्त किया। सामान्य तौर पर बजट का राजनीतिकरण हो गया है पक्ष प्रसंशा और प्रतिपक्ष आलोचना करता है। आमलोगों के लिये बजट में अब कोई विशेष मुद्दा नहीं होता। देश में आर्थिक मसलों पर न चुनाव होते हैं और न ही इसकी सूक्ष्म समझ आम लोगों को है। ऐसे में इस बजट के प्रभाव का अंदाज धीरे-धीरे लगेगा।

## यूपी को सबसे ज्यादा

उत्तर प्रदेश सरकार का कहना है कि उसे इस बार पहले से कहीं ज्यादा धन का आवंटन किया गया है। इस बार के केंद्रीय बजट में प्रदेश को पहले से 25000 करोड़ रुपये ज्यादा आवंटित किए गए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रवक्ता के कहना है कि प्रदेश को इस बार आम बजट में 3.63 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं जो कि पहले से ज्यादा हैं। उत्तर प्रदेश की इस बार के बजट में केंद्रीय कर और शुल्कों में 2.3 लाख करोड़ रुपए की हिस्सेदारी रहेगी। इसके अलावा बजट में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर को वैश्विक स्तर का पर्यटन स्थल को विकसित किए जाने का एलान किया गया है। केंद्रीय बजट में उत्तर प्रदेश के लिए अन्य महत्वपूर्ण घोषणाओं में लखनऊ से कानपुर से वंदे भारत का संचालन शामिल हैं। बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य को देखते हुए उत्तर प्रदेश में 45 लाख के करीब आवास बनने की संभावना है। साथ ही प्रदेश सरकार का दावा है कि बजट घोषणा के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में लखपति दीदी बनाने की योजना को गति मिलेगी साथ ही पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रदेश से सर्वाधिक लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत प्रदेशवासियों को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली योजना का लाभ मिलेगा। पीएम सूर्य घर योजना के तहत उत्तर प्रदेश के 20 लाख परिवारों को इससे जोड़ा जा सकेगा।

बजट घोषणाओं के मुताबिक केंद्रीय सहायता से चलने वाली योजनाओं में उत्तर प्रदेश को 96000 करोड़ रुपए मिलेंगे। इसमें केंद्रीय योजनाओं के लिए करीब 11500 करोड़ मिलेंगे जबकि विकसित भारत योजना में 14000 करोड़ मिलेंगे और विशेष योजनाओं में उत्तर प्रदेश को 17939 करोड़ रुपए मिलेंगे। किसानों के लिए की गई कई घोषणाओं का उत्तर प्रदेश में 2.62 लाख करोड़ से ज्यादा का लाभ किसानों को मिलेगा।

# सरकारी नौकरियों पर बजट में चुप्पी निजी पर जोर

बजट घोषणाओं में श्रम बाजार को ध्यान में रखकर अनेक तत्त्व शामिल किए गए हैं और यह वास्तव में भारत में एक बड़ी चिंता का विषय है। कुछ नई घोषणाएं मध्यम अवधि में निराश करने वाली हो सकती हैं। उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन योजनाओं यानी पीएलआई से हम जानते हैं कि भारत इतना बड़ा देश नहीं है कि यह अर्थव्यवस्था पर सीधा असर डाल सके। नीति निमार्ताओं के लिए मार्ग उस माहौल को सुधारने में निहित है जहां निजी कंपनियां वृद्धि और रोजगार तैयार करें। इसमें कार्यक्रमों या परियोजनाओं का काम और नीति की भूमिका अधिक है।

शीर्ष 500 कंपनियों के इंटर्नशिप कार्यक्रम पर विचार कीजिए। सरकार की इच्छा है कि वह पांच साल में एक करोड़ लोगों को इसमें शामिल करेगी। बजट के पृष्ठ क्रमांक 34 पर एक वाक्य है ह्यकंपनियों की भागीदारी स्वैच्छिक है।ह्ण यह उपयुक्त वाक्य है। सरकार ने एक केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल, आवेदकों की अर्हता के लिए कई नियमों और प्रधानमंत्री इंटर्नशिप के तहत प्रति इंटर्न प्रति वर्ष 60,000 रुपये देने की घोषणा की है।



इसके लिए सरकार 54,000 रुपये देगी और शेष राशि 2013 में कंपनियों से प्राप्त सीएसआर की धनराशि से किया जाएगा। क्या कंपनियां इस मार्ग को चुनेंगी? कंपनियां इंटर्नशिप कार्यक्रम बनाती रही हैं और वे अक्सर 5,000 रुपये प्रति माह से अधिक भुगतान भी करती रही हैं। केंद्रीकृत आवेदन पोर्टल में सरकार के साथ संवाद की संभावना, सब्सिडी भुगतान आदि कई के लिए चुनौतीपूर्ण होगा। ऐसे में यह स्पष्ट नहीं है कि पांच साल में एक करोड़ की संख्या को कैसे फलीभूत किया जाएगा।



**- अजय शाह**

> अगर कल्याण कार्यक्रमों को आजमाने के बजाय निजी कंपनियों की इच्छा को नए सिरे से आकार देने के कदम उठाए जाएं तो बेहतर होगा। निर्यात में सफलता के मार्ग की बात करें तो पीएलआई के विचार के साथ एक समानता है। देश में परिचालन में कुछ दिक्कतें हैं। जीएसटी में नीतिगत कमियां हैं, सीमा शुल्क, उपकर, कराधान, पूंजी नियंत्रण आदि। अगर कमियों को दूर करने के लिए वित्तीय हस्तांतरण को रास्ता बनाया जाए तो बहुत अधिक आवंटन की आवश्यकता होगी।

हम उम्मीद करते हैं कि 2024 की यह पूर्ण स्वैच्छिक पहल भविष्य में शीर्ष 500 कंपनियों पर सरकारी दबाव में परिवर्तित नहीं होगी। अगर ऐसा दबाव पैदा होता है तो इससे कंपनियों का निवेश प्रभावित होगा और रोजगार की समस्या और बढ़ेगी। सबसे सामान्य स्थिति में अगर कंपनियों पर दबाव बनाया गया तो वे ऐसे प्रोसेसिंग सेंटर स्थापित कर सकती हैं जो कल्याण कार्यक्रम की शैली में 60,000 रुपये इंटर्न को दे सकती हैं। जाहिर है इससे अधिकारी अधिक नियमों और केंद्रीकृत आईटी सिस्टम के साथ प्रतिरोध कर सकते हैं जो कंपनियों के साथ हस्तक्षेप करेगा। अगर सबकुछ इरादे के मुताबिक हुआ और सीएसआर तथा कर जुटाने के अलावा कोई दबाव नहीं बनाया गया तो भी देश के श्रम बाजार के आकार को देखते हुए एक करोड़ लोगों की इंटर्नशिप बहुत छोटी तादाद होगी।

देश में वृद्धि और रोजगार हासिल करने के दो वैकल्पिक तरीके हैं। पहला है सरकार की शक्ति को इस तरह नया आकार देना जिससे ऐसे हालात बनें कि निजी व्यक्ति देश में निवेश करना चाहें। यह वृद्धि का मार्ग है और इसमें असीमित संभावनाएं हैं। दूसरा है सीधे रोजगार जैसे वांछित नतीजे हासिल करने की कोशिश करना। भारत में न्यूनतम वेतन लगभग 1.60 लाख रुपये सालाना है।

अगर केंद्रीय बजट में रोजगार को मजबूती देने के लिए तय दो लाख करोड़ रुपये का पूरा व्यय निजी कंपनियों के कर्मचारियों को दे दिया गया तो इससे 1.25 करोड़ प्रत्यक्ष रोजगार तैयार होंगे। इससे रोजगार के मोर्चे पर कोई खास सुधार नहीं होगा। अगर कल्याण कार्यक्रमों को आजमाने के बजाय निजी कंपनियों की इच्छा को नए सिरे से आकार देने के कदम उठाए जाएं तो बेहतर होगा। निर्यात में सफलता के मार्ग की बात करें तो पीएलआई के विचार के साथ एक समानता है। देश में परिचालन में कुछ दिक्कतें हैं। जीएसटी में नीतिगत कमियां हैं, सीमा शुल्क, उपकर, कराधान, पूंजी नियंत्रण आदि। अगर कमियों को दूर करने के लिए वित्तीय हस्तांतरण को रास्ता बनाया जाए तो बहुत अधिक आवंटन की आवश्यकता होगी। अगर एक लाख करोड़ डॉलर के निर्यात पर 5 फीसदी पीएलआई चुकाया जाता है तो यह राशि करीब 50 अरब डॉलर या चार लाख करोड़ रुपये होगी। भारत इतना अमीर नहीं है कि वह निर्यात पर इतनी अधिक सब्सिडी दे सके। नीतिगत विश्लेषण और सुधारों की मदद से इन कमियों को दूर करना कहीं अधिक बेहतर और किफायती होगा। उसके बाद निजी कंपनियां (देशी-विदेशी, छोटी और बड़ी) देश में उत्पादन का नए सिरे से आकलन करेंगी।

आर्थिक वृद्धि निजी कंपनियों के निवेश निर्णय से होती है। किसी निजी व्यक्ति के कारोबार खड़ा करने का सफर लंबा होता है। उच्च उत्पादकता वाली कंपनी तैयार करने में लंबा समय और भावनात्मक प्रतिबद्धता लगती है। निजी व्यक्ति कानून के शासन और केंद्रीय नियोजन पर दीर्घकालिक परिदृश्य को देखकर प्रतिक्रिया देते हैं। वे साल दर साल होने वाले नीतिगत बदलाव पर प्रतिक्रिया नहीं देते। यकीनन नीति निमार्ताओं द्वारा साल दर साल बदलाव अनिश्चितता बढ़ाते हैं और निवेश पर असर डालते हैं।

वर्ष 1991 से 2011 तक की वृद्धि का दौर देश की विकास नीति को दिखाता है। हमें उस अवधि में भारतीय राज्य की काम करने की शैली को लेकर कोई भ्रम नहीं होना चाहिए। परंतु नीति निमार्ताओं ने ऐसा दर्शन दिखाया जो निजी व्यक्तियों को यह प्रोत्साहन दिया कि हालात में सुधार हो रहा है। केंद्रीय नियोजन में धीरे-धीरे गिरावट आई और विधि का शासन बढ़ा। एक बौद्धिक बहस छिड़ी और यथास्थिति की आलोचना हुई जिसने प्रगति की राह दिखाने में मदद की।

यशवंत सिन्हा द्वारा किया गया वादा कि अधिकतम सीमा शुल्क में प्रति वर्ष 5 प्रतिशत की कटौती की जाएगी, उससे उम्मीदें स्थिर हुईं तथा निवेश में तेजी आई। नीति निमार्ताओं ने नियमित प्रगति पेश की और सुधारों को आमतौर पर पलटा नहीं गया। एक कुलीन सामाजिक पूंजी थी जिसकी मदद से विशिष्ट समस्याओं को अपवाद प्रबंधन में तब्दील किया जा सकता था।

इस माहौल ने निजी व्यक्तियों में उम्मीद जगाई और उन्होंने 1991-2011 के दौरान दीर्घकालिक निवेश किया। इससे निर्यात और रोजगार में सुधार हुआ। इसके पीछे असली शक्ति थी बौद्धिकता और राजनीतिक नेतृत्व के बीच सहयोग जिसने देश को नए विचार दिए। उस समय निर्यात या भर्तियों को प्रोत्साहित करने या इसके लिए दबाव बनाने के लिए राज्य की शक्ति का इस्तेमाल नहीं किया गया।

**खास बात**

## संस्कृत के समीप है रोम की भाषा

**मृत्युंजय प्रसाद**

**भारतीय** और रोमा समुदाय एक-दूसरे से सांस्कृतिक, आनुवंशिक, भाषायी, शारीरिक, सामाजिक, आध्यात्मिक और भावनात्मक रूप से काफी करीब हैं। दरअसल, ये लोग मूलतः भारतीय ही हैं। इनके वंशजों को सन् 1018 में महमूद गजनवी अपने साथ अफगानिस्तान ले गया था। कालक्रम में इनकी संस्कृति का नाम रोमा हो गया। आज पूरी दुनिया में रोमाओं की संख्या लगभग सवा दो करोड़ है। गत अंक में आपने रोमाओं के पूर्वजों के बारे में पढ़ा। रोमा भाषा का उद्गम इंडो-यूरोपीय परिवार की इंडो-आर्यन शाखा से हुआ है। इसका संस्कृत, प्राकृत और अन्य भारतीय भाषाओं के साथ अटूट संबंध है। उत्तर भारत की भाषाओं से रोमा का संबंध इतना विशिष्ट है कि भाषाई प्रशिक्षण के बिना भी साधारण व्यक्ति रोमा और भारतीय भाषाओं के शब्दों के बीच समानता की पहचान कर सकते हैं। रोमा और भारतीय भाषाओं के बीच संबंधों की जांच करते समय प्रो. जोहान क्रिश्चियन क्रिस्टोफ रूडिगर ने रोमा भाषा के व्याकरण और शब्दावली के तुलनात्मक विश्लेषण के महत्वपूर्ण संदर्भों को ध्यान में रखा था। उन्होंने 1782 में पूर्वी भारत की भाषाओं से रोमा की उत्पत्ति को सत्यापित किया। उन्होंने भारतीय भाषाओं से संपर्क के परिणामस्वरूप रोमा भाषा की वाक्य रचना में परिवर्तन की ओर भी संकेत किया है।

उनके निष्कर्ष के अनुसार रोमा और भारतीय भाषाएं समान हैं तथा रोमा और भारतीय किसी भी तरह एक-दूसरे से भिन्न नहीं हैं।अलेक्जेंड्रे जी पसापति ने 1870 में फ्रांसीसी भाषा में ग्रंथ प्रकाशित किया था, जो रोमा वंशजों की अटकलों को दूर करता है। यह अध्ययन इस बात की पुष्टि करता है कि रोमा भाषा इंडो-आर्यन भाषा परिवार की ही सदस्य है और मूल रूप से संस्कृत के साथ जुड़ी है। अगस्त पोट्ट (1844-45) ने अपने तुलनात्मक व्याकरण और रोमा के व्युत्पत्ति कोश को संकलित किया। उन्होंने कई दर्जन वर्णनात्मक स्रोतों की बाबत बताया, जो यूरोपीय रोमा बोलियों की विविधता को दशार्ते हैं।

## जीवन मूल्य

**धर्म-प्रवाह**

**प्रो भगवती प्रकाश**

**प्राचीन** ईरान के पारसी मत के धर्म ग्रंथ अवेस्ता में वैदिक देवताओं पर विमर्श के अतिरिक्त सूर्य के मित्र या मिथ्र नाम से प्रचलित प्राचीन मन्दिरों के प्रचुर अवशेष हैं। यूरोप के समस्त पुरातात्विक उत्खनन एवं संग्रहालयों में भी मित्र य मिथ्र के प्राचीन पुरावशेषों की प्रचुरता है। आज भी यूरोप में 400 से अधिक मिथ्री मन्दिरों के खण्डहर विद्यमान हैं। मूर्तिपूजक पगान सम्प्रदायों में ईसापूर्व कालीन सूर्य सहित कई द्यु-स्थानीय, अन्तरिक्ष स्थानीय व पृथ्वी स्थानीय वैदिक देवताओं का चलन रहा है। ओडिशा में 5,000 वर्ष पूर्व कोणार्क व पाकिस्तान के मुल्तान में श्रीकृष्ण के पुत्र साम्ब द्वारा बनाए सूर्य मन्दिरों से लेकर ईरान, आर्मेनिया, अजरबैजान व यूरोप तक सूर्य की मित्र, मिथ्र, मिथ्रास और मिहिर आदि अनेक वैदिक व पौराणिक नामों से पूजा होती रही है। ईसा पूर्व 14वीं सदी के शिलालेखों में सूर्य, इन्द्र, अग्नि, अश्विनी कुमार आदि के आह्वान हैं। अफगान-ईरानी कैलेण्डर में आज भी मिहिर व मिहर आदि नामों से सूर्य का महीना है। आर्मेनिया में प्रतिमाह आठवां दिन सूर्य का है, जो ह्यमिथ्रिह्ण कहलाता है। ईरानी प्राचीन जोरास्ट्रियन संस्कृति में मित्र, सत्य, न्याय, सौहार्द, सन्धि और ऋत (स्वैच्छिक धर्म पालन) का देवता था। आर्मेनिया व अजरबैजान में भी मित्र के ये ही विशेषण रहे हैं। जरथुस्त्र या जोरास्टर द्वारा प्रवर्तित हिन्द-ईरानी मत के ग्रंथ अवेस्ता व संस्कृत में अनेक समानार्थक शब्द प्राचीन ईरानी अर्थात पारसी व आर्य सभ्यताओं में साझे हैं।

**केंद्रीय** कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जयन्त चौधरी से नई दिल्ली में मुलाकात किया। इस मुलाकात के दौरान रांची सहित पूरे झारखंड में कौशल महोत्सव आयोजित करने और विशेष कौशल रथ का शुभारंभ करने से संबंधित विषय पर सकारात्मक चर्चा हुई।

**– संजय सेठ, केन्द्रीय राज मंत्री**

**आपके ट्वीट**

**टाटा** समूह ने देश के विकास में अहम योगदान दिया है, वहीं झारखण्ड का भी देश को आगे बढ़ाने में योगदान कम नहीं है। यहां प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। टाटा समूह के साथ झारखण्ड का रिश्ता भी बहुत पुराना है, यह रिश्ता और मजबूत होगा।

**– हेमंत सोरेन**





**कृषि** हो या ग्रामीण विकास, इन्वेस्टमेंट हो या इंफ्रास्ट्रक्चर- हमारी सरकार ने बजट के जरिए देश के चौतरफा विकास को एक नई गति देने का प्रयास किया है।

**– नरेन्द्र मोदी**

# संतुलन साधने वाला देश का केन्द्रीय बजट

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 का बजट पेश करते समय उस राजनीतिक संदर्भ का जिक्र नहीं किया, जिसमें उनके मंत्रालय को बजट तैयार करना पड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली इस नई सरकार के समक्ष पहले की तुलना में अधिक चुनौतियां हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कुछ कट्टर समर्थकों से चुनाव में सरकार को मिले कड़े संदेश के बाद उस पर दबाव काफी बढ़ गया था।

सरकार चलाने के लिए जनता दल यूनाइटेड और तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) पर निर्भरता बढ़ने से इन दोनों दलों की मांगें पूरी करने का दबाव भी बढ़ गया था।

मगर सीतारमण एवं उनकी टीम ने इन राजनीतिक विवशताओं और सरकार की प्राथमिकताओं, विशेषकर राजकोषीय मजबूती के बीच संतुलन साध कर सराहनीय कार्य किया है।

बजट का एक बड़ा हिस्सा बिहार और आंध्र प्रदेश से जुड़ी परियोजनाओं को समर्पित था। परंतु, सीतारमण ने 2021 के बजट में जिस राजकोषीय मजबूती का मार्ग तैयार किया था, उसे कोई बड़ी क्षति नहीं पहुंची है। इस साल फरवरी में लेखानुदान में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.1 प्रतिशत तक सीमित करने का लक्ष्य रखा गया था।

मगर बजट में इसमें किसी तरह का इजाफा करने के बजाय इसे संशोधित कर 4.9 प्रतिशत कर दिया। इतना ही नहीं, वित्त मंत्री ने वादा किया कि अगले वर्ष तक राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.5 प्रतिशत से नीचे रह जाएगा। भारतीय

**बजट**

रिजर्व बैंक (आरबीआई) से मिले 2.1 लाख करोड़ रुपये के भारी भरकम लाभांश की मदद से बजट आंशिक रूप से राजकोषीय समझबूझ के मोर्चे पर बेहतर साबित हुआ। फरवरी में अंतरिम बजट में लाभांश के अनुमान से सरकार को लगभग दोगुना रकम मिली।

राजकोषीय मोर्चे पर संयम जरूर दिखाया गया है मगर इससे व्यय की गुणवत्ता प्रभावित नहीं होने दी गई है। पूंजीगत व्यय को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता में कोई कमी नहीं आई है। राजस्व व्यय में बढ़ोतरी कुल व्यय की तुलना में थोड़ी कम रही है। दिलचस्प है कि पूंजीगत व्यय में हुई बढ़ोतरी का कुछ हिस्सा राज्यों को भी आवंटित किया जाएगा।

हालांकि, यह रकम राज्यों को इस शर्त पर दी जाएगी कि वे आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाले सुधार करेंगे। हालांकि, इससे केंद्र और राज्य सरकारों के बीच पहले से चला रहा तनावपूर्ण संबंध और बिगड़ जाएगा।

दूसरी तरफ, सुधार को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार के पास सीमित विकल्प हैं और इसमें कोई संदेह नहीं कि सरकार इन सभी विकल्पों को आजमाएगी। सरकार उन मामलों में रकम खर्च करने में सतर्क रही है जहां सॉवरिन या सरकार की गारंटी पर्याप्त होती है। सरकार राज्य सरकारों को साथ लाने के लिए वित्तीय प्रोत्साहन का सहारा लेती रही है। ऐसा सूझ-बूझ वाला वित्तीय प्रबंधन सब्सिडी के आंकड़ों में भी साफ तौर पर परिलक्षित होता है।

सरकारी खरीद में कमी लाने से खाद्य सब्सिडी मद में व्यय कम हुआ है। भारत में राजकोषीय गणित तैयार करने में खाद्य सब्सिडी एक बड़ी समस्या रही है मगर अब जीडीपी के प्रतिशत के रूप में इसकी हिस्सेदारी धीरे-धीरे कम हो रही है। रोजगार की कमी एक अन्य बड़ी राजनीतिक बाधा रही है मगर इससे कभी सावधानी से नहीं निपटा गया।

उदाहरण के लिए बजट में इंटर्नशिप योजना की घोषणा पूरी तरह सोच-समझकर नहीं की गई है। अगर यह योजना मूल स्वरूप में ही लागू हुई तो इससे मानव संसाधन नीतियों एवं निजी क्षेत्र में उथल-पुथल मच जाएगी। इससे संरक्षण एवं अक्षमता बढ़ जाएगी।

**कॉर्टून वर्ल्ड**

प्रदूषित दुनिया ...



साभार कॉर्टून मूवमेंट

**लेटर टू एडीटर**

### जनता की नियति

हिंदी में एक कहावत है कि हाथी के दांत खाने के और दिखाने के और। यह कहावत राजनीति दलों के चुनावी घोषणा पत्रों पर सटीक बैठती है। चुनाव चाहे लोकसभा के हो या फिर विधानसभा के, राजनीतिक दल जनता को छलने के लिए लोकलुभावन घोषणा पत्र जारी करते हैं अब चुनावों में ठगा जाना जनता की नियति बन गई है।

**-राम मूरत, जमशेदपुर**

### राजनीतिक पराभव

राजनीति से अहद-ए-वफा की उम्मीद की ही नहीं जा सकती। किसी भी दल की जरा-सी हलचल क्या होती है कि अपनी निष्ठा बेचने वाले दर-दर खड़े मिलेंगे। अब सब बाजारवाद का हिस्सा बन चुका है। इसके लिए कानून क्यों नहीं बनता? क्योंकि, यह हर दल को सूट करता है! चुनाव के समय यह खेल चरम पर होता है । अगर इस पर कानून बन गया तो पूरी राजनीति ही बैठ जायेगी। **-मीरा गौतम, रांची**

# समावेशी विकास और रोजगार सृजन को प्राथमिकता

**सतीश सिंह**

बजट में कृषि क्षेत्र को उत्पादन उन्मुख बनाने, रोजगार सृजन में तेजी लाने, निर्माण व विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत बनाने, सेवा क्षेत्र को सबल बनाने, ग्रामीण व शहरी विकास को सुनिश्चित करने, ऊर्जा की क्षमता में इजाफा करने, आधारभूत संरचना को सशक्त बनाने, नवाचार व शोध आदि पर जोर देने के लिए प्रावधान किए गए हैं।

निःसंदेह, भारत विकास के मोर्चे पर दुनिया के कई प्रमुख देशों से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। उदाहरण के तौर पर आर्थिक सर्वे में वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के 6.5 से 7.0 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है।

अमेरिका में वित्त वर्ष 2024-25 में विकास दर के 2.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है। वहीं, यूरो जोन में वित्त वर्ष 2024-25 में विकास दर के 0.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है। ब्रिटेन में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान विकास दर के 0.3 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है। हालांकि, चीन में वित्त वर्ष 2024-25 में विकास दर के 5.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है।

मौजूदा समय में सबसे अधिक संख्या में आयकर देने वाले वेतनभोगी वर्ग हैं। इसलिए, उन्हें प्रोत्साहन देने के लिए नई कर संरचना का विकल्प चुनने वालों के लिए 7.75 लाख तक की आय को आयकर के दायरे से मुक्त किया जायेगा, जिससे वेतन भोगियों को 17.5 हजार रुपये का लाभ होगा। एनपीएस योजना का लाभ ले रहे कर्मचारियों को और भी फायदा मिल सके, के लिए नियोक्ता के योगदान पर कटौती की सीमा को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत कर दिया गया है।

अब एक लाख रुपये से कम वेतन पाने वाले कर्मचारी, जब कर्मचारी भविष्यनिधि संस्थान में पहली बार खुद को पंजीकृत करेंगे तो उन्हें 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता तीन किस्तों में दी जायेगी। नया रोजगार पाने वाले 30 लाख युवाओं के लिए सरकार एक महीने का भविष्यनिधि अंशदान करेगी, ताकि वे अंशदान देने के लिए प्रोत्साहित हों। सरकार ने पेंशन भोगियों के लिए पारिवारिक पेंशन पर कर की कटौती सीमा 15,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये करने की बात बजट में कही है। इसे एक बहुत ही जरूरी पहल कहा जा सकता है, क्योंकि बुढ़ापे में इंसान को पैसों की सबसे ज्यादा जरूरत होती है।

पूंजीगत खर्च को बढ़ाने के लिए बजट में 11.11 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस क्रम में ग्रामीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने 2.66 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। छह करोड़ किसानों का विवरण लैंड रजिस्ट्री में दर्ज किया जायेगा, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी। पांच राज्यों में नए किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने की बात भी बजट में कही गई है। किसान क्रेडिट कार्ड ने लाखों किसानों को आत्मनिर्भर बनने में मदद की है। इसलिए, माना जा रहा है कि सरकार की इस पहल से लाखों किसानों को लाभ मिलेगा। बजट प्रावधानों के अनुसार एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक तरीके से खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा, ताकि ज्यादा उत्पादन कम लागत में किया जा सके। बजट प्रावधानों के मुताबिक सब्जियों के उत्पादन में वृद्धि करने के लिए उसके कलस्टर को आगे बढ़ाया जायेगा। उच्च शिक्षा के लिए ऋण लेने वाले छात्रों को घरेलू शिक्षा संस्थान में शिक्षा ग्रहण करने के लिए 10 लाख रुपये का ऋण दिया जायेगा। बजट में शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। बजट में 5 सालों में 4.1 करोड़ युवाओं को 2 लाख करोड़ रुपये की लागत से रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। युवाओं के लिए मुद्रा ऋण की सीमा को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया गया है। इससे, उन्हें कुछ बड़े स्तर पर कारोबार करने में मदद मिलेगी। साथ ही, वे दूसरों को रोजगार देने में समर्थ हो सकेंगे। बजट में 500 शीर्ष कंपनियों में 5 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप देने की बात कही गई है, जिसके तहत इंटर्न को 5,000 रुपये का मासिक भत्ता दिया जायेगा। इस प्रावधान से युवा कौशलयुक्त बन सकेंगे और उन्हें रोजगार मिलने में आसानी होगी। बजट में 5 सालों में 20 लाख युवाओं को कौशलयुक्त बनाने के लिए प्रावधान किए गए हैं। इस क्रम में आदर्श कौशल ऋण योजना के तहत युवाओं को 7.5 लाख रुपये का ऋण दिया जायेगा।

ज्वलंत जनमुद्दे को लेकर देश के सर्वोच्च सदन में गूंजें हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल

# हजारीबाग-रामगढ़ के विभिन्न स्टेशनों से महानगरों के लिए पैसेंजर ट्रेन शुरू करने की सरकार से की मांग

## रेलमंत्री से लगाई गुहार, क्षेत्र के 30 लाख आबादी को दें लम्बी दूरी के रेल परिचालन का सौगात

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** सांसद मनीष जायसवाल हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र वासियों की जन आकांक्षाओं और ज्वलंत महत्वपूर्ण जन मुद्दे को लेकर देश के सर्वोच्च सदन लोकसभा में मोदी सरकार 3.0 के बजट सत्र के जीरो आवर के दौरान बुधवार को गूंजते नजर आए। लोकसभा के सदन से पहली बार बोलते हुए हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि सबसे पहले मैं हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे इस सर्वोच्च सदन में चुनकर भेजा है। जिसके



बाद सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र वासियों की आवाज और मांग को रखते हुए कहा कि अध्यक्ष महोदय हजारीबाग और रामगढ़ जिला जी दोनों मिलकर इस लोकसभा क्षेत्र का निर्माण करता है। यहां बहुत सारे माइंस संचालित है। टाटा स्टील का माइंस यहां ऑपरेट होता है, सीसीएल की माइंस ऑपरेट होती है और एनटीपीसी की माइंस यहां ऑपरेट होना शुरू हुई है। कोयल का बहुत आयात परिचालन यहां से हो रहा है लेकिन हमारे जितने स्टेशन हैं यथा हजारीबाग स्टेशन, बरही स्टेशन, बरकाकाना स्टेशन, पतरातू स्टेशन, रामगढ़ स्टेशन इन सभी स्टेशन से लंबी दूरी की पैसेंजर ट्रेन का परिचालन बहुत कम है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि रेल मंत्री जी सदन में बैठे हुए हैं मैं उनका ध्यान ईश्वर आकृष्ट कराना चाहूंगा कि यह 30 लाख आबादी का क्षेत्र है और यहां से बरकाकाना से रांची तक के कठिन रेल मार्ग होने के वाबजूद पहाड़ों को चीरकर निर्माण किया जा चुका है। मैं आग्रह करना चाहता हूं कि हजारीबाग और रामगढ़ की इन स्टेशनों से लंबी दूरी के पैसेंजर ट्रेन दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलोर, सूरत, कोलकाता, अहमदाबाद आदि गंतव्य स्थानों के लिए परिचालन यथासीघ्र शुरू किया जाय ये अतिमहत्वपूर्ण हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने सरकार से यह भी कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोगों को ऐसा महसूस होता है कि हमारे यहां रेल लाइन केवल कोयला ढोने के लिए है। इधर लोकसभा में सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा इस महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाए जाने के बाद सोशल मीडिया पर पूरे लोकसभा क्षेत्र में उनके प्रति सकारात्मक प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोग मनीष जायसवाल को सासंद चुनकर गर्व कर रहें हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की चुनाव प्रचार के दौरान मैंने जनता से वादा किया था की आपकी समस्या को मुखरता से उठाऊंगा। शुरूआत हो गई है और प्रयास जारी रहेगा संकल्प से सिद्धि तक का सफर हजारीबाग लोकसभा वासियों के साथ व आशीर्वाद से जरूर पूरा होगा।

एक नजर में

### कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ : सतीश सिन्हा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी के निर्देश पर उनके सुपुत्र ऋतिक चौधरी के उपस्थिति में बुधवार को सयाल उत्तरी पंचायत के चूल्हा प्रमुख का गठन किया गया। सयाल स्थित आजसू कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एजेकेएसएस के केंद्रीय महामंत्री सतीष सिन्हा के नेतृत्व में चूल्हा प्रमुख का गठन किया गया। मौके पर सतीश सिन्हा ने चूल्हा प्रमुखों का फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। उन्होंने कहा कि आजसू में सभी वर्गों के हितों का ख्याल रखते हुए सबों को एक समान मान-सम्मान दिया जाता है। श्री सिन्हा ने संगठन की मजबुती पर बल देते हुए कहा कि आज जो चूल्हा प्रभारी बने है वे आने वाले दिनों में मिल का पत्थर साबित होंगे। मौके पर बिनोद कुमार, संतोष ठाकुर, शंकर सिंह, सनी कुमार सिंह, जितेंद्र करमाली, रामबिहारी साव, रवींद्र कुमार, इंद्रदेव पासवान, राजेश श्रीवास्तव, मनीष कुमार, लालमोहन महली, मुकेश भगत, चंदन सिंह, पावन कुमार, अदीप कुमार, बिकी कुमार, रमेश मुंडा, दिनेश विश्वकर्मा, मनोज सिन्हा, रमेश कुमार, अंकित कुमार, सूरज डीडीआर, सुरेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थें।

### बिजली करंट लगने से महिला की मौत

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड के भराजो पंचायत के अमनारी निवासी उमेश कुमार पिता कृपाल महतो के 27 वर्षीय पत्नी किरण देवी की मौत बिजली करंट लगने से हो गयी है। जानकारी के मुताबिक घर से कुआं तक मोटर तार गया हुआ था जहां मृतक किरण देवी जानवर का गोबर फेंक कर गमला को माथा पर रख वापस घर आ रही थी कि वह तार की चपेट में आ गयी जिससे उसकी मौत हो गयी। मृतक के दो पुत्र अनील 9 वर्ष एवं अनीत 7 वर्ष है। मृतक के पति उमेश कुमार भी विकलांग है जिससे पुरा परिवार में परेशानी बढ गयी है। मृतक अपने पति,पुत्र के साथ अपने सास एवं ससुर को भी छोड गयी है। सुचना मिलते ही बिजली विभाग के कर्मी भी घटना स्थल पर पहुंच कर जायजा लिया।

### आरा में जदयू की बैठक आज

**कुजू।** जनता दल यूनाईटेड के द्वारा मांडू प्रखंड के कार्यकताओं के साथ गुरूवार को आरा कांटा स्थित पंचायत भवन में आयोजित की गयी है। उक्त आशय की जानकारी जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू ने दिया। उन्होंने बताया कि बैठक में पंचायत से लेकर बूथ स्तर की तैयारी, संगठन की मजबूती पर चर्चा किया जायेगा। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में मांडू विधानसभा से मजबूती के साथ लड़ने पर जोर दिया जायेगा। बैठक में विधानसभा प्रभारी, प्रदेश पदाधिकारी के अलावे प्रखंड व पंचायत के लोग शामिल होंगे।

स्पीड न्यूज

### एनटीपीसी द्वारा स्कूली बच्चों को दिया गया बैग



**बड़कागांव।** पिछले कई दिनों से एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा परियोजना के आस पास के सरकारी स्कूलों में बच्चों को बैग वितरित किया जा रहा है। आज इसी क्रम में एनएमएल पकरी बरवाडीह के द्वारा परियोजना प्रभावित क्षेत्र के तीन स्कूलों के विद्यार्थियों के बीच 1200 स्कूल बैग का वितरण किया गया है। यह बैग बानादाग उच्च विद्यालय, बानादाग, उत्क्रमित मध्य विद्यालय ,महटिकरा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय ,सिकरी में किया गया। बैग मिलने के उपरांत बच्चों के चेहरे पर मुस्कान दिखाई दी और विद्यालय नियमित पाने की लालसा भी झलकी। इस मौके पर एनएमएल की ओर से बैग वितरण के दौरान कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### यह मोदी सरकार का अबतक का सबसे खराब बजट है: प्रकाश पटवारी



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री प्रकाश पटवारी ने बजट पर बोलते हुए कहा कि इस बार पेश बजट मोदी सरकार का अबतक का सबसे खराब बजट है। कहा कि बजट में टैक्स सलेब में बदलाव किया गया है जो माइने नही रखता है। कहा कि बजट में लोगों के लिए कोई राहत नही है।

### यह बजट अडानी-अंबानी को खुश करने वाला बजट है : डॉ आशीष कुमार



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लोकसभा में पेश बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सीपीआईएमएल के वामपंथी युवा नेता सह ऑल इंडिया झारखंड रैयत विस्थापित-प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किये गये बजट को उद्योगपतियों को खुश करने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर कहा जाए तो यह बजट गरीब व किसान विरोधी है। इस बजट में गरीबों के लिए कोई राहत नहीं है। ना ही महंगाई से देश के गरीब किसान-मजदूर को कोई राहत मिला है। श्री कुमार ने कहा कि इस बजट से देश में महंगाई और बढ़ेगा। दिशाहीन यह बजट अडानी-अंबानी को खुश करने के लिए पेश किया गया है।

चूल्हा प्रमुख सम्मेलन को लेकर आजसू पार्टी ने किया प्रखंड स्तरीय बैठक

## चूल्हा प्रमुख होंगे जीत के सूत्रधार : तिवारी महतो

▶▶ कुजू में होगा विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुजू।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए मांडू विधानसभा में आजसू द्वारा चूल्हा प्रमुख सम्मेलन को लेकर कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो व संचालन प्रखंड सचिव मनोज गोप ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधानसभा के संगठन प्रभारी सह केंद्रीय महासचिव विजय साहू, विशिष्ट अतिथि मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, केंद्रीय महासचिव उमेश भोक्ता, केंद्रीय सचिव हेमलाल महतो, जिला सचिव लालचंद महतो, जिला परिषद सदस्य तापेश्वर महतो, जिला परिषद सदस्य भोला तुरी,केंद्रीय सदस्य किशुन महतो, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सरिता सिंह,वार्ड पार्षद सदस्य हेमनी देवी, उपस्थित हुए। बैठक के दौरान कार्यकताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय महासचिव विजय साहू ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार आजसू पार्टी मांडू विधानसभा क्षेत्र से चूल्हा प्रमुख सदस्यों को नियुक्त करेगी। पंचायत प्रभारी और ग्राम प्रभारी सभी पंचायतों में चूल्हा प्रमुख सदस्यों की नियुक्ति करेंगे। मांडू विधानसभा क्षेत्र में पार्टी का जनाधार मजबूत है। पार्टी कार्यकर्ता समर्पित भाव से क्षेत्र में विधानसभा तैयारी में जुटे हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में निश्चय ही तिवारी महतो विधायक निर्वाचित होंगे। विशिष्ट अतिथि मांडू विधानसभा तिवारी महतो ने कहा कि मांडू विधानसभा क्षेत्र 4600 चूल्हा प्रमुख सदस्यों की नियुक्ति की जाएगी। चूल्हा प्रमुख संगठन के पीलर मेंबर होंगे। चूल्हा प्रमुख मांडू विधानसभा क्षेत्र में आजसू की जीत के सूत्रधार होंगे। उन्होंने कहा कि मांडू प्रखंड के कुजू में चूल्हा प्रमुख सम्मेलन आयोजित की जाएगी जहां पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो चूल्हा प्रमुख सदस्यों से संवाद स्थापित करेंगे। बैठक में किसुन महतो, मदन महतो,तेजू महतो,नरेश साव,पकंज महतो,मोहरा महतो, मेवालाल महतो, सुखदेव महतो,मनान खान, बासुदेव महतो, रूपलाल महतो, प्रेम महतो, विकाश महतो, सरिता सिंह, नीलम कुमारी, अमित सोनी, मनोज महतो, मुकेश महतो, उमेश कुमार, पप्पू महतो, सहाबुद्दीन रिजवी, ओमप्रकाश पटेल सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

### बजट में मंहगाई व स्वास्थ्य से मिला राहत: भाजपा

**कुजू।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मंगलवार को लोकसभा में चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट पेश किया। जिसे लेकर भाजपा नेताओं ने बजट को सराहनीय बताया है। भाजपा नेता जगेश्वर प्रजापति, भाजपा नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरि, मांडू मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह, उपाध्यक्ष रतन प्रसाद साहू, भाजयुमो मांडू मंडल अध्यक्ष रवि साहू, मंत्री डिंपल प्रजापति ने बताया कि वित्त मंत्री सीतारमण ने लगातार सातवीं बार मोदी सरकार का बजट पेश किया है। ये बजट समाज के हर वर्ग को शक्ति देने वाला है। ये देश के गांव, गरीब, किसान को समृद्धि की राह पर ले जाने वाला बजट है। बजट में रोजगार, कौशल, एमएसएमई और मध्यम वर्ग पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि जहां वैश्विक अर्थव्यवस्था अब भी नीतिगत अनिश्चितता की चपेट में है। ऐसे में भारत की आर्थिक वृद्धि जारी है। देश की मुद्रास्फीति स्थिर बनी हुई है और चार प्रतिशत की ओर बढ़ रही है।

## पौधा लगाओ, वन बचाओ-जीवन को खुशहाल बनाओ : के एस बन्याल

खबर मन्त्र संवाददाता



**दारू।** सीमा सुरक्षा बल, नई दिल्ली के निदेर्शानुसार प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय हजारीबाग को प्रत्येक वर्ष की भांति वर्ष 2024 में 57000 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। भारत सरकार के नीतिगत निदेर्शों की अनुपालना में सीमा सुरक्षा बल मुख्यालय अपने वार्षिक वृक्षारोपण लक्ष्य एवं विस्तृत कार्यक्रम जारी कर वृक्षारोपण को सुनिश्चित करता है। इस कार्यक्रम को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है।

इस कड़ी के तहत प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, मेरु कैंप, हजारीबाग में समय-समय पर पौधारोपण किया जाता रहा है। 05 जून 2024 को विश्व पर्यावरण के अवसर पर के0 एस0 बन्याल, महानिरीक्षक द्वारा स्वयं पौधा लगाकर वर्ष 2024 मानसून के वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया था। इस अभियान के प्रथम चरण में मेरु कैंप के कार्मिकों द्वारा प्रशिक्षण क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर विभिन्न प्रकार के 3310 से अधिक फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए थे। कार्यक्रम की निर्धारित श्रृंखला में के0 एस0 बन्याल, के नेतृत्व में दिनांक बुधवार को ग्राम-सरौनी के आस-पास के इलाकों में स्थानीय वन विभाग और सीमा सुरक्षा बल, मेरू कैम्प के कार्मिको ने संयुक्त अभियान चलाकर बड़ी संख्या में वृक्षारोपण किया। जिसमें 10000 से ज्यादा पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया गया। मेरू कैम्प में पदस्थापित अधिकारियो, अधीनस्थ अधिकारियों व जवानों ने बढ़-चढ़कर इस अभियान में हिस्सा लिया. वृक्षारोपण उपरांत पेड़ लगाओ, वन बचाओह्व संदेश के साथ के0 एस0 बन्याल, महानिरीक्षक नें कहा कि वृक्ष हमारे भविष्य के लिए अत्यावश्यक निवेश हैं वह जलवायु परिवर्तन और कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन स्तर को कम करने में सहायक सिद्ध होते हैं। वृक्ष हमारी ऐसी संपदा है जो मनुष्य को हर प्रकार से लाभदायक है। इनके बिना जीवन की कल्पना भी नही की जा सकती। पेड़ हमारी धरती को हरा भरा ही बनाकर नही रखते बल्कि इन्ही की वजह से वायु स्वच्छ, हमारी धरती शीतल रह पाती है और जीवन संभव हो पाता है। उन्होनें आगे कहा कि पूरी दुनिया में पृथ्वी जिसके कि सीमित साधन है और जो हमें जिन्दा रहने के लिए सब कुछ देती है का दोहन जरूरत से ज्यादा हो रहा है, जिससे जलवायु परिवर्तन तेजी से हो रहा है। यह परिवर्तन मानव जाति के लिए गंभीर परिणाम ला रहा है। याद रखें कि अगर हम प्रकृति को नुकसान पहुचाएगें तो प्रकृति बदले में हमें जरूर हानि पहुचाएगी। उन्होंने आहवान किया कि हर कार्मिक कम से कम दस वृक्ष लगाएं और उसके पालन-पोषण को सुनिश्चित कर फलीभूत करें।

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(उद्यान प्रभाग)
कार्यालय:- जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार

किसानों के लिए आवश्यक सूचना

विभागीय स्वीकृत्यादेश सं०-40 दिनांक-16.07.2024 वित्तीय वर्ष 2024-25 के आलोक में "उद्यान विकास की योजना" के तहत जिला-लातेहार अन्तर्गत उद्यानिकी फसलों के विकास के साथ-साथ कृषकों के आय में अधिक से अधिक वृद्धि लाने के उद्देश्य से योग्य कृषकों को अनुदानित दर पर नीचे अंकित विभिन्न अवयवों का लाभ प्राप्त करने हेतु दिनांक:- 14.08.2024 तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

उद्यान विकास की योजना का भौतिक लक्ष्य (सं० / इकाई / हेक्टर एवं एकड़) में०

| क्र० | कार्य योजना | भौतिक लक्ष्य |
|---|---|---|
| 1 | बागवान / उद्यान मित्रों / कृषकों को 5 दिवसीय प्रशिक्षण (संख्या में) | 300 |
| 2 | युवाओं को 25 दिवसीय माली प्रशिक्षण (संख्या में) | 15 |
| 3 | मिर्चा की खेती (हेक्टेयर में) | 35 |
| 4 | ओल की खेती (हेक्टेयर में) | 40 |
| 5 | अदरख की खेती (हेक्टेयर में) | 25 |
| 6 | कीट रहित सब्जी उत्पादन (इकाई में) | 15 |
| 7 | खुले वातावरण में फूलो की खेती (हे० में) | 50 |
| 8 | टिशु कल्चर केला की खेती (हे० में) | 5 |
| 9 | गृह वाटिका की स्थापना (प्रति इकाई 25 डिसमील) | 50 |
| 10 | सब्जी की खेती (हेक्टेयर में) | 400 |
| 11 | मशरूम कीट वितरण (संख्या में) | 4950 |
| 12 | मशरूम पर 5 दिवसीय प्रशिक्षण | 165 |
| 13 | पपीता की खेती (संख्या) में | 25000 |
| 14 | टिशु कल्चर स्ट्राबेरी की उन्नत खेती (हे० में) | 20 |
| 15 | गुणवत्तायुक्त सब्जी, फुल, फल पौध बिचड़ा उत्पादन (सैंपलिंग नर्सरी) संख्या में | 35 |
| 16 | परवल की खेती (एकड़ में) | 5 |

नोट :- 1. जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार के द्वारा लाभुकों / कृषकों की पात्रता को सत्यापित किया जायेगा।
2. लाभुक का चयन उपलब्ध सूचि के अनुसार पंचायती राज संस्थाओं के स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा अनुशंसा के आधार पर किया जाएगा।
3. योजना कार्यान्वयन में SC, ST लघु एवं सीमांत कृशक, कृशक समूह, FPO, महिला स्वंय सहायता समूह को प्राथमिकता दी जायेगी।
4. जिला उद्यान कार्यालय, लातेहार से कार्यालय अवधि में निःशुल्क आवेदन प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।
5. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर BAO/BTM/ATM/ VLW/ उद्यान मित्र एवं जिला स्तर पर कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार।

PR.NO.330589 Agriculture(24-25):D

# पुलिस टीम ने 22 बोरों में भरकर ले जाये जा रहे 491 किलोग्राम गांजा किया जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता





**रामगढ़।** 23 जुलाई की रात्रि पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को गुप्त सूचना मिली कि नशा तस्करो द्वारा रांची की ओर से एक लाल रंग के छोटा ट्रक सं०-यूपी -78बीटी -9360 में गांजा लोड कर हजारीबाग की ओर जाने वाला है। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा अवैध नशा तस्करी के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई करने को लेकर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने 24 जुलाई को प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने बताया की गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कुज्जू ओपी अंतर्गत मुरपा के पास रामगढ़ से हजारीबाग जाने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग में सत्त रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस बल को देख वाहन चालक भागने का प्रयास करने लगे जिसे छापामारी दल द्वारा उक्त वाहन को खदेड़कर पकड़ा गया। चालक का नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम-पता तुलसी यादव पे०-स्व० सरदार यादव, सा०-लरमी, थाना-छतरपुर, जिला-पलामू बताया। पुलिस अधीक्षक ने बताया की चालक से पुछताछ करने पर उक्त वाहन पर अवैध गांजा का परिवहन करने की बात बतायी गई। अनुमंडल पुलिव पदाधिकारी रामगढ़ द्वारा अग्रतर विधिक कार्रवाई करते हुए ट्रक गाड़ी सं०-यूपी -78बीटी -9360 के डाला के अंदर से प्लास्टिक कैरेट के बीच काला रंग के प्लास्टिक से ढका अलग-अलग रंग के कई प्लास्टिक बोरा कुल 22 बोरा बरामद हुआ, जिसके अंदर में भुरा रंग का सेलोटेप से लपेटकर पैक किया गया था तथा छोटा-छोटा पैकेट के अंदर अवैध गांजा मिला जिससे गांजा का गंध आ रहा था। बारी-बारी से सभी 22 बोरा का वजन करने पर कुल वजन 491.65 कि०ग्रा०, प्रयुक्त ट्रक एवं अन्य सामग्रियों को जब्त किया गया। अवैध रूप से गांजा का परिवहन करने के आरोप में उक्त ट्रक के चालक को गिरफ्तार किया गया। कांड में शामिल अन्य अभियुक्तों के विरूद्ध माण्डू (कुज्जू) थाना काण्ड सं0 178/24. दिनांक-23.07.2024, धारा-20 (b) (ii) (c)/25/29 एनडीपीएस एक्ट 1985 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। पकड़े गए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा नशा एवं मादक पदार्थ के विरूद्ध चलाये गये अभियान के तहत बड़ी मात्रा में अवैध गांजा की बरामदगी एवं तस्कर की गिरफ्तारी की गयी। अवैध नशा के सौदागरों के विरूद्ध आगे भी सजगता के साथ नियमित रूप से रामगढ़ पुलिस के द्वारा अभियान जारी रहेगा। छापामारी दल में शामिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद, मांडू अंचल पुनि सुरेश लिंडा, कुमार एवम सशस्त्र बल के जवान शामिल थे ।

हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत सभी मार्केट के दुकानदारों का बकाया राशि 21 दिनों के अन्दर जमा करना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा नगरपालिका अधिनियम 2011 के अनुसार विधि सम्मत् कार्रवाई करते हुए आवंटन रद्द करने की कार्रवाई किया जायेगा।

नगर आयुक्त सह प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR 330609 Urban Development and Housing(24-25).D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
WATER RESOURCES DEPARTMENT
IRRIGATION MECHANICAL DIVISION, RANCHI-834002.

Very Short Notice Inviting e-quotation (3rd Call)
(PR NO. 327793 Water Resources (24-25):D
Notice No.- 02/2024-25

Government of Jharkhand through its Public Works Department (PWD) is engaged in framing/revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for hire charges of Plant & Machineries annexed as Annexure-1 for Construction Works from Reputed Manufacturers/Owners/Lessee for respective items. The Hire Charges conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in different Civil construction/infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in Details of Plant and Machineries are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate for hire charges of Plant and Machineries online from 29.07.2024 at the 10:30hrs. to 03.08.2024 at 16:00 hrs. The quotation will be opened on 05.08.2024 at 14:00 hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Hire Charges of Plant and Machineries at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

**Address for Communication:-**
Executive Engineer, Irrigation Mechanical Division, In front of Nepal House, Bairake No. – 03, Doranda, Ranchi – 834002.
Mobile No. – 8409836483

Executive Engineer
Irrigation Mechanical Division, Ranchi.

PR 330553 Water Resource(24-25)#D

स्पीड न्यूज

## टंडवा में आयकर विभाग की छापेमारी से हड़कंप

**टंडवा (चतरा)।** औद्योगिक क्षेत्र टंडवा में आयकर विभाग ने मंगलवार देर शाम तक लगभग चार घंटे तक व्यापारिक संस्थाओं पर छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान कई संबंधित कागजातों की जांच की गई। आयकर विभाग की टीमों की भनक लगते ही कई दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं। शहीद चौक, बाजार टांड सहित कई क्षेत्रों में दुकानों के शटर बंद देखे गए। आयकर विभाग की इस कार्रवाई से यह स्पष्ट होता है कि टंडवा में कुछ व्यवसाय टैक्स चोरी कर रहे थे। हजारीबाग आयकर विभाग की इस कार्रवाई से टंडवा मार्केट में हड़कंप मच गया। वर्तमान में, 2.5 लाख से 5 लाख रुपये की आय पर 5 प्रतिशत टैक्स लगता है, 5 से 10 लाख रुपये की आय पर 20 प्रतिशत टैक्स लगता है और 10 लाख रुपये से अधिक आय पर 30 प्रतिशत टैक्स लगता है। आयकर विभाग को मिली शिकायतों के आधार पर क्रय-विक्रय पर जांच की गई।

## प्रमुख ने शिविर का किया उद्घाटन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड से पहुंची सेवा दल ने सुल्तान गंज से बाबा धाम जाने वाले रास्ते में भूलभुलैया के समीप सुगासार पैदल जाने वाले कांवरियों की सेवा करने के उद्देश्य से स्थानीय प्रमुख ऋषभ कुमार व पंचायत समिति सदस्य पवन राज ने शिविर का उद्घाटन किया। बतादें कि सेवादल के द्वारा 19 अगस्त 2024 तक सेवा दी जाएगी। इसके अतिरिक्तफल, शरबत व दवाइयों का वितरण करेगी। शिविर में सेवा करने के लिए मरकच्चो से सोनू सिंह के नेतृत्व में रिंकू सिंह, सुजीत सिंह, विनोद ठाकुर, पियूष सिंह, विकास सिंह, बबलू सिंह, बिहार गौरव, विजय सिंह, मुन्ना साव, पप्पु कुमार वर्मा, विकास कुमार सिंह, सुमित कुमार समेत दर्जनों लोग कांवरियों की सेवा करने के लिए मौजूद हैं।

## आगजनी से लगभग पचास हजार का नुकसान

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड के ईटांय पंचायत अंतर्गत ग्राम जोगीडीह (रसैला) में खैपरैल मकान में आग लगने से हजारों की संपत्ति जल जाने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार मसोमात जिलेबिया देवी पति स्व.चंद्र महतो के घर में अचानक आग लग गयी। जिसमें 20 हजार रूपये नगद, कपड़ा, जानवर का चारा व अन्य सामग्री जलकर नष्ट हो गया। वहीं स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। वहीं स्थानीय मुखिया अमर कुमार स्थल पर पहुंचकर परिजनों को ढाढस बंधाया तथा सरकारी लाभ दिलाने का भरोसा दिया।

## बारीसाखी पंचायत गांव में असाढ़ी पूजा की तैयारी

**गिद्धौर।** बारीसाखी पंचायत गांव में असाढ़ी पूजा को लेकर बुधवार को बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता राजकुमार दांगी ने की और संचालन शिवकुमार यादव ने किया। बैठक में सामूहिक रूप से असाढ़ी पूजा को लेकर विचार-विमर्श किया गया और निर्णय लिया गया कि बृहस्पतिवार को गांव-गांव घूमकर मांगत मांगा जाएगा और शुक्रवार को पूजा-अर्चना की जाएगी। इस अवसर पर पुजारी लिलो यादव, पोरोहित लक्ष्मी पांडेय, बुधन साव, देवकुमार साव, रघु दांगी, तीरथ साहब, खिरोधर यादव, विनोद साव, जगदीश साव और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## शिक्षक-अभिभावक बैठक में कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

**गिद्धौर।** बारीसाखी पंचायत गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में अभिभावकों के साथ शिक्षकों ने बैठक आयोजित की। बैठक में सैकड़ों अभिभावक उपस्थित हुए। शिक्षकों ने अभिभावकों से बच्चों के उज्जवल भविष्य और शिक्षा से संबंधित जानकारी जुटाई। अभिभावकों से बच्चों के भविष्य के बारे में पूछताछ की गई और उनकी जीवनी की जानकारी जुटाई गई। शिक्षकों ने अभिभावकों से कहा कि वे बच्चों को नहलाकर और कपड़े साफ करके स्कूल भेजें।

### मतदाता सूची में नाम जांचों अभियान 25 को, उपायुक्त ने जिलेवासियों से की अपील, कहा

# मतदान केंद्र जाकर, सूची से नाम का करें सत्यापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है, इसके तहत 25 जुलाई को मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन का कार्यक्रम निर्धारित है और इसी दिन सभी मतदान केंद्रों में नाम जांचों अभियान कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा, ताकि मतदाता अपने बूथों पर जाकर सूची में अपने नाम का सत्यापन कर सके, कहीं कोई त्रुटि होगी तो तत्काल सुधारने की कार्रवाई की जाएगी, उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कही। वहीं उन्होंने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कही कि लोकसभा चुनाव के दौरान कुछ जगहों से यह शिकायतें आयी थी, की सम्बंधित मतदाता के पास फोटो पहचान पत्र है, परन्तु सूची में नाम दर्ज नही है, इस तरह की परेशानी विाानसभा चुनाव में नही हो, इसके लिए 25 जुलाई को नाम जांचों कार्यक्रम का आयोजन सभी बूथों पर किया गया है। उन्होंने कहा कि जिलेवासियों से अपील है कि निर्धारित तिथि को दोपहर 12 बजे से 1 बजे के बीच सम्बंधित मतदान केंद्रों में पहुंचे और मतदाता सूची में अपने नाम पता, बूथ नम्बर आदि का सत्यापन करें, कोई त्रुटि होने पर बीएलओ को इसकी जानकारी दें, ताकि अविलंब उन त्रुटियों को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि सूची में यदि नाम समेत अन्य विवरण सही होने पर सोशल मीडिया में इस आशय से सम्बंाित पोस्ट को नाम जांचों के साथ शेयर करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 25 जुलाई से 20 अगस्त तक चलाया जाएगा। इस दौरान नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, वोटरलिस्ट से त्रुटियों को दूर करने आदि कार्य किये जायेंगे, उन्होंने बताया कि 13 मतदान केंद्रों का भवन परिवर्तन किया गया है। मौके पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, डीएलओ गिरिजा शंकर महतो आदि मौजूद थे।

## उपायुक्त ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा की जिले में 25 जुलाई को मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन किया जाना है, साथ ही इसी दिन मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 शुरू होगा, जो 20 अगस्त तक चलेगा, कार्यक्रम को लेकर 25 जुलाई से बीएलओ द्वारा घर घर जाकर सूची से नामों का सत्यापन का कार्य किया जाएगा, ऐसे में आपलोग इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करें, ताकि शतप्रतिशत मतदाताओं का नाम सूची में दर्ज हो सके, उन्होंने कहा कि जिन लोगों का नाम सूची में नही है, उन मतदाताओं का नाम सूची में दर्ज करवाने में सहयोग करें।

उन्होंने दलों के प्रतिनिधियों को कहा कि 25 जुलाई को सभी बूथों पर नाम जांचों कार्यक्रम निर्धारित है, आपलोग से अपील है कि निर्धारित तिथि को बूथों पर पहुंचे और सूची से वोटरों के नामों के सत्यापन कार्य को सफल बनाने में सहयोग करें अथवा ऑनलाइन के माध्यम से लोगों को अपना नाम सत्यापन के लिए जागरूक करें। मौके पर विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि और विभागीय पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल

**कोडरमा।** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत रायडीह मोड़ के समीप बुधवार दोपहर करीब 12 बजे मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार कोडरमा थाना क्षेत्र के लोचनपुर निवासी 56 वर्षीय भोला कुमार यादव पिता स्व माणिक यादव व 22 वर्षीय प्रशांत कुमार पिता देवनारायण साव मोटरसाइकल से बरयारडीह जा रहे थे। इसी दौरान रायडीह मोड़ के समीप मोटरसाइकिल आनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने घायलों को सदर अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने प्रशांत कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

### एक करोड़ पांच लाख 81 हजार की लागत से

## जर्जर सड़क मरम्मती कार्य का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**मरकच्चो (कोडरमा)।** कोडरमा व गिरिडीह जिला को जोड़ने वाली सड़क प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक चौक से गोरहन्द पथ तक 1.700 किलोमीटर जर्जर सड़क मरम्मत को लेकर विधायक डॉ.नीरा यादव ने ग्रामीण कार्य विभाग योजना के तहत नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। वहीं दो जिलों को जोड़ने वाली प्रमुख सड़क प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो चौक से गोरहन्द पथ तक 1.700 किलोमीटर सड़क पूर्ण रूप से जर्जर हो चुका था, जिसकी मरम्मती को लेकर यहां के स्थानीय लोगों ने कई बार गुहार लगा चुके थे। आम लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। वहीं विधायक डॉ.नीरा यादव ने कहा कि इस सड़क की मरम्मत हो जाने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। इस सड़क की मांग क्षेत्र के लोगों ने लंबे समय से करते आ रहे थे। मरम्मत कार्य मेसर्स मनोरंजन सिंह कंपनी के द्वारा कराया जाएगा। इस सड़क का निर्माण के लिए 1 करोड़ 5 लाख 81 हजार की लागत से की जानी है। मौके पर विजय कुमार सिंह, रंजीत कुमार सिंह, विजय यादव, मनोरंजन सिंह, रवींद्र पांडेय, पवन सिंह, सुनील यादव, सकलदेव सिंह, नवीन सिंह, शम्भु सिंह, रामचन्द्र यादव, सदानन्द वर्मा, मनोज पासवान, नन्द किशोर भारती, भोला यादव, लखन पासवान समेत कई कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

## छापेमारी में आठ बालू लोड ट्रैक्टर जब्त

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चोपनाडीह स्थित केशो नदी के बालू घाटों पर बुधवार को सीओ परमेश्वर कुशवाहा व थाना प्रभारी सौरव कुमार शर्मा के नेतृत्व में की गयी छापेमारी में बालू लोड आठ ट्रैक्टर जब्त किया। प्रशासन की इस कार्रवाई से बालू लूट में लगे लोगों में हड़कंप मच गया। बालू की तस्करी को लेकर मिली गुप्त सूचना के आधार पर बालू लदे ट्रैक्टरों को जब्त की गई है। ताबड़तोड़ बालू की तस्करी में लगे आठ ट्रैक्टरों को पुलिस की टीम ने छापेमारी कर चोपनाडीह के बांसडीह स्थित केशो नदी इलाके से जब्त किया है। कुछ ट्रैक्टरों में बालू लोड है, जबकि अन्य ट्रैक्टरों में पुलिस की कार्रवाई को देखकर लोड बालू को खाली कर भाग रहे थे, इसी दौरान पुलिस की टीम ने खदेड़कर उन्हें पकड़ा।

## दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार धूम धाम संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** हंटरगंज के रामनारायण मेमोरियल महाविद्यालय और इंटरनेशनल सेंटर फॉर साइंटिफिक रिसर्च एंड डेवलपमेंट बेंगलुरू कर्नाटका के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

सेमिनार का विषय 'अकादमिक अनुसंधान गतिविधियों के विकास के लिए एक पद्धतिगत दृष्टिकोण' था। सेमिनार में चतरा कॉलेज चतरा के अंग्रेजी विभागाध्यक्ष और महाविद्यालय के विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ मनीष दयाल मुख्य अतिथि थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शोध जीवन और शिक्षा के सभी क्षेत्रों में होना चाहिए तभी हम विश्व पटल पर खड़े हो सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सिर्फ अपने पूर्वजों के द्वारा किए गए शोध के राग को अलापने से शोध नहीं होगा बल्कि उसे व्यावहारिक जीवन में लाना होगा और जमीनी स्तर पर शोध करने होंगे। सेमिनार के अंतिम दिन विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। सेमिनार को साहित्यिक रंग देने के लिए सूफी कलाम और गजल के लिए सौरभ दुबे और कुल गीत के लिए शौर्य कुमारी, प्रीति कुमारी, पम्मी कुमारी की टीम को सम्मानित किया गया।

## वार्ड सदस्यों ने मखिया और पंचायत सचिव के खिलाफ खोला मोर्चा

### कार्यकारिणी सदस्यों से राय लिए बिना समानों का क्रय से आग बबूला हुए सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिमरिया।** समानों का क्रय से सेरनदाग पंचायत के मुखिया और पंचायत सचिव की कार्यशैली से गुस्साए वार्ड सदस्य बुधवार को एसडीओ और बीडीओ कार्यालय पहुंचे। वार्ड सदस्यों की शिकायत है कि मखिया और पंचायत सचिव पंचायत कार्यकारिणी की सहमति लिए बगैर पंचायत में समानों की खरीद कर रहे हैं जिसका क्वालिटी काफी घटिया है। वार्ड सदस्य गुड़िया देवी, बबिता कुमारी, सरिता कुमारी, तारो देवी सहित अन्य ने कहा कि मखिया और पंचायत सचिव ने पंचायत भवन में सोलर प्लेट और बैटरी, जलमीनार सैनिटरी पैड बनाने वाली मशीन और वाटर प्यूरिफिकेशन के लिए उपकरण खरीदी है। मखिया के स्थान पर कभी उनके भाई तो कभी कभी पति निर्णय लेते हैं।वार्ड सदस्यों ने कहा कि 22 जुलाई को जब उपमुखिया और अन्य प्रतिनिधि ने पंचायत के स्कूल का निरीक्षण किया तो स्कूल में रखे सेनेटरी पैड बनाने वाली मशीन खराब मिली। वार्ड सदस्यों ने जिले के डीसी, डीडीसी, एसडीओ और बीडीओ को शिकायत पत्र सौंप कर इस मामले की जांच कराने और दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## नये कार्यपालक पदाधिकारी ने दिया योगदान

**कोडरमा।** नगर विकास एवं आवास विभाग के अधिसूचना के तहत नगर पंचायत कोडरमा के कार्यपालक पदाधिकारी के रुप में शंभु प्रसाद कुशवाहा ने योगदान दिया। श्री कुशवाहा इसके पूर्व आदित्यपुर में सहायक नगर आयुक्त के पद पर पदस्थापित थे। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं की जानकारी देते हुए कहा कि शहर की नियमित साफ सफाई, नागरिक सुविधाएं प्रदान करना, शहर को साफ एवं सुंदर बनाना उनकी प्राथमिकता सूची में रहेगी, साथ ही विभागीय निर्देशों का अनुपालन, इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण, नगरवासियों को विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

## प्रखंड का घेराव 25 को

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 25 जुलाई 2024 को भाकपा अंचल कमिटी जयनगर के द्वारा प्रखंड में आबुआ आवास में कमीशन खोरी, दाखिल खारिज जमीन ऑनलाइन खाता एवं प्लॉट चढ़ाने के नाम पर मोटी रकम लेने, गैर मजरूआ जमीन का रसीद निर्गत करने, बीडीओ को प्रखंड में नियमित बैठने की गारंटी करने आदि सवालों को लेकर धरना प्रदर्शन की जाएगी।

## नगर परिषद में नए प्रशासक ने किया योगदान

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर परिषद में बुधवार को नए प्रशासक के रूप में अंकित गुप्ता ने योगदान दिया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए अंकित गुप्ता ने कहा कि नगर परिषद में नई योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ-साथ योजनाओं को धरातल पर उतरने के अलावा नगर परिषद को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। प्रशासक श्री गुप्ता ने कहा कि उन्हे नगर परिषद क्षेत्र में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, मगर सबका सहयोग मिला तो कोई भी चुनौती आसानी से हल किया जाएगा। वहीं उन्होंने बताया कि झुमरीतिलैया नगर परिषद में उन्होंने 6 माह तक ट्रेनिंग की और पहली पोस्टिंग के रूप में सहायक नगर आयुक्त धनबाद नगर निगम के रूप में अपना योगदान दिया था।

# खेतों में धान का बीज हुआ तैयार, किसान वर्षा का कर रहे इंतजार

### पानी के बिना खेतों में मर रहे धान का बीज, फिर से अकाल की संभावना

देवेन्द्र कुमार



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न इलाकों में धान का बीज खेतों में तैयार हो चुका है, लेकिन वर्षा नहीं होने के कारण किसान भाई काफी नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। वहीं किसानों का कहना है कि वर्षा के बिना धान का बीज खेतों में मर रहा है, जिससे स्पष्ट पता चल रहा है कि इस बार भी अकाल का संभावना साफ प्रतीत हो रहा है। बताते चलें कि प्रखंड के गोहाल पंचायत अंतर्गत ग्राम भुआलडीह के एक किसान रेखो महतो उर्फ रेखो यादव ने खेतों में काफी नाराजगी व्यक्त करते हुए दिखे। मिली जानकारी के अनुसार यादव ने बताया कि धान खरीफ की मुख्य फसलों में से एक है। इसकी बुवाई हम सारे किसान भाइयों ने एक महीने पहले कर चुके हैं, मगर सही समय पर वर्षा नहीं होने के कारण यह बीज खेतों में मर रहा है। जिससे हम सभी किसान भाइयों का काफी नुकसान हुआ है। वहीं श्री यादव का कहना है कि वर्षा के कारण पिछले वर्ष भी धान की फसल अच्छी नहीं हुई और इस वर्ष भी हम लोगों को वर्षा का इंतजार करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जुलाई महीने के अंत तक लगभग सभी किसान भाई अपने अपने खेतों में धान का फसल लगाना समाप्त हो जाता था, लेकिन दुर्भाग्य है कि इस वर्ष समय पर वर्षा नहीं होने के कारण खेतों में धान का बीज मरता हुआ नजर आ रहा है। जिससे क्षेत्र के सभी किसानों ने दुख व्यक्त करते हुए प्रकृति से वर्षा का उम्मीद कर रहे हैं।

एक नजर में

## सड़क नही बनी तो विस चुनाव में केंदुआ गांव के ग्रामीण करेंगे वोट का बहिष्कार

**सिमरिया।** प्रखण्ड के पुंडरा पंचायत के केंदुआ गांव के ग्रामीण सड़क नही बनने पर विधान सभा चुनाव में वोट का बहिष्कार करेंगे। बुधवार को ग्रामीण सड़क पर उतरकर जमकर विरोध किया। यह सड़क टूटीलावा एनएच 100 से लेकर केंदुआ गांव तक जाती है। सड़क की लंबाई दो किमी है। पथ जर्जर व गड्ढों में तब्दील है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। बारिश होने पर उक्त पथ पर बने गड्ढो में पानी और कीचड़ का जमाव हो जाता है जिससे सड़क नारकीय बन जाता है। जिससे गांव के लोगो को आवागमन मे कठिनाई हो होती। साथ ही लोगो को चलना दुर्भर हो जाता है। सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे होने के कारण आए दिन लोग दुर्घटना ग्रस्त होकर घायल हो जा रहे है। स्कूली बच्चों को विद्यालय आने जाने में परेशानी हो रही है। दो पहिया, तीन पहिया व चार पहिया वाहन चालकों चलना मुश्किल हो जाता है। गांव की आबादी लगभग एक हजार है। यहां किसान वर्ग के लोग रहते है जो खेती पर निर्भर है। किसानो को उत्पादित साग सब्जी को बाजार ले जाने में कठिनाई होतीहै। इस सड़क से हरेक दिन पांच सौ लोगो का आना जाना लगा रहता है। ग्रामीण पांच वर्षों से सड़क बनाने की मांग स्थानीय विधायक और सांसद से करते आ रहे है, किंतु ग्रामीणों की सड़क की समस्या का समाधान किसी भी जनप्रतिनिधि अबतक नहीं किया गया। इससे ग्रामीणों में रोष है।

## पत्रकार पर हमले के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर मिले पत्रकार

**गिद्धौर।** बुधवार को पत्रकार मोकिम अंसारी और अंचल पत्रकार भूपेंद्र पांडेय ने गिद्धौर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता से मुलाकात की और गांगपुर निवासी पत्रकार कुदुस आलम पर हुए जानलेवा हमले के मामले में कार्रवाई की मांग की। कुदुस आलम पर पिछले दिनों धारदार हथियार से हमला किया गया था और वह बुरी तरह घायल हो गए थे। पत्रकारों ने थाना प्रभारी से हमलावरों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की और चेतावनी दी कि अगर जल्द ही हमलावरों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो पत्रकार संघ अनशन करने पर मजबूर होगा।थाना प्रभारी ने बताया कि हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है, लेकिन सभी हमलावर फरार हैं और उनके मोबाइल फोन भी बंद हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस लगातार प्रयास कर रही है और जल्द ही हमलावर पुलिस की गिरफ्त में होंगे। थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि पत्रकारों पर हमला करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें किसी भी सूरत में गिरफ्तार किया जाएगा।

## बारीसाखी पंचायत कार्यालय में कार्यकारिणी की बैठक

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के बारीसाखी पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में बुधवार को कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता मुखिया सुमीरा कुमारी ने की और संचालन पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय ने किया। बैठक में उपस्थित लोगों के साथ पंचायत सचिवालय में कई चचाएँ हुईं। सुदृढ़ीकरण राशि को सरकार की गाइडलाइन के तहत कार्य करने, 15वीं वित्त आयोग की राशि से जन उपयोगी योजनाओं को क्रियान्वित करने और मनरेगा के तहत सरकार द्वारा चलाई गई महत्वाकांक्षी योजनाओं को क्रियान्वित करने के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया और सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती, पंचायत समिति प्रतिनिधि परमेश्वर रविदास, उपमुखिया मुखिया विकास कुमार पांडे, वार्ड सदस्य मनोज रविदास, लक्ष्मण रजक, विकास कुमार बिक्कू, विजय रजक और सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## मतदाता सूची में त्रुटि रहने पर अपने बीएलओ से करें संपर्क: सुरेंद्र उरांव

**चतरा।** समाहरणालय सभा कक्ष में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सुरेंद्र उरांव ने सोशल मीडिया अभियान नाम जांचों अभियान के महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराने एवं अपेक्षित सहयोग हेतु मान्यता प्राप्त राजनैतिक पार्टी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। प्री रिवीजन गतिविधि 25 जून 2024 से 24 जुलाई 2024 तक चलाया गया जिसका प्रारूप प्रकाशन 25 जुलाई 2024 को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर किया जाएगा। 25 जुलाई 2024 से मतदाता सूची का द्वितीय पुनरीक्षण प्रारंभ है जो 9 अगस्त 2024 तक निर्धारित है तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 20 अगस्त 2024 को निर्धारित है। एक जुलाई को जिन मतदाताओं का उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो चुका है वैसे मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए बूथ स्तर के पदाधिकारी द्वारा घर घर विजिट किया जा रहा है। मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन 25 जुलाई गुरुवार को सभी मतदान केंद्रों, प्रखंड कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय, उपायुक्त कार्यालय पर किया जाएगा।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के निदेर्शानुसार ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर 25 जुलाई को 12 बजे से 1 बजे तक नाम जांचों अभियान चलाया जा रहा है।

## आयरन फैक्ट्री में कार्य के दौरान एक मजदूर की मौत

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र के महतोअहरा गझंडी रोड स्थित दादी जी आयरन फैक्ट्री में बुधवार को एक हादसा हो गया। जहां काम के दौरान एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में फैक्ट्री के अन्य मजदूरों के सहयोग से घायल को एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक की पहचान 40 वर्षीय वीर बहादुर सिंह पिता राजवीर सिंह बलिया (युपी) निवासी के रूप में की गई है। घटना के बाद इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई। उल्लेखनीय रहे की झुमरीतिलैया शहर व आसपास के इलाकों में कई आयरन फैक्ट्रियां संचालित हो रही है और इन फैक्ट्री में दुर्घटना आम बात हो गई है, यहां हर दिन किसी न किसी फैक्ट्री में कोई ना कोई मजदूर घायल हो जाता है या किसी मजदूर की मौत हो जाती है। इसी कड़ी में बुधवार को भी ऐसा ही एक हादसा दादी जी स्टील फैक्ट्री में घटी है। इस बावत जब फैक्ट्री संचालक पप्पू सोनी से मोबाइल पर संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया, इस घटना की पुष्टि तिलैया पुलिस ने की है।

## स्कूल रुआर के तहत चलाया जा रहा अभियान

**कोडरमा।** झारखंड सरकार के स्कूली एवं साक्षरता विभाग के द्वारा आयु वर्ग 5 से 18 वर्ष के छीजित एवं अनामांकित बच्चे बच्चियों के स्कूल में नामांकन एवं उनके नियमित उपस्थिति को लेकर एक अभियान स्कूल रुआर के तहत चलाया जा रहा है। रुआर एक संथाली शब्द है जिसका अर्थ है ''कम बैक टू स्कूल'' विद्यालयों में स्कूल रुआर के तहत 16 जुलाई से 31 जुलाई तक अलग अलग कार्यक्रम तय किए गए हैं। कार्यक्रम में पौधरोपण, कचरे के वर्गीकरण यथा गीले कचरे एवं सूखे कचरे के बारे में जानकारी एवं उनके निष्पादन के लिए डस्टबीन के प्रयोग आदि की जानकारी देना है। इसी कड़ी में आदर्श मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अश्विनी तिवारी के मार्गदर्शन में इको क्लब के प्रभारी शिक्षक ईरशाद आलम, अनुपमा पांडेय एवं संजीत भारती सहित ईको क्लब के मंत्री एवं सदस्य ने लगभग 25 पौधे का पौधरोपण किया गया। पौधरोपण की महत्ता बताते हुए श्री तिवारी ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, मानसूनी वर्षा में कमी, मौसम की अनियमितता, प्राकृतिक असंतुलन, ऑक्सीजन की कमी आदि अनेक समस्याओं का कारण अंधाधुंध पौधों एवं वृक्षों का कटाव किया जाना है। जिसकी भरपाई पौधरोपण, वृक्षारोपण करके ही किया जा सकता है। बच्चों में प्रारंभिक स्तर से ही पौधरोपण एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के लिए इसे स्कूली कार्यक्रम में शामिल किया जा रहा है। छुट्टी के बाद टोला भ्रमण के कार्य किया गया, जिसके तहत हर घर में जाकर अनामांकित बच्चों के संबंध में जानकारी ली गई।

## स्पीड न्यूज

### रायडीह प्रखंड के केपुर व नवागढ़ पंचायत में जलापूर्ति किया गया बंद



गुमला। रायडीह प्रखंड के कई गांवों के लोगों को इस बरसात में शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो रहा है। लोग गंदे पानी पीने को विवश हैं। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल से जल रायडीह प्रखंड के नवागढ़ एवं केपुर पंचायत में दम तोड़ती नजर आ रही है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार नवागढ़ पंचायत एवं केपुर पंचायत में हर घर नल योजना के अंतर्गत जल मीनार का निर्माण हो चुका है। कुछ दिनों तक नल के माध्यम से घर-घर तक पानी पहुंच रहा था। लेकिन पिछले 6 जुलाई से पानी का सप्लाई पूरी तरह से बंद है। जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा ह और दूषित पानी का सेवन करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बतलाया कि दूषित पानी के सेवन से कई तरह के बीमारी होने का डर उन्हें सता रहा है। सूरज देव सिंह एन्ड सन्स के कर्मी संतोष कुमार ने बतलाया की उन्हें कंपनी के द्वारा 10 जून को पानी की सप्लाई बंद करने का आदेश प्राप्त हुआ। जिसके बाद हमलोगो को पेयजल एवं स्वछता विभाग गुमला के द्वारा पानी सप्लाई सुचारु रखने को कहा गया। लेकिन बरसाती पानी को फिल्टर करने का केमिकल नहीं दिया गया। जिसे हमलोगो के द्वारा 6 जुलाई से पूरी तरह से सप्लाई बंद कर दिया है।

### डीडीसी ने घाघरा प्रखंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

घाघरा। डीडीसी दिलमेश्वर महतो ने घाघरा प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में बीडीओ को कई आवश्यक दिशा निर्देश दी। साथ ही मनरेगा कर्मियों के हुए हड़ताल के संबंध में बताया कि मनरेगा के कार्यों में किसी भी तरह की परेशानी लाभुकों को ना हो। जिसे लेकर पंचायत सचिव के माध्यम से मनरेगा कार्य को पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही मनरेगा के कनीय अभियंता हरि उरांव पर लाभुक से एमबी बनाने के एवज में घुस पैसा लेने के आरोप के संबंध में पूछे जाने पर डीडीसी ने कहा की जांच चल रही है। जांच की प्रक्रिया जल्द पूरा होने के उपरांत निश्चित तौर पर ऐसे कर्मी के ऊपर कठोर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उपस्थित लोगों में बीडीओ दिनेश कुमार उपस्थित थे।

### उड़िया विद्यालय की स्थापना व अन्य सुविधा देने की उत्कल समाज ने की मांग



**अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते उत्कत ब्रह्मण समाज के सदस्य।**

गुमला। अल्पसंख्यक आयोग झारखंड के उपाध्यक्ष शमशेर आलम के गुमला आगमन पर स्थानीय परिसदन में उत्कल ब्राह्मण परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने उनसे शिष्टाचार मुलाकात कर एक मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में बताया गया कि दक्षिणी छोटानागपुर अंतर्गत रांची सहित गुमला, लोहरदगा, खूंटी तथा सिमडेगा जिले में काफी संख्या में उत्कल भाषी सैकड़ों वर्षों से निवास कर रहे हैं। बावजूद इसके सभी सरकारों द्वारा इनके हितों की सदैव उपेक्षा की जाती रही है। इन जिला मुख्यालयों में उड़िया विद्यालय खोलने की मांग वर्षों से की जाती रही है। परन्तु इस दिशा में कभी भी सरकार स्तर पर सकारात्मक पहल नहीं किया जा सका है। इसके अलावे इस क्षेत्र में रह रहे उत्कल भाषियों को भाषाई अल्पसंख्यक का दर्जा देने की मांग भी पुरानी है। परन्तु इस ओर भी अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के फलस्वरूप अल्पसंख्यकों को मिलने वाली सुविधाओं से यह वर्ग वंचित एवं उपेक्षित है। मुलाकात के दौरान आयोग के उपाध्यक्ष द्वारा मांगों को सरकार के संज्ञान में देने का आश्वासन दिया गया। प्रतिनिधि मंडल में द्वारिका मिश्र ₹सुमन₹, चितरंजन मिश्र, सुजीत नन्द, डी.एन. मिश्र, केदार नाथ मिश्र आदि उपस्थित थे।

### बजरंग दल के चार कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

गुमला। सदर अस्पताल गुमला स्थित ब्लड बैंक में बजरंग दल कार्यकर्ता के चार कार्यकर्ताओं ने बुधवार को रक्तदान कर मरीजों की सहायता की। जिसमें अनीश साहू, हर्षराज सिंह, विकास साहु व विशाल कुमार ने रक्तदान किया। विशाल ने एक थेलेसिमिया बच्ची को रक्तदान किया। मौके पर मुकेश सिंह, यशराज सिंह, लैब टेक्नीशियन राकेश सिंह अनूप लाल, संगीता कुमारी, अंजू किंडो,गीत कुमारी समेत अन्य मौजूद थे।

### भाकपा (माले) रेड स्टार की बैठक 27 को

गुमला। भाकपा (माले) रेड स्टार जिला समिति गुमला की बैठक आगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी उतारने को लेकर पार्टी कार्यालय में दिन के 11 बजे से आयोजित की जाएगी। बैठक में शहीद भगत सिंह जयंती पर 28 सितंबर 2024 को रांची के विधानसभा मैदान में होनेवाली झारखंड बचाओ महारैली की सफलता तथा विधानसभा चुनाव में पार्टी द्वारा चुनाव लड़ने पर विचार विमर्श करने और आगामी रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के राज्य सचिव कामरेड वशिष्ठ तिवारी तथा झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक सह माले के प्रमंडल प्रभारी कामरेड विजय सिंह मुख्य रूप से भाग लेंगे।

# आज दोपहर 12 से 1 बजे तक सोशल मीडिया पर चलेगा #नाम जांचों अभियान : अमित कुमार

मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर अनुमण्डल पदाधिकारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि वर्तमान में मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण, 2024 का कार्य चल रहा है। जिसके अंतर्गत 25 जुलाई 2024 को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन निर्धारित है। मतदाता सूची के प्रारूप के प्रकाशन के उपरांत ऐसे में कोई भी नागरिक अपने बूथ पर जाकर बीएलओ से संपर्क कर या वोटर हेल्पलाईन मोबाईल एप पर या अपना एपिक कार्ड नंबर को 1950 पर एसएमएस कर अपना नाम मतदाता सूची में जांच सकते हैं। इस प्रक्रिया को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया पर 25 जुलाई 2024 को दोपहर 12 बजे से 01 बजे तक (एक घंटा) हैशटैग के साथ नाम जांचो अभियान चलाया जाएगा। कोई भी नागरिक अगर अपना नाम जांच करते हैं तो इसे अपने सोशल मीडिया पर हैशटैग #ठेंखंल्लूँङ्क के साथ अपलोड कर सकते हैं। साथ ही, इसे जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोहरदगा, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और भारत निर्वाचन आयोग के सोशल मीडिया हैण्डल को टैग किया जा सकता है। उक्त जानकारी अनुमण्डल पदाधिकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दी। उन्हों बताया कि यह अभियान संपूर्ण झारखण्ड में चलेगा। सभी बूथों पर इस दिन बीएलओ उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक आदि उपस्थित थे।

# अनुसुचिवीय कर्मचारी संघ अपनी नौ सूत्री मांगों को लेकर तीसरे दिन भी रहे हड़ताल पर

**खबर मंत्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** राज्य सरकार की मुश्किलें और बढ़ सकती है। सहायक पुलिस, पारा शिक्षक, मनरेगाकर्मियों के बाद अब झारखंड राज्य अनुसुचिवीय कर्मचारी संघ अपनी नौ सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए है। जिला समाहरणालय मैदान में अनुसुचिवीय कर्मचारी संघ अपनी मांगो को लेकर आंदोलन करने की योजना बनाई है। संघ अपनी वेतन बढ़ोतरी, पदोन्नति, उच्च पदों पर नियुक्ति में आरक्षण, उम्र सीमा में छूट के साथ कार्यकाल को 60 से बढ़ाकर 65 साल करने सहित अपनी नौ सूत्री मांगों को लेकर 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। सरकार अगर अनुसुचिवीय कर्मचारी संघ के मांगो को नही मानती है तो, राज्य में फिर से एक संघ का आंदोलन देखने को मिलेगा जो राज्य सरकार की मुश्किलें बढ़ा सकती है। हड़तालकर्मियो ने बताया कि वे लगातार सरकार के समक्ष अपनी मांगो को रख रहे हैं लेकिन सरकार उनकी मांगो को लेकर चिंतित नहीं है। इनकी बहाली की जाती है लेकिन इन्हें न तो पदोन्नति मिलती है और न की आरक्षण, साथ में नाम मात्र सिर्फ वेतन मिलता है। एक ही पद पर जिंदगी भर कार्यरत रहना पड़ता है जबकि, कर्मचारियों की डिग्री उच्च पदों पर जाने की है।

# अल्पसंख्यकों को सरकार की योजनाओं का मिले लाभः शमशेर

झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष व सदस्य ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**खबर मंत्र संवाददाता**



**गुमला।** झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम व सदस्य वारिश कुरैशी ने बुधवार को जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ परिसदन स्थित सभाकक्ष में समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में विभिन्न विभागों में केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा अल्पसंख्यकों के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। सर्वप्रथम समेकित जनजाति विकास अभिकरण अंतर्गत एमएसडीपी में ली गई योजनाओं, साईकिल वितरण, वनाधिकार पट्टा, दिव्यांग पेंशन, छात्रवृत्ति योजना, अल्पसंख्यक छात्रावास, चिकित्सीय अनुदान, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना आदि में अल्पसंख्यक समुदाय को दिये गये लाभ की जानकारी ली गई और आवश्यक निर्देश परियोजना निदेशक आइटीडीए, गुमला को दिया गया। आयोग के उपाध्यक्ष ने सभी लंबित योजनाओं को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि कोई भी योग्य लाभुक योजनाओं से वंचित न रहे। इसकी जिम्मेदारी विभागीय पदाधिकारी की होगी। ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत वर्ष 2016-22 तक स्वीकृत व पूर्ण हो चुके प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी दी गई। अबुआ आवास योजना के प्रगति की समीक्षा की गई। मनरेगा अंतर्गत मनरेगा परियोजना पदाधिकारी द्वारा मनरेगा योजनाओं के प्रगति की जानकारी दी गई। जेएसएलपीएस अंतर्गत एनआरएलएल योजना अंतर्गत गठित कुल स्वयं सहायता समूहों की संख्या और कुल अल्पसंख्यक समूहों की जानकारी दी गई।

# सुखदेव ने गुमला को रेलवे लाइन से जोड़ने का संसद में रखी मांग

**खबर मंत्र संवाददाता**



**गुमला को रेलवे लाइन से जोड़ने का मुद्दा उठाते लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत।**

**गुमला।** सांसद सुखदेव भगत ने बुधवार को संसद के बजट सत्र के दौरान में गुमला जिला को रेलवे लाइन से जोड़ने का मुद्दा उठाया।

सांसद ने कहा कि लोहरदगा से गुमला होते हुए कोरबा तक रेलवे लाइन बिछाने हेतु सर्वे हो चुका है। उन्होंने इस वित्तीय वर्ष में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से रेलवे लाइन बिछाने का कार्य प्रारंभ कराये जाने की मांग की। संसद ने कहा कि गुमला जिला में आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बावजूद रेलवे लाइन नहीं बना है। जबकि गुमला जिला में धार्मिक रूप से अलग-अलग धर्मों की यहां बहुत मान्यता है। यहां भगवान हनुमान का जन्मस्थली आंजन धाम है। सरना आदिवासियों का धार्मिक स्थल सिरा- सीता नाला है। भगवान शिव का प्रख्यात मंदिर टांगीनाथ है। साथ ही साथ पूरे पूर्वोत्तर भारत के परमवीर चक्र विजेता लाइंस नायक अल्बर्ट एक्का का जन्म स्थल है। लोहरदगा में रेलवे लाइन है जो गुमला से 75 किलोमीटर दूर है। लोहरदगा से गुमला होते हुए कोरबा तक नई रेलवे लाइन बनाने का सर्वे भी हो चुका है। गुमला में रेलवे लाइन नहीं होने के कारण इस क्षेत्र की जनता को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

सांसद भगत ने सभापति के माध्यम से संसद वित्त मंत्री एवं रेलवे मंत्री से इसी वित्तीय वर्ष में लोहरदगा गुमला से होते हुए कोरबा तक नई रेलवे लाइन का कार्य प्रारंभ करने की मांग किया गया।

## एक ही समुदाय के दो गांवों के लोग आपस मे भिड़े, लोगो ने कराया सुलह

**खबर मंत्र संवाददाता**

**भंडरा।** प्रखंड के अकाशी और बंडा गांव के लोग मुहर्रम मेला में आपसी विवाद के कारण आपस में भीड़ गयें देखते-ही-देखते बात इतना बढ़ गया कि एक दुसरे को न पहचान कर खुन खराबा तक पहुंच गए था।

मामला और बढ़ते देख कर अंजुमन इस्लामिया प्रखंड कमेटी भंडरा के ओहदेदारों ने पड़ोसी प्रखंड कमेटी कैरो और अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा जिला कमेटी से राफ्ता कर के दोनो गांव के लोगों को बैठक बुलाया और दोनों पक्ष के लोगों का बात सुनकर मामला का समझौता कराया। लोहरदगा अंजुमन के सेकेट्री सैयद शाहिद अहमद बेलू ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आपसी भाई चारगी बनाकर चलने मे ही समाज का उत्थान होता है। सबों ने एक स्वर मे हुंकार भरते हुए कहा कि हम सब एक हैं। भंडरा प्रखंड सदर ने सभी लोगों का आभार जताते हुए शुक्रिया अदा किया। अकाशी के मोबारक अंसारी ने कहा कि कोई भी बात विवाद हो तो आपस मे मिलकर सच्चाई को सामने लाना चाहिए। अफवाह खतरनाक बिमारी है समाज और इंसान के लिए। बैठक मे मुख्य रूप से जिला के जॉइंट सेक्रेटरी अनवर अंसारी, कैरो प्रखंड के सदर जमील अख्तर, सेक्रेटरी समीर अंसारी, भंडरा प्रखंड के नाजीम ए आला, हैदर अंसारी, सदर आफताब आलम के अलावा प्रखंड के सभी प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे।

## किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण



**खबर मंत्र संवाददाता**

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एटिक सेंटर में जिला कृषि विभाग सह आत्मा द्वारा प्रखंड आत्मा के माध्यम से बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के किसानों के बीच खरीफ फसल को लेकर प्रत्यक्षण के लिए मक्का बीज का बितरण किया गया। बीज के साथ साथ जिप्सम व किटनासक भी निशुल्क दिया गया। विभाग द्वारा प्रति किसान 5 किलो के दर से 97 किसानों के बीच बीज का बितरण किया गया। बीज प्राप्त करने वाले किसानों में सुजीत प्रसाद, जितबाहन महतो, संजय महतो, गौतम साहू, फुलमनी उरांव, महादेव उरांव, गोंदे उरांव शामिल थे। मौके पर बीटीएम ज्ञान साहू, सुमन तिग्गा, अनुराधा, फुलमनी उरांव, राजनारायण सिंह, एम तिवारी, भूमिका देवी, प्रतिमा देवी इत्यादि सामिल थे।

### लोहरदगा : दो बाइक की भिड़ंत में चार घायल

लोहरदगा। जिले के सदर थाना क्षेत्र के जुरिया रोड में दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई टक्कर में चार लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल की पहचान सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा गांव निवासी प्रदीप उरांव के 17 वर्षीय पुत्र विशाल उरांव, सुखदेव उरांव के 17 वर्षीय पुत्र सतीश उरांव और गुमला जिले के सिसई निवासी करमा उरांव के 18 वर्षीय पुत्र दिनेश उरांव के रूप में हुई है। वहीं दुर्घटना में एक अन्य युवक भी घायल हुआ है। बताया जा रहा है कि विशाल अपने दोस्तों के साथ जुरिया से अपने घर बक्सीडीपा के लिए मोटरसाइकिल से जा रहा था। इसी दौरान जुरिया रोड में सामने से आ रही मोटरसाइकिल के साथ तेज टक्कर हो गई।

### वृद्ध हुआ सर्पदंश का शिकार

लोहरदगा। जिले के बगडू थाना क्षेत्र के नीचे बगडू गांव निवासी स्व हीरू उरांव के 60 वर्षीय पुत्र जगन्नाथ उरांव को सांप ने काट लिया। जिससे जगन्नाथ उरांव की स्थिति गंभीर हो गई। जगन्नाथ को इलाज के लिए लोहरदगा कर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने जगन्नाथ का इलाज किया है। जगन्नाथ उरांव को खेत में काम करने के दौरान पैर में सांप ने काट लिया था।

### धानरोपनी के दौरान सांप ने महिला को काटा

लोहरदगा। जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के एकागुड़ी टंगरा टोली गांव में खेत में धानरोपनी कर रही महिला को सांप ने काट लिया। घर वालों ने तुरंत महिला को इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां पर महिला का इलाज किया गया है। महिला की पहचान जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र के एकगुड़ी टंगरा टोली निवासी तेजू उरांव की 36 वर्षीय पत्नी मीना देवी के रूप में हुई है। महिला की स्थिति फिलहाल स्थिर बनी हुई है। चिकित्सक महिला की निगरानी कर रहे हैं।

### महिला ने किया कीटनाशक का सेवन

लोहरदगा। जिले के कैरो थाना क्षेत्र के महुअरी गांव निवासी बिरसा उरांव की 20 वर्षीय पत्नी आरती कुमारी ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिसकी वजह से आरती की स्थिति गंभीर हो गई। घर वालों को जब इसकी जानकारी हुई तो आरती को तत्काल इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया जहां पर आरती का इलाज किया गया है। बताया जा रहा है की आरती ने भूलवश कीटनाशक का सेवन कर लिया था। जिससे आरती की तबीयत खराब हो गई थी।

### चैनपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में 67 लाभुकों के बीच बत्तख चूजा का किया गया वितरण



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को विभिन्न पंचायतों के 67 लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत बत्तख चूजे का वितरण किया गया। मौके पर पशु चिकित्सालय के प्रभारी धर्म रक्षित विद्यार्थी ने लाभुकों को अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं बत्तख पालन को रोजगार के रूप में ले सकती हैं। चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत चयनित लाभुकों के बीज बत्तख चूजे का वितरण किया जा रहा है। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने में बत्तख पालन काफी महत्वपूर्ण साबित होगा। बत्तख पालन से जुड़कर महिलाएं अपनी आय दोगुनी कर सकती हैं। वहीं सभी लाभुकों के बीच 15 बत्तख चूजे का वितरण पंचायत के जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। लाभुकों में प्रमिला खेस, पुष्पा कुजूर, पार्वती देवी, अनीता तिर्की, मरियम टोप्पो, महेश्वरी देवी, सीमा देवी, गरीमा देवी, बेरोनिका मिंज, सहित कई लोग शामिल हैं।

## अतिसुदुरवर्ती क्षेत्र हाडुप ग्राम तक जाने के लिए जर्जर सड़क का होगा निर्माण

**खबर मंत्र संवाददाता**

9.11 किलो मीटर की सड़क निर्माण के लिए डीपीआर प्रस्तावित

**गुमला।** गुमला जिले के बिशुनपुर प्रखंड के अतिसुदुरवर्ती क्षेत्र में स्थित हाडुप ग्राम तक जाने हेतु 9.11 किलो मीटर के सड़क निर्माण हेतु जिला स्तर से डीपीआर तैयार कर राज्य सरकार को भेज दिया गया है। जल्द ही उक्त सड़क के निर्माण का कार्य प्रारंभ किए जाएंगे। बताते चले की कुछ माह पूर्व उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने अपने क्षेत्र भ्रमण के क्रम में बिशुनपुर के अतिसुदुरवर्ती क्षेत्र में स्थित सेरका पंचायत अंतर्गत हाडुप ग्राम का दौरान किया था। 20 पीवीटीजी परिवारों वाले अतिसुदूरवर्ती क्षेत्र स्थित हाडुप ग्राम तक जाने के लिए कई किलो मीटर तक के जर्जर मार्ग को पार कर उक्त क्षेत्र तक पहुंचा जा सकता है एवं पाट क्षेत्र में होने के कारण उक्त ग्राम तक पहुंचने में अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ता है। जब उपायुक्त ने हाडुप ग्राम के ग्रामीणों से मुलाकात की तो ग्रामीणों ने भी इस बात की शिकायत की थी एवं ग्रामीणों ने सड़क निर्माण नहीं होने की नाराजगी जतायी थी। उक्त गांव की जर्जर सड़क कई वर्षों से सुर्खियों में भी रही। इस समस्या को देखते हुए उपायुक्त के निर्देश के आलोक में उक्त सड़क के निर्माण हेतु डीपीआर राज्य सरकार को समर्पित कर दिया गया है।

## डीसी के डुमरपानी गांव के दौरा को लेकर थाना प्रभारी ने लिया क्षेत्र का जायजा



**खबर मंत्र संवाददाता**

**जारी।** जारी प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत के आदिम जनजाति बहुल गांव डुमरपानी का डीसी कर्ण सत्यार्थी आज दौरा करेंगे। डीसी क्षेत्र के ग्रामीणों से उनकी समस्या सुनेंगे। डीसी के आगमन को लेकर बुधवार को जारी थाना प्रभारी आदित्य कुमार और एएसआई टीपू अंसारी दल बल के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर और ग्रामीणों से मिलकार क्षेत्र का जायजा लिया। बताते चलें कि ग्राम डुमरपानी में कोरवा जाति के लोग रहते हैं और उन लोगों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यहां के आदिम जनजाति परिवार को बिजली, पानी, और सड़क मुनासिब नहीं है। वे कष्टदायी जीवन यापन करने को मजबूर हैं।

## डीएवी स्कूल गुमला में कलस्टर स्तर के खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

## स्पोर्ट्स अनुशासन के साथ जुझारूपन सिखाता हैः रमाकांत साहु

>> प्रतियोगिता में गुमला, डालटेनगंज, लातेहार, लोहरदगा, गढ़वा, सिमडेगा, भवनाथपुर के खिलाड़ी ले रहे हैं भाग

**खबर मंत्र संवाददाता**






**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के तत्वावधान में क्लस्टर स्तर का दो दिवसीय स्पोर्ट्स का शुभारंभ बुधवार को हुआ। विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार की अगुवाई की। प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहु ने अतिथियों एवं विभिन्न डीएवी विद्यालयों के शिक्षकों तथा खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि स्पोर्ट्स अनुशासन के साथ जुझारूपन सिखाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेल के क्षेत्र में देश की उपलब्धियों का जो स्वप्न देखा है, उसे पूर्ण करने में डीएवी संगठन तत्पर है। यही कारण है कि भारत को खेल के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाले कई खिलाड़ी डीएवी के छात्र रहे हैं।

डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में राष्ट्रीय स्तर पर जीतने वाले खिलाड़ियों को डीएवी की ओर से कैश रिवॉर्ड भी दिया जा रहा है। जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने स्पोर्ट्स प्रारंभ करने की औपचारिक घोषणा की। साथ ही उन्होंने कहा कि आप जबतक मैदान में प्रैक्टिस नहीं करेंगे, पसीना नहीं बहाएंगे, आप सफलता प्राप्त नहीं कर सकते। इसके पूर्व डॉ रमाकांत साहु ने स्पोर्ट्स ऑफिशियल संतोष कुमार, एलएमसी मेंबर देवसागर सिंह, हरिकिशोर साही, सागर उरांव, शैरेंद्री दास को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। स्वागत समारोह में विद्यालय के बच्चों के द्वारा स्वागत गान एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस स्पोर्ट्स में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 तीन कैटेगरी में बैडमिंटन,टेबल टेनिस एवं रोप स्कीपिंग का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें डीएवी गुमला, डालटेनगंज, लातेहार, लोहरदगा, गढ़वा, सिमडेगा, भवनाथपुर के कुल 184 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर सुपरवाइजरी हेड पवित्र कुमार मोहंती, खेल शिक्षक शांतनु कुमार पटनायक, करमवीर समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# बीएफएसी पुनर्गठन को लेकर हुई बैठक करमचंद भगत बने बिटीटी अध्यक्ष

**खबर मंत्र संवाददाता**



**कैरो।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित एटिक सेंटर में बुधवार को प्रखंड आत्मा सह कृषि विभाग द्वारा बीएफएसी पुनर्गठन को लेकर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक ज्ञान साहू की अध्यक्षता में प्रखंड क्षेत्र के अग्रणी व जागरूक किसानों के साथ बैठक किया गया। जिसमें उपस्थित किसानों को संबोधन करते हुए प्रखंड तकनीकी प्रबंधक ज्ञान साहू ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे बीज खाद-बीज वितरण, ड्रिप सिंचाई प्रणाली, केसीसी आवेदन, इन्सुरेंस, डेमोस्ट्रेशन सहित कृषि एवं उद्यान विभाग के अनेक कार्यो को लेकर जागरूक व सही किसानों का चयन करना पड़ता है, ऐसे समय में यह कमिटी के एक दायित्व बनता है कि सही किसानों तक लाभ पहुंच सके। इसके लिए कमिटी के गठन आवश्यक है। बैठक में उद्यान, कृषि, महिला स्वयं सहायता समूह, कृषक समूह, खाद बीज दुकान से जुड़े, सलाहकार समिति सहित अलग अलग विभागों से जुड़े सदस्यों का चयन किया गया। जिसके बाद एक बिटीटी अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से पूर्व मुखिया सह अग्रणी किसान करमचंद भगत का चयन किया गया। वहीं सुगेन्द्र साह, राम उरांव, फुलमनी उरांव, बिनीता उरांव, प्रवीण साहू, मृत्युंजय तिवारी, यशोदा देवी, बिनीता उरांव, गौतम साहू, संजय महतो, सुजीत प्रसाद, भूमिका देवी सहित कुल 24 सदस्यों का चयन किया गया। बैठक में प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामसहाय टाना भगत,बीटीएम ज्ञान साहू, एटीएम सुमन तिग्गा, अनुराधा कुमारी, कृषक मित्र समीम अंसारी, फुलमनी उरांव, प्रतिमा देवी, राजनारायण सिंह, मृत्युंजय तिवारी, कुंवर साहू विजय उरांव, सनुप ठाकुर, महादेव उरांव, संजय महतो, गौतम साहू, रवि शुक्ला सहित किसान मौजूद थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## बलवंत सिंह नें गारू व सरयू प्रखंड में चलाया जनसंपर्क


जन संपर्क अभियान चलाते बलवंत सिंह।

**गारू।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के संभावित उम्मीदवार सह मनिका पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह नें सरयू और गारू प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में जनसम्पर्क कर आशीर्वाद लिया। बलवंत का काफिला सरयू, कोटाम, करवाई, गारू होते हुए बारेसांढ़ पहुंचा। बलवंत सिंह नें बताया कि, भारतीय जनता पार्टी से टिकट की दावेदारी में सबसे ज्यादा चर्चा उनका ही हो रहा है। जिला परिषद सदस्य के रूप में उनके द्वारा किये गए कार्य नें जिला में मिसाल प्रस्तुत किया है। गारू प्रखंड में ग्रामीणों नें उनका जोरदार स्वागत किया। मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# सनकी पति ने पत्नी को पीटा, स्थिति गंभीर

खबर मन्त्र संवाददाता


सीएचसी में इलाजरत घायल महिला।

**चंदवा।** शक के भंवर जाल में फंसे सनकी पति के द्वारा पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पूरा मामला चंदवा थाना क्षेत्र के कामता पंचायत अंतर्गत हिसरी ग्राम के पाहन टोली की है। पिटाई से गम्भीर रूप से घायल महिला ललिता देवी पति बंधन भुइयां फिलहाल चंदवा सीएचसी में इलाजरत है, जहां उनकी स्थिति स्थिर बनी हुई है। पीड़िता ने बताया कि पति काफी शक्की मानसिकता का है व दूसरे युवक के सम्बंध होने का आरोप लगाकर बार-बार मारपीट करता है। मंगलवार की रात्रि भी पति बंधन उरांव मारपीट कर मुझे घायल कर दिया। ग्रामीणों ने सहयोग कर 108 एम्बुलेंस की मदद से ईलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया यहां डॉ. कंचन बाड़ा, डॉ. मनोज कुमार की देखरेख में मेडिकल टीम के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। ललीता देवी ने आगे बताया कि मेरे दो पुत्र और दो पुत्री हैं, अपने ससुर बिगन भुइंया के साथ दुसरे राज्य के ईट भट्ठा मे काम करते हैं, मेरे व मेरे ससुर द्वारा कमाकर लाए पैसे को पति बंधन भुइंया ले लिया है, इसके बाद भी वह अत्याचार कर रहा है। घटना की सूचना के बाद कामता पंसस अयुब खान गांव जाकर मामले की जानकारी ली, अस्पताल पहुंचकर पिड़िता का हाल जाना, स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली।

### चंदवा पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर भेजा जेल

इधर मामला संज्ञान में आने के बाद चंदवा पुलिस अस्पताल पहुंचकर पीड़िता से मुलाकात की व पीड़िता के फर्द बयान के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया व अग्रतर कार्रवाई के बाद उसे मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया। मामले में चंदवा थाना में कांड संख्या 96/24 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## मानव तस्करी के आरोपी को 10 वर्षों की कारावास एवं जुमार्ना

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार दुबे की अदालत ने सत्रवाद 188/2013 की सुनवाई के उपरांत आरोपी शीला देवी को अधिकतम 10 वर्षों की सजा एवं एक लाख रुपया जुमार्ना मुकर्रर किया है। श्री दुबे ने खचाखच भरी खुली अदालत में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के उपरांत शीला देवी को मानव तस्करी का दोषी पाया था।प्रभारी लोक अभियोजक अशोक कुमार दास के अनुसार मनिका थाना क्षेत्र के कमारू ग्राम निवासी प्रभु भुइंया ने अपनी पुत्री रजांति कुमारी की अपहरण कर दिल्ली ले जाने का आरोप गांव के ही शीला देवी राजेश भुइंया, सोहर भुइंया एवं कलावती देवी के विरुद्ध मनिका थाना कांड संख्या 29/ 13 दायर कराया था। मामला दर्ज होने के बाद अनुसंधानकर्ता पुलिस पदाधिकारी मारियानुष खलखो ने आरोपी शीला देवी पति राजेश भुइंया ग्राम होटवाग के विरुद्ध आरोप पत्र संख्या 110 /2013 दिनांक 15 नवंबर 2013 अदालत में समर्पित किया था। श्री दास ने बताया कि अभियोजन की ओर से सूचक प्रभु भुइंया सहित कुल सात गवाहों की गवाही कलमबद कराई गई थी। श्री दुबे की अदालत ने शीला देवी को भादवि की धारा 370/34 के तहत 7 वर्षों का सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपए जुमार्ना एवं जुमार्ना नहीं देने की स्थिति में 10 माह का साधारण कारावास, भादवि की धारा 371/34 के तहत 10 वर्षों की सश्रम कारावास एवं 75000 रू जुमार्ना ,जुमार्ना नहीं देने की स्थिति में 7 माह का साधारण कारावास एवं भादवि की धारा 372 /34 के तहत 7 वर्षों का सश्रम कारावास एवं 50 हजार रुपया जुमार्ना तथा जुमार्ना नहीं देने की स्थिति में 6 माह का साधारण कारावास की सजा सुनाया है।

श्री दुबे की अदालत ने सभी सजायें साथ-साथ चलने एवं कारा में बिताये अवधि को सजा की अवधि से समायोजित करने का आदेश पारित किया है। अभियोजन पदाधिकारी श्री दास ने बताया कि पीड़िताके साथ आरोपियों ने अमानवीय व्यवहार किया था और वर्षों तक दिल्ली में कैद कर रखा था और परिजनों से बातचीत पर भी पाबंदी लगा रखा था।

## जिला परिषद ने बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण


निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों को निर्देशित करती जिप सदस्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका देवी ने बुधवार को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में कई कमियां पाई। जिसको लेकर उन्होंने चिकित्सा प्रभारी प्रकाश बड़ाईक के पास नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि उनके पास मरीज के द्वारा आरोप लगाया गया है कि मरीज को अस्पताल की जगह बाहर से दवा दिया जाता है। जबकि अस्पताल में मुफ्त दवा उपलब्ध है। तो फिर मरीज को बाहर का दवा का पुर्जा क्यों लिखा जाता है ।वही एक मरीज को कुत्ता काटने पर चपरासी के द्वारा सुई दिया गया था। जिसको लेकर उन्होंने सिविल सर्जन लातेहार से बात कर पूरी बात बताया ।

और आगे से ऐसा न होने की बात कही। इसके अलावा अस्पताल कर्मियों ने जनरेटर की व्यवस्था न होने के कारण हो रही परेशानी से अवगत कराया। जिसको लेकर जिला परिषद सदस्य ने लातेहार उपायुक्त से मामले को अवगत करने की बात कहा।

### लातेहार आजसू पार्टी के विस्तार को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा हुई

# झारखंड सरकार ने पांच साल में जानता को लूटा : अमित पांडे

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में शामिल आजसू के लोग।

**लतेहार।** जिला के मनिका प्रखंड में प्रखंड अध्यक्ष नंदन कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को आजसू पार्टी की बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय केंद्रीय सदस्य राकेश सिंह उपस्थित हुए । बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव एवं पार्टी के विस्तार को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा हुई मौके पर जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने कहा की वर्तमान की झारखंड सरकार 5 साल अपने लूट के कार्यकाल को खत्म करने वाली है जनता त्राहिमाम कर रही है आजसु पार्टी उनके झूठे वादे एवं इनकी कथनी और करनी को जनता के समक्ष रखेगी और उनके लूट तंत्र का पदार्फाश करेगी। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष नंदन कुमार ने कहा कि मनिका प्रखंड के अंचल में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। बिना पैसा दिए कोई काम नही हो रहा है। हम गांव गांव में जनसंपर्क कर के एक बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे। ताकि आम लोगो कि समस्या का समाधान हो सके।

मौके पे छात्र संघ जिला अध्यक्ष अभिजीत सोनू, जिला समिति सदस्य विकास साहू, प्रखंड अध्यक्ष नंदन कुमार, प्रखण्ड सचिव धनंजय तिवारी, नागेंद्र सिंह, आशीष कुमार यादव, आनंद कुमार, मोहम्मद रफीक अंसारी, गफ्फार अंसारी, मुरारी सिंह, नंदकिशोर यादव, सुरेंद्र उरांव, हेमंत कुमार सिंह, सुखदेव नायक, अरुण नायक, रोशन कुमार, सुनील ठाकुर, शिव शंकर नायक, मंटू नायक, सरजू सिंह, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## मुखिया संघ की बैठक में संघ की मजबूती व विकास योजनाओं को लेकर हुई चर्चा


बैठक में मौजूद मुखिया।

**चंदवा।** चंदवा पश्चिमी पंचायत सचिवालय प्रांगण में बुधवार को मुखिया संघ की बैठक संघ के अध्यक्ष जतरु मुंडा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संघ की मजबूती व पंचायतो में 15 वीं वित्त से संचालित योजनाओं, अबुआ आवास योजना समेत केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को तीव्र गति से धरातल में उतरने को लेकर गंभीरता से चर्चा किया गया व विकास को गति देने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ संघ के साथ बैठक करने का प्रस्ताव लाया गया। बैठक में रंजीता एक्का, फुलजेन्सिया टोप्पो, अनिता भगत, ललिता देवी, बिफई मुंडा, सुनीता खलखो, संगीता लकड़ा, शकुंतला देवी व पुष्पा देवी मौजूद थे।

## शहर में बढ़ रही है युवकों का मनोबल, नाबालिक के साथ की मारपीट

**लातेहार।** शहर के मेन रोड निवासी अंकित कुमार उम्र 16 वर्ष पिता स्व ओम प्रसाद साहू ने अपने ऊपर मारपीट एवं धारदार चाकू से हमला कर घायल करने के मामले को लेकर थाना में आवेदन दिया है। उन्होंने आवेदन के माध्यम से बताया कि 23 जुलाई शाम लगभग 4:00 बजे मैं अपने विद्यालय प्लस टू उच्च विद्यालय से निकल रहा था। इसी दौरान विद्यालय के बाहर लगभग 17 से 18 लड़कों के झुंड ने मेरे दोस्त नमन सिंह पिता अजीत सिंह पर हमला कर दिया। इसके बाद मैं अंकित कुमार बीच बचाव करने गया इस दौरान, चंदन यादव, प्रिंस ठाकुर, नवीन ठाकुर पता धर्मपुर बुनियादी स्कूल, अतुल कुमार, अनुज गुप्ता, हरिओम पांडे, हर्ष कुमार, नवल गुप्ता, सिद्धार्थ गुप्ता, नंदन यादव, रोशन कुमार समेत कई लोगो ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया और गंभीर रूप से घायल कर दिया जिससे मेरे सर में गंभीर चोटें आई है। अंकित ने थाना प्रभारी से कानूनी कार्रवाई करते हुए न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

## अल्प वर्षा के कारण उत्पन्न हुए सुखाड़ की समस्या को लेकर अभाकिस नेता ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते प्रमोद साहू।

लातेहार/चंदवा। अखिल भारतीय किसान सभा के नेता प्रमोद साहू ने बुधवार को लातेहार जिले में अल्प वर्षा के कारण उत्पन्न हुई संभावित सुखाड़ की समस्या को लेकर लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह सिंह से मुलाकात की व ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से श्री साहू ने कहा कि आषाढ़ माह में बारिश काफी कम हुआ और अब श्रावण का महीना शुरू हो गया है लेकिन बारिश का दूर-दूर तक आता पता नहीं है। एक तो किसान पानी के अभाव में धान का बीड़ा नहीं कर पाए है व जो किसान किसी तरह बीड़ा किए हैं वह भी बारिश के अभाव में समय पर धान की रोपनी नहीं होने के चलते खेतों में ही सूखने की स्थिति में है। अगर जुलाई के अंत सप्ताह में या अगस्त के प्रथम सप्ताह में वर्षा नहीं होती है तो पूर्ण रूप से जिले में सुखाड़ की स्थिति बन जाएगी और किसानों, मजदूरों एवं ग्रामीण जनता के सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। संभावित सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए यहां के किसान, मजदूरी करने के लिए हरियाणा पंजाब केरल दिल्ली आदि राज्यों में पलायन करने को विवश है। पानी के चलते धान की रोपनी का कार्य तो दूर कुआ, तालाब, नदी-नाला कहीं भी पानी नहीं है, अब पेयजल का भी संकट उत्पन्न होने का संभावना है। वहीं नल-जल योजना भी जो करोड़ों के लागत से क्षेत्र में संचालित हुआ वह भी बेकार साबित हो चुका है जिसकी जांच होनी चाहिए।

## वाहन टक्कर मे मृतक चालक का शव पहुंचा घर, जिप सदस्य ने परिजनों को बंधाया ढाढ़स

खबर मन्त्र संवाददाता


परिजनो को ढांढस बंधाते जिप सदस्य।

**बारियातू।** डाढ़ा पंचायत के डुमरा ग्राम निवासी लालसहाय उरांव के पुत्र रविंद्र उरांव वाहन चालक की वाहन टक्कर मे मौत के बाद शव घर पहुँचते ही जिप सदस्य रमेश राम मृतक के घर पहुंचे। मंगलवार को सेरेगड्डा संवासार मे ट्रेलर और हाइवा मे टक्कर के बाद गंभीर रूप से घायल चालक की मौत हो गई। मृतक के शव घर पहुंचते ही जिप सदस्य रमेश राम ने मृतक के पत्नी रीता देवी व तीन बच्चों सहित परिजनों से मुलाकात कर दुख की घड़ी मे ढाढ़स बंधाया। वहीं जिप सदस्य रमेश ने बताया की लालसहाय मेरा मित्र था। उनके पुत्र रविंद्र उरांव हाइवा वाहन चालक थे। सीसीएल कोलयरी मे हाइवा वाहन चलाते थे। वाहन चलाने के क्रम मे सेरेगड्डा संवासार से आसपास हाइवा व ट्रेलर दो वाहनों के बीच टक्कर हो गई जिससे रविंद्र उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बालूमाथ मे प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक स्थिति को देखते हुए हुए रिम्स रेफर कर दिया गया था। लेकिन रविंद्र की मौत हो गई। मृतक की शव घर पहुंचते ही जिप सदस्य डुमरा गांव पहुंचे। जहां परिजनों को ढाढ़स बंधाते हुए सरकारी लाभ दिलाने मे हर संभव मदद करने की बात कही।

## पोक्सो एक्ट मे फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तिहार


अभियुक के घर इश्तेहार चिपकाती पुलिस।

**बारियातू।** बालूमाथ कांड संख्या 170/2023 धारा 363/ 365/ 354/ 376(3)भदवि एंव 4/6/8 पोक्सो एक्ट के फरार अभियुक्त सोनू कुमार सिंह पीता अजय सिंह ग्राम जबरा थाना बारियातू निवासी के घर पुलिस विधि संगत इश्तिहार चिपकाया। इश्तिहार चिपकाने गए बालूमाथ थाना के पुअनि विकास कुमार व बारियातू थाना के सअनि बालेश्वर गंझु ने बताया की उपरोक्त प्रसंग के सम्बन्ध मे सादर सूचित करना है की प्रसांगिक कांड के प्राथमिकी अभियुक्त सोनू कुमार सिंह पीता अजय सिंह का माननीय न्यायलय द्वारा इश्तिहार तामिल किया गया है।

## सीएमयू ने जीएम से रोहणी परियोजना डिस्पेंसरी में चिकित्सक की मांग की

**खलारी।** रोहणी परियोजना में डिजिटल डिस्पेंसरी में चिकित्सक नदारत रहने पर कोलफील्ड मजदूर यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने एनके जीएम से मुलाकात कर उक्त डिस्पेंसरी में चिकित्सक का बहाल करने की मांग किया। जीएम से वार्ता कर बताया कि बीते एक महीने से डिस्पेंसरी में चिकित्सक नही रह रहे है। बारिश का मौषम आने के बाद रोहणी क्षेत्र में मौष्मी बीमारियों ने डेरा जमा रखा है। बताया कि पूर्व सीएमओ डॉ. थियोदर एक्का के अनुपस्थिति में रोहणी डिस्पेंसरी में रोजाना डॉ. का उपस्थिति देखा जाता था। ध्यान आकर्षित करते हुए कि पूणार्डीह परियोजना, रोहिणी परियोजन, एवम तुमंग पंचायत अग्रवा, बिरसा नगर आदि ग्रामीण को काफी दिक्कत हो रही है। इस बाबत एनके जीएम ने त्वरित संज्ञान लेते हुए सी एच डी डकरा सीएमओ को आदेश देते हुए कल से एक डॉक्टर रोहिणी डिजिटल डिस्पेंसरी में भेजने का निर्देश दिए। मॉइए पर एरिया अध्यक्ष मिथिलेश सिंह, एरिया कार्यकारी अध्यक्ष ध्वजाराम धोबी, केंद्रीय सदस्य राम उराव, विदेश्वर सिंह, रंथु उरांव, सोनू राम, सिद्धू मुंडा उपस्थित थे।

## एनआइए की टीम ने चंदवा में कई स्थानों पर की छापेमारी

खबर मन्त्र संवाददाता


एनआईए जांच के दौरान घर के बाहर तैनात जवान।

**लातेहार।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की चार टीमो के द्वारा एक साथ चंदवा व मैकलुस्कीगंज में चार ठिकानों पर छापा मारा गया। एनआईए की एक टीम बुधवार की अहले सुबह लगभग 4 बजे चंदवा-मैकलुस्कीगंज सीमाने पर स्थित व्यवसायी रोहित यादव के एक ईंट भट्ठे में घण्टो जांच पड़ताल की, इसी दौरान दूसरी व तीसरी टीम ने भट्ठा मालिक के निंद्रा व मैकलुस्कीगंज स्थित आवास पर भी पहुंची व यहां काफी देर तक जांच पड़ताल की, जांच के बाद टीम वापस लौट गई। इस दौरान भट्ठे व घर के आसपास काफी संख्या में सुरक्षा बल की तैनाती भी की गई थी। हालांकि जांच पड़ताल किस मामले में हुई है व एनआईए की टीम को क्या कुछ हाथ लगा है जानकारी किसी को नही है। इधर एनआईए की टीम के कार्रवाई के बाद क्षेत्र में चचाओं का बाजार गर्म है। सुत्रो की माने तो लाखो रूपये की बरामदगी होने की बात भी सामने आ रही है। बता दें कि मैक्लुस्किगंज के हीं व्यवसायी जितेन्द्र पांडेय के आवास के साथ सिमरिया व रातू स्थिति ठिकाने पर भी एनआए की टीम के द्वारा दबिश दी गयी है।

# नाम जांचो अभियान के सफल संचालन को लेकर उपायुक्त ने की प्रेस वार्ता

▶▶ 25 को मध्याह्न 12:00 से 01:00 बजे तक हैशटैग नाम जांचो अभियान का सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर किया जायेगा व्यापक प्रचार-प्रसार

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रेस वार्ता में अभियान की जानकारी देती उपायुक्त।

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में नाम जांचो अभियान के सफल संचालन को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि द्वितीय फोटोयुक्त मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत 25 जुलाई को होनेवाले प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के अवसर पर दिनांक सोशल मीडिया के माध्यम से हैजटैग नाम जांचो अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। आगामी झारखंड विधानसभा आम चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए मुख्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा यह अभियान प्रारंभ किया गया है ताकि सभी मतदाता अपना नाम जाँच कर लें कि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है और वे मतदान करने के लिए तैयार है। इसको लेकर 25 जुलाई को मध्याह्न 12:00 से 01:00 बजे तक हैशटैग #नाम जाचों अभियान का सोशल नेटवर्किंग साइट्स यथा फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों से इस अभियान में सहयोग करने की अपील की गई। आगे बताया गया कि द्वितीय फोटोयुक्त मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 आयोग द्वारा जारी द्वितीय फोटोयुक्त मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 का कार्यक्रम निम्नवत है। अर्हता तिथि दिनांक 01.07.2024 है। साथ ही वैसे युवा जिनकी आयु दिनांक 01.10.2024 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण होगी वे अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकृत करने हेतु प्रपत्र 6 में आवेदन कर सकते हैं। इस दौरान आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्री श्रेयांश, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, प्रिंट एंव इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## चोरों ने चार ठिकानों पर अपना निशाना बनाया



**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र में चोरी की घटना रुकने का नाम नहीं ले रही है। बीती रात अज्ञात चोरों ने खलारी थाना क्षेत्र के डकरा में पंजाब नेशनल बैंक के कस्टमर सर्विस प्वाइंट सेमत चार दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम देते हुए नगदी समेत लाखों रुपए की सामान चोरी कर लिया गया। एक ही रात चार दुकानों मे हुई चोरी की घटना के बाद से लोगो में पुलिसिया कारवाई पर संदेह कर रहे है। डकरा गुरुद्वारा चौक स्थित पंजाब नेशनल बैंक के कस्टमर सर्विस प्वाइंट मे रात्रि लगभग ढाई बजे चेहरे पर मास्क लगाए एक चोर छत तोड़कर अंदर घुसा और तीन लॉकर को तोड़कर उसमें रखे सामानों को भी बिखेर दिया और लॉकर में रखें 22 हजार नगद, दो एटीएम डिवाइस, एक टैब को चुरा लिया। चोरी की यह घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई । चोर की नजर जब कैमरे पर पड़ी तो उसने कैमरे को उल्टा घुमा दिया। वहीं डकरा दुर्गा मंडप के सामने टुनटुन यादव के राशन दुकान की छत तोड़कर से 10 हजार का सिक्का समेत 35 हजार रुपए के खाद्य सामानों की चोरी हुई है। उसके ठीक बगल में विनोद इलेक्ट्रिकल हार्डवेयर दुकान की छत तोड़कर 15 हजार के समान की चोरी हुई है। जबकि झारखंड कम्प्लेक्स के मेहता होटल मे भी चोरी हुई है। चोरी की घटना की जानकारी मिलने के बाद खलारी पुलिस ने सभी दुकानों पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। पिछले कुछ दिनों से खलारी थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की घटना हो रही है।

## पंडित आजाद एवं लोकमान्य तिलक जयंती पर स्मृति स्थल पर कार्यक्रम आयोजित



**एजेंसी**

**सहरसा।** आजाद युवा विचार मंच द्वारा आत्मबलिदानी पंडित चंद्रशेखर आजाद एवं लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के जयंती पर आजाद स्मृति स्थल के प्रांगण में माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच के अध्यक्ष अशोक झा लाल कि अध्यक्षता मृत्युंजय झा के संचालन एवं संजीव कुमार झा के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में भारत पाकिस्तान के सबसे दूरुह बार्डर छेत्र गुजरात भूज के हरामी नाला क्षेत्र में गश्ती के दौरान बीएसएफ असिस्टेंट कमांडेंट कहरा निवासी विश्वदेव झा उर्फ बबलू के वीर गति एवं आजाद युवा विचार मंच सुपौल के समर्पित साथी अखिलेश झा चंचल के असामयिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके याद में लोगों के बीच सैकड़ों फलदार वृक्ष का वितरण किया गया। मोके पर उपस्थित नगर निगम महापौर, रिटायर्ड फौजी प्रवीण कुमार, रिटायर्ड फौजी विकास कुमार मिश्रा ने अमर शहीद पंडित चंद्रशेखर आजाद एवं लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए आजादी के लिए किये गये उनके योगदान को याद किया। साथ ही सभी से निवेदन करते हुए कहा कि अपने अपने घरों पर वृक्ष लगाकर उन्हें अवश्य बड़ा करें ताकि सदैव स्मरण रहे कि आजाद युवा विचार मंच द्वारा वीरगति को प्राप्त विश्वदेव झा एवं मंच के समर्पित कार्यकर्ता सुपौल इकाई के उपाध्यक्ष अखिलेश झा चंचल के श्रद्धांजलि सभा का यह वृक्ष है।

## सीएम 29 को अदाणी समूह के सीमेंट प्लांट का करेंगे शिलान्यास

**एजेंसी**

**पटना।** राज्य के नवादा जिले के वारिसलीगंज औद्योगिक क्षेत्र में अदाणी समूह की अम्बुजा सीमेंट लिमिटेड के सीमेंट प्लांट का शिलान्यास 29 जुलाई को किया जाएगा। यह शिलान्यास मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। यह जानकारी उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पौंड्रिक ने दी। संदीप पौंड्रिक ने बताया कि 6 एमएमटीपीए क्षमता वाले इस प्लांट की अनुमानित लागत 1400 करोड़ रुपये है। इस सीमेंट प्लांट के निर्माण के लिए बियाडा ने वारिसलीगंज में बंद पड़ी चीनी मिल की 72 एकड़ जमीन अडानी समूह को उपलब्ध कराई है, जिस पर अंबुजा सीमेंट की ग्रेडिंग यूनिट स्थापित की जाएगी। इस प्लांट के निर्माण से प्रत्यक्ष रूप से 1000 लोगों को रोजगार मिलेगा और अप्रत्यक्ष रूप से 5000 लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस सीमेंट फैक्टरी के शिलान्यास समारोह के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नवादा पहुंचेंगे, जिसके लिए प्रशासनिक तैयारियां शुरू हो गई हैं। अंचलाधिकारी राजेश कुमार और नगर परिषद वारिसलीगंज के कार्यपालक पदाधिकारी सिमीर कुमार के संयुक्त नेतृत्व में बुधवार को शहीद चंदन सिंह चौक से चीनी मिल तक मुख्य सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। इस दौरान दुकानों के आगे की जमीन पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को सख्ती से हटाया गया।

## हिंदू एकता मंच ने निकाला मशाल जुलूस, नुक्कड़ सभा का आयोजन




मशाल जुलूस में शामिल लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** बरडीहा थाना क्षेत्र में बढ़ते आपराकि खौफ एवं मूकदर्शक पुलिस प्रशासन के विरोध में हिंदू एकता मंच के बैनर तले मंच के अध्यक्ष पुष्प रंजन मेहता के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकाली गई। साथ ही नुक्कड़ सभा का भी आयोजन किया गया। मशाल जुलूस ब्लॉक मोड़ से शुरू होकर मुख्य पथ से होते हुए पूरे बाजार क्षेत्र भ्रमण किया। उसके पश्चात जुलूस पुनः बाजार में आकर सभा में तब्दील हो गई। नुक्कड़ सभा के मायम से बाजार में मौजूद लोगों को थाना क्षेत्र में लगातार हो रहे आपराधिक गतिविधियों से सचेत किया गया। साथ ही पुलिस प्रशासन से बेखौफ अपराधियों पर नकेल कसने का आग्रह किया गया।

मौके पर मंच के अध्यक्ष पुष्प रंजन ने कहा कि आदर गांव के दलित महिला शांति देवी एवं जतरो बंजारी गांव के दलित महिला लक्ष्मीनिया कुंवर के पूरे परिवार पर हमला कर बुरी तरह घायल कर बेघर कर दिया गया। पूरा घर विहीन परिवार डर के साए में जीने को विवस है। कहा कि 2 माह के अंदर बेखौफ अपराधियों के द्वारा लगभग एक दर्जन से अधिक अपराधों को अंजाम दिया गया। इसके अलावा थाना क्षेत्र में लगातार घटना घटित हो रही है। आम जनता त्रस्त है, लोगों के बीच असुरक्षा एवं भय का माहौल बना हुआ है। इसके बावजूद भी पुलिस प्रशासन मौन धारण किए हुए हैं। जिसके कारण अपराधियों का हौसला चरम सीमा पर है, किसी भी घटना को अंजाम देने में थोड़ी भी प्रशासनिक डर नहीं है। कहा की अगर इन अपराधियों को चिंहित कर अविलंब गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई नहीं होती और थाना क्षेत्र में आपराधिक घटना नहीं रुकता है तो हिंदू एकता मंच चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाय होगा। पलामू जिला के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय ने कहा कि लगता है अपराधियों कि सभी योजनायें थाने में बनती है और अपराध विभिन्न गांव में होते हैं। सभा का संचालन बरडीहा भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेन्द्र मेहता, धन्यवाद ज्ञापन मझिआंव पूर्व मंडल अध्यक्ष सच्चिदा सिंह ने किया। मौके पर लक्ष्मी चौधरी, धर्मेंद्र चौधरी, योगेंद्र ठाकुर, जयप्रकाश चौधरी, जितेंद्र कुमार, शंकर मेहता, गिरधारी चौधरी, मुन्ना चौधरी, विमलेश कुमार, संतोष चौधरी, कमलेश चौधरी, ब्रजेश कुमार ठाकुर आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विशेष राज्य के नाम पर सीएम नीतीश ने किया गुमराह : सुमन मल्लिक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**अररिया।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता सुमन कुमार मल्लिक ने केंद्र सरकार द्वारा बिहार को विशेष राज्य का दर्जा न देकर विशेष पैकेज देने की घोषणा पर सूबे के नीतीश सरकार को आड़े हाथों लिया। मल्लिक ने कहा कि लोकसभा चुनाव और ऐसे कई अनेक अवसरों पर बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलवाने के नाम पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के मतदाताओं की भावनाओं



से खेलने का काम किया। उन्होंने कहा की बीजेपी के आला नेतृत्व ने हमेशा विशेष राज्य के मुद्दे पर अपनी नीति को स्पष्ट जाहिर किया और विशेष पैकेज की बात ही करते रहें।

श्री मल्लिक ने विशेष पैकेज पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की उन्हें यह शंका है की इस राशि का उपयोग राज्य सरकार सही दिशा में कर भी पायेगी। उन्होंने कहा की राज्य में आये दिन जिस तरह से अनेक पुल-पुलियों के गिरने की घटनायें हुई हैं, वो राज्य सरकार के निर्माण की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह पैदा करता हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व से ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विशेष पैकेज नहीं बल्कि सिर्फ विशेष राज्य का दर्जा देने की बात करते रहे हैं।

मल्लिक ने कहा की अब जबकि केंद्र की मोदी सरकार ने बजट में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा न देकर विशेष पैकेज की घोषणा कर दिया तो यह नीतीश कुमार की नैतिक हार हैं। उन्होंने कहा की राज्य सरकार विशेष राज्य का दर्जा, विकास और बेरोजगारो को पारदशीर्पूर्ण अवसर देने के नाम पर सिर्फ गाल बजाने का काम करती रहती हैं।

## बाढ़ से सुरक्षा व किसानों के हित के लिए वर्षो से लंबित मांग पूरी हुईः प्रदीप

**अररिया/फारबिसगंज।** लोकसभा में पेश आम बजट में कोशी- सीमांचल में बाढ़ से मुक्ति एवं किसानों की लगभग 2 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई हेतु वर्षों से लंबित मांग पूरी होने पर सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने मोदी सरकार को धन्यवाद दिया है। सांसद ने कहा कि जिले को बाढ़ से मुक्त करने एवं किसानों के हित में इस परियोजना की शुरूआत हेतु कई बार मैंने सदन के पटल पर अपनी बात मुखरता से रखा था। आज इस परियोजना के धरातल पर आने से कोशी- सीमांचल किसानों की 2 लाख हेक्टेयर भूमि के सिंचाई के साथ बाढ़ जैसी समस्याओं से भी निदान मिलेगा, सरकार ने इस वित्तीय वर्ष इस परियोजना के लिए फिलहाल 11 हजार 500 करोड़ की राशि आवंटित की है जिसके लिये मैं केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करता हूं।

## सलखुआ प्रखंड नियोजन समिति की बैठक संपन्न

**सहरसा।** जिले के के सलखुआ प्रखंड कार्यालय में नियोजन समिति के अध्यक्ष सह प्रखंड प्रमुख सरिता संगम की अध्यक्षता में वर्षो से लंबित शिक्षकों के कालब्ध प्रोन्नति को लेकर बुधवार को एक बैठक आहूत हुई। इस बैठक में नियोजन समिति के सचिव सह बीडीओ मधु कुमारी व नियोजन समिति की सदस्य सह बीइओ सविता कुमारी की मौजूदगी में इसपर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। जिसमें कार्यरत प्रखंड अंतर्गत 216 शिक्षकों को बेसिक ग्रेड से स्नातक ग्रेड 2400वेतनमान में प्रोन्नति के लिए अनुशंसा की गई।

## मनरेगा कार्य पूरी तरह ठप, मजदूरों को नहीं मिल रहा काम : सुरेंद्र



हड़ताल पर बैठे लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के मनरेगा कर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रहा। झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ झारखंड प्रदेश के आह्वान पर गढ़वा जिला इकाई के तत्वावधान में वादा निभाओ, स्थाई करो, मुहिम के तहत गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित धरना में जिले के विभिन्न प्रखंडों के मनरेगा कर्मी शामिल हुए। मनरेगा कर्मियों ने सरकार के प्रति आक्रोश व्यक्त किया। मौके पर रंका अनुमंडल अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि मनरेगा कार्यों को पूरी तरह से ठप कर दिया गया है। मजदूरों को काम मिलना बंद हो गया है। साथ ही काम नहीं मिलने के कारण गढ़वा जिले में लगातार मजदूर पलायन कर रहे हैं। जिला में संचालित बिरसा सिंचाई कूप की 5058, अबुआ आवास की 10003, बिरसा हरित ग्राम योजना की 1500 एकड़ की बागवानी योजना में कुल 12023 मजदूरों का डिमांड चल रहा है। जिसमें एक सप्ताह पूर्ण 26550 मजदूर काम कर रहे थे। प्रतिदिन मजदूरों की संख्या में कमी आ रही है। यह कहीं न कहीं सरकार की विफलता का कारण है। जिला सचिव अभिमन्यु तिवारी ने कहा कि सरकार अपने हथकंडे से जनसेवक, पंचायत सचिव से पत्र के माध्यम से काम करना चाहती है जो संभव नहीं है। परंतु सरकार मनरेगाकर्मियों की सुध नहीं ले रही है। जब तक मनरेगा कर्मियों की मांग सरकार मान नहीं लेती है तब तक हड़ताल जारी रहेगा। मौके पर बीपीओ सुनील कुमार पासवान, अमजद आलम, आरफीन जलाल अंसारी, उमेश पाल, राजू रंजन धर दुबे, प्रेमचंद वर्मा, अजय कुमार ठाकुर, गुलजार अंसारी, निभा तिवारी, मेनका कुमारी, कनता टोप्पो, विजय कच्छप, अमृत लकड़ा, रविन्द्र राम, अनिल दास, राजेश कुमार, उमेश कुमार, दिग्विजय दुबे, देवेंद्र कुमार विश्वकर्मा, राजाराम पाण्डेय, आनंद कुमार केशरी, संतोष बैठा, पिनाकी चतुर्वेदी, वरुण मिश्र, अश्लेष तिवारी आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में बाईक सवार युवक की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत राणाडीह पंचायत के सोहगाड़ा हाई स्कूल के समीप मंगलवार की देर शाम स्विफ्ट कार जेएच 01 डीएम 1004 एवं मोटरसाइकिल जेएच 03 एएम 9415 की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार स्विफ्ट कार भंडरिया की ओर से राणाडीह की ओर जा रही थी। जबकि मोटरसाइकिल सवार युवक राणाडीह की ओर से भंडरिया की ओर जा रहा था। इसी दौरान सोहगाड़ा हाई स्कूल के समीप दोनों वाहनों में जोरदार टक्कर हो गई। जिससे मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर होने के बाद सोहगाड़ा, भंडरिया सहित आसपास के लोगों की काफी संख्या में भीड़ जुट गई। 108 एम्बुलेंस पर कल किया, लेकिन दुर्घटना के लगभग डेढ़ घंटे तक एंबुलेंस घटनास्थल पर नहीं पहुंची। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम दुर्घटना स्थल पर एसआई भावेश



घटनास्थल पर पुलिस

झा को दलबल के साथ दुर्घटना स्थल पर भेजे। उसके बाद घायल युवक पलामू जिला के हैदर नगर थाना क्षेत्र के पांति भदई गांव निवासी टीमल राम के पुत्र रंजन कुमार को टेंपो से इलाज के लिए भेजा गया।

जानकारी के अनुसार बीच रास्ते में खरसोता के पास पहुंची एंबुलेंस से घायल को गढ़वा सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां पर गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए डक्टर ने रांची रेफर किया। इसी दौरान रास्ते में ही घायल युवक रंजन कुमार की मौत हो गई। कार भंडारिया गांव निवासी पंकज पांडेय का बताया जा रहा है। पंकज पांडेय को भी मामुली चोट लगी है। ग्रामीणों ने कहा कि समय रहते अगर एम्बुलेंस मिल जाता या निजी वाहन से इलाज के लिए भेज दिया जाता तो घायल युवक का जान बच सकता था। वहीं पहुंची पुलिस के द्वारा दुर्घटना स्थल से मोटरसाइकिल को थाना ले जाया गया। दुर्घटना के संबां में पूछे जाने पर थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने बताया कि घायल युवक की मौत हो चुकी है और पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। आवेदन के आाार पर प्राथमिकी दर्ज किया जाएगा।

## एक यूनिट रक्तदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** लियो क्लब ऑफ ज्ञान गंगा के तत्वावधान में सदर अस्पताल परिसर स्थित ब्लड बैंक में एक यूनिट रक्तदान किया गया। लियो क्लब अफ गढ़वा ज्ञान गंगा के अयक्ष सह लियो जिला 322 ए के जिला सचिव मानस अग्रवाल ने एक गर्भवती महिला के लिए रक्तदान किया। मौके पर मानस ने बताया कि क्लब के पूर्व अयक्ष अनुप ठाकुर ने मुझे बताया कि एक गर्भवती महिला




रक्तदान करते मानस

को एक यूनिट रक्त की जरूरत है। मैं बिना समय गंवाए ब्लड बैंक में पहुंच कर रक्तदान किया। मौके पर पूर्व अयक्ष तेजस अग्रवाल, अनुप ठाकुर, प्रदीप कुमार, दयाशंकर ठाकुर आदि लोग उपस्थित थे।

### खबर एक नजर में

## डीडीसी ने मुखिया एवं संबंधित कर्मियों के साथ की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

**किशनगंज।** उप विकास आयुक्त स्पर्श गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को कोचाधामन प्रखंड में ग्राम पंचायत मुखिया एवं अन्य संबंधित कर्मियों के साथ एक बैठक का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, मनरेगा योजना अंतर्गत मानव दिवस सृजन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना आदि की समीक्षा हुई। उप विकास आयुक्त ने लोहिया स्वच्छ बिहार अंतर्गत व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन एवं रखरखाव से संबंधित निर्देश दिए। डीडीसी ने निर्देश दिया कि छरइ के लिए उपलब्ध कराई गई राशि से संबंधित उपयोगिता प्रमाण पत्र जल्द से जल्द जिला कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत मुखिया एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक को निर्देश दिया कि वायु और एसिड का प्रत्येक दिन सुचारू रूप से निगरानी हो। प्रखंड विकास पदाधिकारी को एलएसबी से संबंधित जो भी कार्यवाही हो रही है और जो भी समस्याएं हैं उनका त्वरित निराकरण करने को कहा गया। प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत में संचालित मनरेगा योजना के तहत मानव दिवस सृजन से संबंधित समीक्षा में डीडीसी ने पाया कि बहुत सारे ग्राम पंचायतों में कम मानव दिवस सृजित हुए हैं। ऐसे ग्राम पंचायतों को डीडीसी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए लक्ष्य के अनुरूप जुलाई माह के अंत तक शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही सभी ग्राम पंचायत मुखिया को निर्देशित किया गया कि अस्थाई परिसंपत्ति के सृजन पर विशेष ध्यान देते हुए योजना का क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करेंगे।प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यों की भी समीक्षा हुई और डीडीसी ने निर्देश दिया कि लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करना सुनिश्चित किया जाए।

## कबाड़ वाले के पास चोरी कर बेची जा रही थी स्कूल की किताबें, ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़ा

**नवादा।** जिले में मेसकौर प्रखंड स्थित बारत पंचायत के आदर्श राजकीय कृत मध्य विद्यालय बैजनाथपुर में बुधवार को सरकारी किताबों को बेचकर पार्टी मनाने की तैयारी हो रही थी । तभी ग्रामीणों ने मौके ए वारदात पर धर दबोचा । सरकारी किताबों को बेचते हुए रंगे हाथ पकड़ाने के बाद विद्यालय प्रधानाध्यापक मनोज कुमार चौधरी ने ग्रामीणों से बदसलूकी करना शुरू कर दिया। जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने पत्रकारों को फोन के माध्यम से सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पत्रकारों ने करीब चार पांच बोरा बच्चों के पढ़ने वाले किताबों को देखा। जिसके बाद सभी ने अपने अपने मोबाइल व कैमरा में तस्वीर को कैद किया। एक ओर नौनिहालों को किताबें नहीं मिल रही है , यह कहना बिल्कुल भी गलत नहीं होगा कि बगैर किताब, या फिर फटी-पुरानी जुगाड़ माध्यम से विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। प्रतिवर्ष सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों को निःशुल्क किताबें मिलती है। यह किताब बाजार में उपलब्ध नहीं है। कुछ वैसे जागरूक अभिभावक अपने बच्चों के लिए चाह कर भी किताबें नहीं खरीद सकते हैं, तो दूसरी तरफ विद्यालय के प्रधानाध्यापक चोरी चुपके किताबों को कबाड़ी वाले के पास बेचकर पार्टी मनाने में लगे रहते हैं।

### 5 लाख की कामयाब सरकारी दवाएं फेंके जाने के 131 दिन बाद भी कार्रवाई के नाम पर जीरो

# पुलिस को सहयोग नहीं कर रहा स्वास्थ्य विभाग, साध ली चिंताजनक चुप्पी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** स्वास्थ्य विभाग की चिंताजनक चुप्पी से 5 लाख की अनएक्सपायर कामयाब दवाएं फेंक दिए जाने के मामले में 130 दिनों के बाद भी अपराधियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया। जबकि इस गंभीर मामले को लेकर कांडी थाना में एफआईआर कराए जाने के बाद भी 128 दिन बीत चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग की संदेहास्पद चुप्पी के कारण पुलिस भी कार्रवाई की दिशा में एक कदम भी आगे नहीं बढ़ पा रही है। इससे साफ जाहिर होता है कि स्वास्थ्य विभाग को पता है कि किस संस्था और किन व्यक्तियों के द्वारा इस तरह का अपराधिक कुकृत्य किया गया है। उसे बचाने के लिए ही विभाग ने चुप्पी साध रखी है। मालूम हो कि 16 मार्च 2024 को प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ के निकट राजा घटहुआं की तरफ जाने वाले रास्ते के बगल के गड्ढे में बड़े पैमाने पर अनएक्सपायर दवाएं फेंकी हुई पाई गई थीं। इस बात की किसी ने सबसे पहले कांडी प्रमुख सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय को सूचना दी थी। उन्होंने मौके पर जाकर स्थिति को सही पाकर इस बात की सूचना मीडिया को दी। मीडिया ने तड़के 3:00 बजे मौके पर पहुंचकर वहां पर रुक कर विभाग एवं पुलिस को सूचना देने का प्रयास किया। मीडिया ने सबसे पहले जिला के सिविल सर्जन को फोन लगाया। बार-बार रिंग होने के बाद भी उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया। उसके बाद कांडी थाना प्रभारी को सूचित किया गया। अहले सुबह थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने मौके पर पहुंचकर दवाओं को जप्त कर थाना ले गए। बताते चलें कि काफी बड़ी मात्रा में दवाएं होने के कारण आजू-बाजू के गांव में से थाना प्रभारी ने एक ट्रैक्टर मंगवाया। ट्रैक्टर की ट्रॉली में कामयाब दवाएं लोड की गईं। जबकि पुलिस की गाड़ी में 6 बोड़ा एक्सपायर दवाएं थाना ले जाई गईं। इस बात की सूचना सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना



सीएम को ज्ञापन सौंपते समाजसेवी (फाइल फोटो)

गुप्ता को भी दी गई थी। मंत्री ने डीसी को पत्र लिखकर जांच एवं कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके बाद डीसी के निर्देश पर सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार एवं डीसीएलआर रवीश राज ने कांडी थाना पहुंचकर जप्त की गई दवाओं की जांच किया। जबकि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनीष कुमार सिंह ने कांडी थाना में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई। मामले को लेकर थाना कांड संख्या 26/24 दिनांक 18 मार्च 2024 दर्ज किया गया। उसके बाद से स्वास्थ्य विभाग ने बिल्कुल चिंताजनक चुप्पी धारण कर ली। जबकि मीडिया एवं कई समाजसेवियों के द्वारा बार-बार इस गंभीर मामले को लेकर कार्रवाई किए जाने की मांग की जाती रही। इस दिशा में किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं होते देखकर 11 जून 2024 को काफी संख्या में ग्रामीणों ने कांडी अस्पताल के निकट एक दिवसीय धरना देकर जांच एवं कार्रवाई की मांग किया। बावजूद इसके किसी के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। इसके बाद युवा समाजसेवी दृष्टि यूथ आगेनाईजेशन के प्रधान सचिव शशांक शेखर ने 26 जून 2024 को तत्कालीन मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से भेंट कर इस मामले को लेकर ज्ञापन देते हुए कार्रवाई की मांग किया। सीएम ने तत्काल निजी सचिव को बुला कर कार्रवाई के लिए लिखने का निर्देश दिया। अगले दिन 27 जून 2024 को शशांक शेखर ने झारखंड राज्य के मुख्य सचिव विनय कुमार चौबे एवं भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही से मिलकर इस आपराधिक कृत्य को लेकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। बावजूद आश्चर्य है कि 130 दिन गुजर जाने के बाद भी अभी तक इस दिशा में किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कांडी उत्तरी क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य सुषमा कुमारी के प्रतिनिधि दिनेश कुमार ने बार-बार कार्रवाई की मांग करते हुए आजीज आकर कहा कि अगले दो-चार दिनों में ही जिला में इस मामले को लेकर ग्रामीणों के साथ धरना दिया जाएगा। इस दौरान मंत्री बन्ना गुप्ता से भी बात करने का बहुत प्रयास किया। लेकिन बात नहीं हो सकी।

इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने कहा कि कुछ हफ्तों पूर्व एसी की अध्यक्षता में सीएस के साथ जांच की गई थी। इसके बाद विभाग के डायरेक्टर इन चीफ, सिविल सर्जन एवं ड्रग इंस्पेक्टर के साथ एक जांच टीम बनी है। जो शीघ्र ही मामले की जांच करेगी। एसपी दीपक पांडेय ने कहा कि बार-बार स्वास्थ्य विभाग से जानकारी मांगी जा रही है। लेकिन उनके द्वारा कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। इसी कारण कार्रवाई नहीं हो पा रही। डीसी शेखर जमुआर ने कहा कि एफआईआर होने के बाद भी कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है मैं इस मामले की जांच करता हूं।

### पेज एक का शेष

## रांची में होटल ताज का होगा निर्माण

**नरेंद्रन ने सरकार की सराहना कीः** टाटा समूह के सीइओ टीवी नरेन्द्रन ने कहा कि टाटा कई क्षेत्रों में काम कर रही है। होटल निर्माण की दिशा में सरकार की पहल की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। अत्याधुनिक सुविधा से लैश होटल ताज में 200 कमरों के साथ बैक्वेट एरिया भी होगा। यह होटल शहर के नये सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट के बीचो-बीच विधानसभा, सरकारी कार्यालयों और कॉर्पोरेट मुख्यालयों के नजदीक होगा।

## मेडिकल कॉलेज में संविदा पर शिक्षकों की होगी नियुक्ति

**अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावः** हजारीबाग के शेख भिखारी अस्पताल में खुलेगा नर्सिंग कॉलेज। मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के लाभुकों को मिलेगा परिचय पत्र। एक करोड़ लाभुकों का बनेगा परिचय पत्र। राजकीय चिकत्सा महाविद्यालयों के रख रखाव के लिए 5 करोड रुपए प्रतिवर्ष देने की मंजूरी। झारखंड राज्य समाज कल्याण सलाहकार बोर्ड के निस्तारण को मंजूरी। रांची के सरकारी भवनों से निकलने वाले वेस्ट को रिसाइकिल करने के लिए सीस को मनोनयन पर मिला काम। उद्योग विभाग को भी मिलेगा एनएलएफ योजना का लाभ। गढ़वा में बरगढ़ थाना को मंजूरी। बड़कागांव में सीकरी ओपी को मंजूरी। राज्य के सरकारी सेवकों के आवासीय भतों का पुनरीक्षण। झारखंड कारा विधेयक को मंजूरी। फरक्का ललमटिया ट्रांसमिशन लाइन का होगा पुर्नस्थापन।

स्पीड न्यूज

## एंटी पेपर लीक कानून में दस साल की सजा, एक करोड़ का जुमार्ना

**पटना।** नीट-यूजी परीक्षा समेत कई पेपर लीक के केंद्रों में से एक बिहार ने सरकारी परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने के लिए एक कड़ा विधेयक बिहार विधानसभा से बुधवार को पारित कर दिया। विधानसभा के मॉनसून सत्र में पारित विधेयक में व्यक्तियों और संगठनों दोनों के लिए परीक्षाओं में अनियमितताओं में शामिल पाए जाने पर 10 साल तक की जेल की सजा और एक करोड़ जुमार्ना का प्रावधान है।

## अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में कानून-व्यवस्था हुई बेहतर : केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद समग्र कानून-व्यवस्था की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। रोजाना होने वाली हड़ताल, पत्थरबाजी और बंद रखे जाने की घटनाएं अब अतीत की बात हो गई हैं। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त किए जाने के बाद से केंद्र शासित प्रदेश में संगठित रूप से पथराव और संगठित हड़ताल की कोई घटना नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि इस साल 15 जुलाई तक केंद्र शासित प्रदेश में 11 आतंकवादी घटनाएं हुईं। 2023 में यह आंकड़ा 46 था जबकि 2018 में 228 आतंकवादी घटनाएं हुई थीं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 10 सुरक्षाकर्मी और 14 नागरिक मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद शांति, प्रगति और समृद्धि देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों के दौरान स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, अस्पताल और अन्य सार्वजनिक संस्थान बिना किसी हड़ताल या किसी भी तरह की अन्य गड़बड़ी के बगैर कुशलतापूर्वक काम कर रहे हैं।

## कुपवाड़ा के मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर, जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में मंगलवार को शुरू हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया, जबकि सेना का एक जवान शहीद हो गया। यह जानकारी अधिकारियों ने बुधवार को दी। अधिकारियों ने बताया कि सेना का एक गैर-कमीशन अधिकारी (एनसीओ) सीमांत कुपवाड़ा के टुमखान जंगलों में चल रहे एक अभियान में गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में चिकित्सा के दौरान उसकी मौत हो गई।

## संजय दत्त-रवीना टंडन की फिल्म घुडचढ़ी का ट्रेलर रिलीज




**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो संजय दत्त और अभिनेत्री रवीना टंडन की आने वाली फिल्म 'घुड़चढ़ी' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। निधि दत्त और बिनॉय के गांधी निर्मित 'घुड़चढ़ी' एक रोमांटिक ड्रामा है, जिसमें संजय दत्त, रवीना टंडन, पार्थ समथान और खुशाली कुमार की अहम भूमिका है। 'घुड़चढ़ी' सिनेमाघरों की बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर 09 अगस्त से स्ट्रीम होगी।

## यूक्रेन, रूस के साथ बातचीत करने के लिए तैयार : विदेश मंत्री

**बीजिंग।** यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने बुधवार को कहा कि यूक्रेन, रूस के साथ बातचीत के लिए तैयार है। उन्होंने चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ बातचीत के दौरान यह बात कही। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने की कुलेबा के हवाले से कहा, यूक्रेनी पक्ष रूसी पक्ष के साथ बातचीत और समझौता करने के लिए तैयार है। बेशक, वार्ता तर्कसंगत और व्यावहारिक होनी चाहिए, जिसका उद्देश्य न्यायसंगत और स्थायी शांति प्राप्त करना हो।

# काठमांडू एयरपोर्ट पर यात्री विमान हुआ क्रैश, 18 की मौत

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में यात्रियों को लेकर जा रहा एक विमान क्रैश हुआ है। सौर्य एयरलाइंस का एक विमान बुधवार को काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान भरने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। टीआईए के प्रवक्ता प्रेमनाथ ठाकुर ने बताया है कि पोखरा जा रहे विमान में विमान चालक दल सहित 19 लोग सवार थे, जो सुबह करीब 11 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जानकारी के मुताबिक, दुर्घटनास्थल से 15 शव बरामद कर लिए गए हैं। प्लेन के कैप्टन मनीष शाक्य समेत दो लोगों को हादसे के बाद सुरक्षित बचा लिया गया। दुर्घटनास्थल पर तैनात वरिष्ठ



पुलिस अधीक्षक दंबर बीके ने बताया है कि विमान में सवार सभी 19 लोग सौर्य एयरलाइंस के ही कर्मचारी थे।

काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, राजधानी के त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर सौर्या एयरलाइंस के विमान में आग लगने से ये दुखद घटना हुई है। हवाईअड्डे के सूत्रों के अनुसार उड़ान भरने के दौरान विमान रनवे से फिसल गया, जिसके नतीजे में ये दुर्घटना हुई। ये विमान काठमांडू से पोखरा जा रहा था और इसमें कुल 19 लोग प्लेन में सवार थे।

### आसमान में छा गया धुएं का गुबार

स्थानीय सूत्रों ने बताया है कि दुर्घटना के बाद विमान में आग लग गई और धुएं का भारी गुबार आसमान में छा गया। दुर्घटना के कारण विमान में लगी आग को बुझाने के लिए अग्निशमन कर्मियों और सुरक्षा कर्मियों की एक टीम तैनात की गई है। दमकलकर्मियों और सुरक्षाकर्मियों की एक टीम स्थिति पर काबू पाने के लिए काम कर रही है।

काठमांडू घाटी पुलिस कार्यालय के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश राज मैनाली ने घटना पर जानकारी देते हुए बताया है कि हादसे के तुरंत बाद ही राहत और बचाव की टीम ने मोर्चा संभाल लिया। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्ककत के बाद 11:40 बजे तक आग पर काबू पा लिया। उन्होंने कहा कि सौर्य एयरलाइंस के विमान में लगी आग पर काबू के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है।

गृह मंत्रालय का बड़ा फैसला, आयु में भी मिलेगी बड़ी छूट

# अर्द्धसैनिक बलों में अग्निवीरों को 10 फीसदी आरक्षण

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अग्निवीरों को अर्धसैनिक बलों BSF और CISF में होने वाली भर्तियों में 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी है। पीएम मोदी के नेतृत्व और अमित शाह के मार्गदर्शन में लिए गए इस फैसले से फोर्स और मजबूत होगी। बीएसएफ महानिदेश के मुताबिक, अग्निवीरों को आयु सीमा में भी छूट दी जाएगी। बीएसएफ महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने कहा, बीएसएफ की भर्तियों में 10 फीसदी पद पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित किए गए हैं। इससे हमें तैयार सैनिक मिल जाएंगे और ट्रेनिंग के बाद इन्हें तुरंत तैनात किया जाएगा। साथ ही पूर्व अग्निवीरों को उम्र सीमा में भी छूट दी जाएगी। बीएसएफ पूर्व अग्निवीरों को शामिल करने के लिए तैयार है।



वहीं, CISF भी पूर्व अग्निवीरों को बल में शामिल करने के लिए तैयार है। CISF के महानिदेशक ने कहा, पूर्व अग्निवीरों को कांस्टेबल के पदों पर 10% आरक्षण मिलेगा और आयु और शारीरिक दक्षता परीक्षा में छूट मिलेगी। पहले बैच के पूर्व अग्निवीरों को उम्र सीमा में पांच वर्ष और दूसरे बैच को तीन साल की छूट दी जाएगी। बता दें कि, भारतीय सेवा और वायुसेना की ओर से हर साल अग्निपथ योजना के तहत चार साल के लिए युवाओं को भर्तियां अग्निवीर के तौर की जाती है।

RPF और एसएसबी में भी रियायत दी जाएगी

BSF-CISF के अलावा पूर्व अग्निवीरों को आरपीएफ और रइ में भी रियायत दी जाएगी। गृह मंत्रालय ने बताया आरपीएफ पूर्व अग्निवीरों को आयु में छूट और पीईटी से छूट के साथ बल में शामिल करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। महानिदेनशक ने कहा कि यह फैसला सुरक्ष बलों को मजबूत बनाने में बहुत मददगार साबित होगा। रइ ने भर्ती नियमों में बदलाव कर पूर्व-अग्निवीरों को बल में नियुक्ति के लिए आयु और शारीरिक दक्षता परीक्षा में छूट देने का निर्णय लिया है। वहीं एसएसबी के महानिदेशक ने कहा कि इस फैसले से लाखों पूर्व-अग्निवीरों को आजीविका और बलों को प्रशिक्षित मैनपावर मिलेगी।

# भाग्यशाली होते हैं वे लोग जिन्हें काम मिलता है : अक्षय कुमार

एजेंसी

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार का कहना है कि वे लोग भाग्यशाली होते हैं जिन्हें काम मिलता है।

अक्षय कुमार पर साल में चार फि ल्में करने के लिए बार-बार सवाल उठाए गए हैं। अक्षय ने इस आलोचना को सिर उंचा करके झेला है। अक्षय कुमार ने हाल ही में पॉडकास्ट पर काम के बारे में खुलकर बात की है। मामाअर्थ की संस्थापक गजल अलघ के साथ बातचीत के दौरान अक्षय ने कहा, मुझे बताया गया है कि मैं साल में



चार फिल्में क्यों करता हूं, और मुझे केवल एक फिल्म करनी चाहिए। यदि मैं सिर्फ एक फिल्म करता हूं, तो मुझे बाकी दिनों में क्या करना चाहिए? बहुत से लोग दूसरों से कहते हैं कि वे बहुत काम करते हैं, भाग्यशाली हैं वे लोग जिन्हें काम मिलता है। इस दौर में बहुत से लोगों को काम नहीं मिलता, वे बेरोजगार हैं, लेकिन कम से कम जिन्हें काम मिल रहा है, उन्हें काम करने दो।

अक्षय ने बताया कि कैसे उन्हें पेशेवर तौर पर धोखा दिया गया है। उन्होंने कहा यदि कोई मुझे धोखा देता है तो मैं उससे अलग हो जाता हूं। मैं चुप हो जाता हूं और एक अलग रास्ता अपना लेता हूं। मुझे पेशेवर तौर पर धोखा दिया गया है, कुछ निमार्ताओं ने मुझे पैसे नहीं दिए, यह सिफ धोखा है।

# सीएम ममता बनर्जी की टिप्पणी पर बांग्लादेश ने जताई नाराजगी, केंद्र सरकार से की शिकायत

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान पर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार ने नाराजगी जाहिर की है। बांग्लादेश ने इस मुद्दे पर भारत सरकार को एक नोट सौंपते हुए ममता के बयान को भ्रमित करने वाला बताया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्री हसन महमूद ने कहा कि ममता बनर्जी के बयान से भ्रम पैदा हुआ है। बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने ममता के बयान पर रिपोर्ट तलब की है।

ममता बनर्जी ने रविवार को

▶▶ **बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने ममता के बयान पर रिपोर्ट तलब की**



धर्मतला में आयोजित 21 जुलाई की सभा में कहा था कि अगर बांग्लादेश से कोई पश्चिम बंगाल की सीमा पर आता है, तो वे उन्हें वापस नहीं भेजेंगी। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बांग्लादेश एक स्वतंत्र देश है और इस पर अधिक टिप्पणी करने का अधिकार भारत सरकार को है। ममता के इस बयान के बाद से विपक्ष ने उन पर तीखा हमला बोला है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने सोमवार को ममता पर अवैध प्रवासियों को वैधता देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस तरह के मामलों में निर्णय लेने का अधिकार केवल भारत सरकार के पास है। इसके साथ ही उन्होंने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का भी उल्लेख किया। तृणमूल कांग्रेस के नेता कुणाल घोष ने रविशंकर प्रसाद के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ममता बनर्जी ने केवल मानवता के आधार पर और संयुक्त राष्ट्र के नियमों का हवाला दिया था।

बांग्लादेश सरकार ने ममता के बयान पर आपत्ति जताई है। बांग्लादेश में हाल ही में छात्र आंदोलन के कारण उथल-पुथल मची हुई है और सरकार ने इस आंदोलन को सख्ती से दबाने की कोशिश की है। हालात को काबू में करने के लिए ढाका में कर्फ्यू लगाया गया और सेना तैनात की गई।

# किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया गया है : सीतारमण

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट आवंटन में राज्यों के साथ भेदभाव किये जाने के विपक्ष विशेषकर कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुये बुधवार को कहा कि इसमें किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया गया है और बजट भाषण में सभी राज्यों का नाम नहीं लिया जाता है, लेकिन बजट दस्तावेजों में सभी राज्यों के आवंटन का उल्लेख होता है।

श्रीमती सीतारमण ने संवाददाताओं से अनौपचारिक चर्चा में इस संबंध में पूछे जाने पर कांग्रेस को चुनौती देते हुये कहा कि देश में सबसे अधिक बजट पेश करने वाली पार्टी अपने पूर्ववर्ती वित्त मंत्रियों के बजट भाषण को पढ़कर देखे कि क्या उसमें सभी राज्यों के नाम का उल्लेख किया गया है। उन्होंने कांग्रेस पर बजट को लेकर लोगों में भ्रम फैलाने और गलत जानकारी देने का आरोप लगाते हुये कहा कि बजट को लेकर राज्यसभा में सदन के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने जो आज किया है वह उनके लंबे राजनीतिक जीवन को देखते हुये उचित नहीं है।

उन्होंने कहा कि बजट भाषण में नाम का उल्लेख हो या नहीं हो,



लेकिन बजट दस्तावेज में राज्यवार आवंटन का उल्लेख होता ही है। उन्होंने कहा कि बजट दस्तावेज में एक-एक रुपया का हिसाब होता है और कहां से आया तथा कहां गया का विस्तार से जिक्र होता है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के लिए अभी डेढ़ महीने पहले ही प्रधानमंत्री ने 26 हजार करोड़ की परियोजनाओं की शुरूआत की है जिससे करीब चार लाख रोजगार सृजित होने का अनुमान है।

वित्त मंत्री ने कहा कि केन्द्र प्रायोजित सभी परियोजनायें सभी राज्यों के लिए होती है। इसके आवंटन का लाभ सभी राज्यों को मिलता है और यह राज्यों पर निर्भर करता है कि वह अपने हिस्से का कितना उपयोग कर पाता है। बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष आवंटन के बारे पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश की कोलावरम परियोजना राष्ट्रीय परियोजना है और इसके लिए बहु स्तरीय माध्यम से धनराशि जुटाने की बात कही गयी है। केन्द्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर यह राशि जुटायेगी। इसी तरह से बिहार के लिए कई परियोजनाओं की घोषणायें की गयी है और उसके लिए भी इसी तरह से धनराशि जुटायी जायेगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की परियोजनाओं में पूर्वोत्तर में राज्य की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत और केन्द्र की हिस्सेदारी 90 प्रतिशत होती है जबकि शेष राज्यों में यह 60 और 40 प्रतिशत हिस्सेदारी में होता है।

उन्होंने कहा कि रघुराम राजन समिति और वित्त आयोग ने कांग्रेस के कार्यकाल में ही राज्यों को विशेष दर्जा नहीं देने की सिफारिश की थी और अब किसी भी राज्य को यह दर्जा नहीं दिया जा सकता है। जिन राज्यों को जरूरत है उनकी परियोजनाओं के लिए आवंटन किया जाता है।

बजट की घोषणाओं के विरोध में कांग्रेस के कुछ मुख्यमंत्रियों के प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं होने की घोषणा के बारे पूछे जाने पर श्रीमती सीतारमण ने कहा कि इससे संबंधित राज्य को नुकसान होगा क्योंकि बैठक में मुख्यमंत्री अपने राज्य के लिए प्रधानमंत्री के समक्ष मांग रखते हैं और उनकी मांग पर गौर किया जाता है। कुछ मुख्यमंत्रियों द्वारा बजट के विरोध में दिये गये बयान पर उन्होंने कहा कि सभी को बजट को पढ़कर अपना रूख व्यक्त करना चाहिए। बगैर पढ़े किसी को सही जानकारी नहीं मिल सकती है।

कांग्रेस द्वारा बजट को नकलची बताये जाने पर उन्होंने कहा कि 2012 में श्री प्रणव मुखर्जी ने वित्त मंत्री के तौर पर एंजेल कर का प्रावधान किये थे जिसे अब उन्होंने समाप्त करने का प्रावधान किया है। इसके साथ ही नये कर्मचारियों की भर्ती से जुड़ी प्रोत्साहन योजना मोदी सरकार से गहरायी से जुड़ी हुयी है क्योंकि वर्ष 2014 से अब तक सभी कैबिनेट नोट के अंत में यह साफ-साफ लिखा हुआ है कि उस दिन के निर्णयों से रोजगार सृजन पर क्या प्रभाव होगा।

# कुर्सी बचाने, मित्रों पर लुटाने वाला बजट : कांग्रेस

हमारे घोषणा पत्र के पांच और वादों को भी शामिल करे सरकार: चिदम्बरम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सदन में पेश केंद्रीय बजट पर संसद में चर्चा के दौरान कांग्रेस ने बुधवार को इसे कुर्सी बचाने के लिए मित्रों पर मेहरबान बजट करार दिया। कांग्रेस ने उसके चुनाव घोषणा पत्र की कुछ योजनाओं को आम बजट में शामिल किये जाने पर खुशी जाहिर की। साथ ही उसके (कांग्रेस) घोषणा पत्र में शामिल मनरेगाा में न्यूनतम मजदूरी को बढाने, फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी, अग्निपथ योजना तथा नीट परीक्षा की व्यवस्था को समाप्त करने के वादों को भी पूरा करने का अनुरोध किया है। वहीं ने कहा कि पीएम मोदी ने देश के बजट का आकार चार गुना कर दिया है और देश के सर्वांगीण विकास की रफ्तार बढ़ा दी है।

**राज्यसभा में चिदंबरम :** पूर्व केन्द्रीय वित्त मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदम्बरम ने आम बजट पर राज्यसभा में चर्चा की शुरूआत करते हुए कहा कि यह खुशी की बात है कि वित्त मंत्री ने कांग्रेस का घोषणा पत्र पढा और उसमें कही गयी कुछ बातों को वहां से उठाकर बजट में शामिल किया। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है और कांग्रेस की मांग है कि सरकार उसके घोषणा पत्र में किये गये वादे के अनुसार मनरेगा में न्यूनतम मजदूरी को प्रतिदिन 400 रुपए करने , फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देने, सेना में जवानों की भर्ती की अग्निपथ योजना को पूरी तरह रद्द करने और मेडिकल कालेजों में प्रवेश के लिए नीट परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त कर उसे राज्यों के लिए एच्छिक बनाने की मांग को भी लागू करे।

उन्होंने कहा कि इस समय देश के समक्ष बेरोजगारी सबसे बड़ी चुनौती हैं और गत जून में बेरोजगारी की दर 9.2 प्रतिशत पहुंच गयी। सरकार ने युवाओं को रोजगार देने के लिए रोजगार प्रोत्साहन योजना (ईएलआई) लागू करने की बात कही है लेकिन पहले उसे यह बताना चाहिए कि उत्पादन प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) का परिणाम क्या रहा और उससे कितने रोजगार बढे। उन्होंने पूछा कि ईएलआई से कितने रोजगार के अवसर बढेंगे इस बारे में कुछ नहीं कहा गया है और इसके लिए केवल पांच सौ कंपनियों को चुना गया है जिससे यह विश्वास नहीं बढाती दिखती। उन्होंने कहा कि यह योजना रोचक है लेकिन इसके परिणाम क्या होंगे तभी पता चलेगा।

कांग्रेस नेता ने कहा कि यह बड़ी अजीब बात है कि देश में महंगाई आसमान छू रही है और वित्त मंत्री ने इस विषय को बजट में केवल दस शब्दों में खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री का यह रूख घाव पर नमक छिड़कने जैसा है और सरकार महंगाई की समस्या को गंभीरता से नहीं ले रही। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार ने आर्थिक सर्वेक्षण में कहा है कि भारत में महंगाई की दर कम है और यह चार प्रतिशत के लक्ष्य की ओर बढ रही है। यदि यह बात सही है तो बैंक दर पिछले 13 महीनों से 6.5 प्रतिशत पर क्यों अटकी पड़ी है। आप कह रहे हैं कि वृद्धि दर पिछले वर्ष 8.5 प्रतिशत रही और इस वर्ष करीब 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है तो सरकार यह बताये कि लोगों को

भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोग्ब ने गुजरात दौरे को बताया यादगार, कहा

# दोनों देशों के बीच दोस्ती का संबंध अधिक मजबूत होगा

**गांधी नगर।** भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोग्बे और भूटान के राजा जिग्मे खेसर नमग्याल वांगचुग की तीन दिवसीय गुजरात यात्रा संपन्न हो गई है। अपनी यात्रा के आखिरी दिन भूटान के दोनों नेताओं ने कहा कि इस दौरे से भूटान और भारत के बीच दोस्ती का बंधन और भी अधिक मजबूत होगा।



### भूटान के पीएम और राजा ने गिफ्ट सिटी का दौरा किया

अपनी यात्रा के आखिरी दिन भूटान के पीएम और राजा ने गांधीनगर के पास गिफ्ट सिटी का दौरा किया। आपको बता दें कि गिफ्ट सिटी गुजरात का पहली साइबर सिटी है। इसकी साथ यह शहर आने वाले समय में वैश्विक स्तर का आर्थिक और सूचना प्रौद्योगिकी का कैंद्र होने जा रहा है। गांधीनगर से नेपाल जाने से पहले भूटान के पीएम तोग्बे ने अपनी यात्रा का अनभव साझा किया। तोग्बे ने कहा, ह्यआज हमने गिफ्ट सिटी का दौरा किया। इस स्मार्ट सिटी ने कम समय में जिन उपलब्धियों का हासिल किया है, उससे हम अत्यधिक प्रभावित हैं। हमारा यह दौरा भारत और भूटान के बीच दोस्ती के संबंध को और भी अधिक मजबूत करेगा। अपने राजा की ओर से मैं गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल का धन्यवाद देना चाहता हूं।

### भूटान से आए मेहमान अत्यधिक प्रभावित हुए- गुजरात सरकार

उधर, गुजरात सरकार ने भी एक आधिकारिक बयान में कहा है कि राज्य की विश्व स्तर की अवसरंचना को देखकर भूटान से आए मेहमान अत्यधिक प्रभावित हुए। खासतौर पर जिला शीतलन प्रणाली और उपयोगी सुरंग को देखकर वे अत्यधिक प्रभावित हुए। भूटान के पीएम तोग्बे ने कहा, हमने 22 जुलाई को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का भ्रमण किया। मैं कहना चाहता हूं कि सरदार वल्लभ भाई की विशाल प्रतिमा को देखकर हम अत्यधिक प्रभावित हुए। इस तरह से हमने भारत को लेकर प्रधानमंत्री मोदी के स्वप्न को भी महसूस किया।

### भूटान के प्रतिनिधिमंडल ने मुंद्रा और खावड़ा का भी दौरा किया

इससे पहले मंगलवार को भूटान से आए प्रतिनिधिमंडल ने अदाणी समूह के मुंद्रा और खावड़ा स्थित बुनियादी ढांचा परियोजना का भी भ्रमण किया। अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि अदाणी समूह मुंद्रा में भारत के सबसे बड़े वाणिज्यिक बंदरगाह का संचालन करता है। इसके अलावा यह भी बताया गया कि अदाणी समूह द्वारा खावड़ा में दुनिया का सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा पार्क विकसित किया जा रहा है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !